सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
17.03.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 241



12 भोजपुरी अवार्ड में छा गये गोविंदा और जैकलिन

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Bank Education Loan Facility. •Scholarship upto 1 Crore. •Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives. •Thrust on Research & Development. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442553
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## गतिरोध खत्म : आज से प्रिंटेड टी-शर्ट पहन कर नहीं आयेंगे भाजपा सदस्य

# नियोजन नीति पर सीएम सदन में जवाब देंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो की पहल पर गुरुवार को सीएम हेमंत सोरेन की मौजूदगी में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक हुई। बैठक में सदन में जारी गतिरोध समाप्त करने पर सहमति बनी। बैठक में तय किया गया कि विपक्षी विधायक शुक्रवार से प्रिंटेड टी-शर्ट पहन कर सदन में नहीं आयेंगे। वही, नियोजन नीति पर चलते सत्र में सीएम अपना वक्तव्य देंगे। कार्य मंत्रणा की बैठक में सत्ता और विपक्ष के कई सदस्य शामिल थे। बैठक में मान लिया गया कि सदन के अंदर 60-40 नाय चालतो और 1932 खतियान का क्या हुआ से संबंधित लिखा हुआ टी-शर्ट भाजपा विधायक उतार देंगे। हालांकि, स्पीकर ने आज ही दूसरे सेशन में प्रिंटेड टी-शर्ट उतारने का निवेदन किया, लेकिन कई विधायक केवल वही टी-शर्ट पहन कर आये थे। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि शुक्रवार से यह दृश्य देखने को नहीं मिलेगा।

**कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में बनी सहमति**



**सत्र अब 23 तक ही**
झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 मार्च तक निर्धारित था, लेकिन अब 23 मार्च को ही हो जायेगा संपन्न। 24 मार्च को सरहुल को ले कर सरकारी छुट्टी रहेगी।

### जल्द शुरू होंगी नियुक्तियां : आलमगीर आलम



संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने विधानसभा में कहा है कि नियुक्ति नियमावली कैबिनेट से पारित हो चुकी है और बहुत जल्द नियुक्तियां शुरू होंगी। दरअसल, विधायक लंबोदर महतो के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति को सर्वसम्मति से विधानसभा से पारित कराकर राज्यपाल के माध्यम से भारत सरकार को भेजा गया है। भारत सरकार इसपर क्या निर्णय लेती है। इसका हमलोग इंतजार नहीं कर सकते हैं, क्योंकि इससे समय निकल जायेगा। इस बात को ध्यान में रखकर सरकार ने कैबिनेट से नई नियुक्ति नियमावली पारित करा ली है। विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए अलग अलग नियमावली बनाई गई है। विभागों से रिक्तियां भी मांगी जा रही है। बहुत विभागों से रिक्तियों की सूची भी आई है। सरकार बहुत जल्द नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने जा रही है।

### वोकल माइनॉरिटी साइलेंट मेजोरिटी पर हावी : सरफराज



हंगामें के बीच झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि चार दिनों से विपक्ष के द्वारा सदन में जो आचरण किया जा रहा है, वो देखा नहीं जा रहा है। यह अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि वोकल माइनॉरिटी साइलेंट मेजोरिटी पर हावी है। इसपर करवाई होनी चाहिए।

**राम का तीर-धनुष किसके पास पर बहस**

द्वितीय पाली में भगवान राम का तीर धनुष किसके पास है, इस पर जोरदार बहस हुई। झामुमो विधायक मंगल कालिन्दी ने कहा कि भाजपा के लोग झूठे ही राम का नाम लेते रहते है, इन्हें राम का नाम लेने का हक नहीं है। असली राम भक्त हमलोगो के पास है। क्योंकि भगवान राम का तीर धुनष हमारे पास है। इनलोगो का काम राम-राम जपना, पराया माल अपना की नीति है। इस पर भाजपा विधायक भानु ओर सीपी सिंह ने विरोध किया और कहा कि राम का असली तीर धनुष उनके पास है। झामुमो के पास रावण का तीर धनुष है।

## न्यूज डायरी

### झारनियोजन पोर्टल का सीएम आज करेंगे शुभारंभ

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार को झारनियोजन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा बनाये गये पोर्टल के माध्यम से सरकार नियोक्ता एवं रोजगार ढूंढ रहे अभ्यर्थियों को एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। इस पोर्टल पर नियोक्ता अपने व्यवसाय एवं उससे संबंधित मानव बल के बारे में जानकारी साझा कर सकते हैं। वहीं, रोजगार के लिए इच्छुक अभ्यर्थी खुद को रजिस्टर कर अपना आवेदन भी भर सकेंगे।

### सिंगराय टूटी को मुख्य अभियंता का प्रभार

**रांची।** पथ निर्माण विभाग से सेवा मिलने तक कार्य हित में मुख्य अभियंता जेएस आरआरडीए सिंगराय टूटी को अपने कार्यों के साथ ग्रामीण कार्य विभाग का मुख्य अभियंता का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। वीरेंद्र राम के निलंबन के बाद से 15 दिनों से यह पद रिक्त था। बुधवार को ही सुरेंद्र कुमार की सेवा मुख्य अभियंते के लिए सौंपी गयी है।

### 25 को सीबीआइ के सामने पेश होंगे तेजस्वी

**पटना।** लैंड फॉर जॉब मामले में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। तेजस्वी यादव को अब हर हाल में 25 को सीबीआई कोर्ट में पेश होना होगा। शनिवार की सुबह तेजस्वी पेश होंगे।

### पूजा सिंघल की याचिका पर 23 मार्च को सुनवाई

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन पर गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस की गई। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि निर्धारित की है।

### 7500 घूस लेते पर्यवेक्षक को एसीबी ने दबोचा

**चतरा।** ईटखोरी बाल विकास परियोजना कार्यालय की महिला पर्यवेक्षक उर्मिला कुमा को एसीबी ने 7,500 रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पत्थलगड़ा प्रखंड की कुब्बा आंगनबाड़ी सेविका मीना बाला और मरंगा आंगनबाड़ी सेविका बबीता देवी की संयुक्त शिकायत पर गुरुवार को एसीबी ने यह कार्रवाई की। इन दोनों आंगनवाड़ी सेविकाओं ने पोषाहार राशि का वाउचर जमा करने के नाम पर घूस मांगे जाने की शिकायत की थी।

### चार की हत्या में आरपीएफ जवान को फांसी की सजा

**रामगढ़।** एडीजे वन शेषनाथ सिंह की अदालत ने गुरुवार को धारा 302 के तहत एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या के मामले में आरपीएफ जवान पवन कुमार सिंह को फांसी की सजा सुनायी। लोक अभियोजक आरबी राय ने बताया कि धारा 307 में 10 साल की सजा, 10 हजार रुपए जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त एक साल की सजा, 27 आर्म्स एक्ट के तहत 7 साल की सजा, 10 हजार का जुमार्ना, नहीं देने पर अतिरिक्त एक साल की सजा सुनायी है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

# सेना का चीता हेलीकॉप्टर क्रैश, दो पायलट शहीद

## अरुणाचल में चीन बॉर्डर के पास मिला मलबा

**एजेंसी**

**तेजपुर।** अरुणाचल प्रदेश में बोमडिला के पश्चिम में मांडला के पास बृहस्पतिवार सुबह सेना का एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में दोनों पायलट शहीद हो गये। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि हेलीकॉप्टर हादसे में जिन दोनों पायलटों की मौत हुई है उनकी पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल वीवीबी रेड्डी और मेजर ए जयंत के तौर पर की गयी है। जानकारी के अनुसार हेलिकॉप्टर में सवार दोनों पायलटों के शव बरामद हो चुके हैं। हादसे के शिकार हेलिकॉप्टर का मलबा चीन बॉर्डर के पास मिला था।



**साढ़े 12 बजे हेलीकॉप्टर को जलते देखा गया**

विशेष जांच शाखा के पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि दिरांग में ग्रामीणों ने करीब साढ़े 12 बजे दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर को जलते हुए देखा। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को सूचना दी। लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि इस हेलीकॉप्टर का सुबह करीब सवा नौ बजे हवाई यातायात नियंत्रण से संपर्क टूट गया जो परिचालन उड़ान पर था।
(शेष पेज 11 पर देखें)

# तेज आंधी-पानी से तबाही, कई पेड़-पोल गिरे

## बिजली-पानी ठप, धुर्वा में वज्रपात से एक की मौत, दो घायल

➲ कई वाहन क्षतिग्रस्त
राज्य के कई जिलों में भारी तबाही

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के कई इलाकों में गुरुवार को दोपहर बाद अचानक आयी तेज आंधी-पानी ने जमकर तबाही मचायी है। रांची में कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे गिर जाने की वजह से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गये हैं।

इसके अलावा तेज आंधी की वजह से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित प्रभावित हुई है। लोगों को इससे पानी संकट का भी सामना करना पड़ा। गरज के साथ झमाझम बारिश के दौरान वज्रपात से धुर्वा इलाके रितिका मुंडा (13) नामक एक लड़की की मौत हो गयी। दो लोग घायल हो गये। घायलों को पारस अस्पताल में इलाज चल रहा है। रांची के डोरंडा, मोराबादी, रातू सहित कई दूसरे इलाकों में भी तेज आंधी की वजह से पेड़ गिरे हैं. तेज आंधी की वजह से अधिकांश इलाकों में बिजली भी कट गयी।



### 17 और 18 को भी ओलावृष्टि के आसार



मौसम विभाग की मानें तो राज्य में आने वाले पूरे हफ्ते मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। राज्य के उत्तर पूर्वी एवं मध्य भाग (देवघर, धनबाद, गिरीडीह, दुमका जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़) में 17 और 18 मार्च को ओलावृष्टि हो सकती है। इस मौसम को देखते हो मौसम विभाग ने कुछ इलाकों में यलो और कुछ जगहों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बारिश के कारण रांची, जमशेदपुर, धनबाद समेत राज्य के तमाम इलाकों में तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की कमी आयी है। रांची के ग्रामीण इलाकों में कई जगह वर्जपात भी हुआ है जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं। 18 और 19 मार्च को भी राज्य के कई जिलों में मेघ गर्जन और बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में अभी बादलों का समूह बंगाल की ओर से आ रहे हैं, जिसकी वजह से कुछ कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना है। 19 मार्च तक राज्य में आसमान बादल छाए रहेंगे, इस दौरान मेघगर्जन, वज्रपात, ओलावृष्टि और तेज हवा चलते रहने की संभावना है।




### विराट हिंदू धर्मसभा में बोले शंकराचार्य

## क्षेत्र को खुद समृद्ध करें

**रांची।** गोवर्धनमठ पुरी के पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने समस्त सनातनियों को संदेश दिया कि प्रत्येक परिवार के सदस्य कम से कम एक घंटा अपने क्षेत्र के मठ व मंदिरों में व्यतीत करे। साथ ही एक रुपए प्रतिदिन अपने क्षेत्र के उद्धार के लिए दान करे। उन्होंने कहा कि केवल नेताओं के ऊपर आम जनमानस को अपनी समस्याएं नहीं छोड़नी चाहिए। स्वयं अपने क्षेत्र को समृद्ध बनाने का प्रयास करना चाहिए। वह हरमू मैदान में आयोजित विराट हिन्दू राष्ट्र धर्मसभा कार्यक्रम में आम जनता को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व अपने चार दिवसीय रांची प्रवास के तहत गुरुवार को यहां पहुंचे। यहां पहुंचते ही उनका झारखंड के पारंपरिक तरीके से मांदर-नगाड़ा, पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। (शेष पेज 11 पर देखें)

## फिर बढ़ने लगा कोरोना, केंद्र ने जारी की एडवाइजरी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश के कुछ हिस्सों में में पिछले कुछ दिनों कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। इसको लेकर केंद्र सरकार अलर्ट हो गई है। स्वाथ्य मंत्रालय के सचिव ने राज्यों को पत्र लिख कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए उपाय करने को कहा है। कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा से लेकर गुजरात तक से लोगों की मौत की खबरें सामने आने लगीं। पिछले दो सप्ताह के दौरान देश के कुछ हिस्सों में कोरोना के मामलों में फिर से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से इस संबंध में राज्यों को एडवाइजरी जारी की गयी है।

**कोरोना क्यों दे रहा टेंशन**

देश के कुछ हिस्सों में पिछले दो सप्ताह में कोरोना के मामले फिर बढ़ रहे हैं। 8 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में कोरोना के पॉजिटिव मामलों की संख्या 2082 रिकॉर्ड की गयी वहीं, 15 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में कोरोना पॉजिटिव केसों की संख्या बढ़कर 3264 तक पहुंच गयी।

**एडवाइजरी में क्या-क्या कहा**

ऐसे में केंद्र की तरफ से राज्यों को उन जिलों और सब जिलों में निगरानी बढ़ाने को कहा है। राज्यों में गाइडलाइन्स के अनुसार पर्याप्त और प्रोएक्टिव टेस्टिंग करने को कहा है। इसके साथ ही कोरोना के नए मामले जिन कलस्टर से आ रहे हैं, उनकी मॉनिटरिंग करने को कहा गया है। केंद्र की एडवाइजरी में राज्यों से सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के जरिए इंफ्लूएंजा जैसी बीमारियों पर निगरानी करने को भी कहा है। इसके साथ ही भीड़भाड़ वाली जगहों को पर कोविड अनुरूप व्यवहार करने को कहा गया है। एडवाइजी में एक बार फिर से टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट और वैक्सीनेशन पर फोकस होना चाहिए।

# सदन में भिड़े, बाहर आकर गले मिले इरफान और रणधीर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा में गुरुवार को एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला। सदन शुरू होने से पहले जामताड़ा के कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी और सारठ से भाजपा विधायक रणधीर सिंह ने जमकर एकदूसरे के खिलाप जम कर बयानबाजी की। इसके ठीक तीन घंटे बाद दोनों गलबहियां करते नजर आये। सुबह में रणधीर सिंह ने जहां इरफान अंसारी को झोलाछाप डॉक्टर कहते हुए उनकी डिग्री को फर्जी बताया और उनके खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की। वहीं इरफान अंसारी ने रणधीर सिंह को पागल करार देते हुए कहा कि वे उनका इलाज कर देंगे। हालांकि भोजनावकाश में दोनों एक साथ विधानसभा के मुख्य द्वार पर आये और गले मिलते हुए कहा कि होली का माहौल था, इसलिए ऐसा कहा। इसे अन्यथा नहीं लेना चाहिए और एक दूसरे के तारीफ में कसीदे पढ़े।

भाजपा विधायक रणधीर सिंह द्वारा विधायक इरफान अंसारी पर आपत्तिजनक टिप्पणी किये जाने से नाराज इरफान ने रणधीर सिंह पर निशाना साधा। इरफान अंसारी ने रणधीर सिंह को पागल बताते हुए कहा कि साल में दो बार रणधीर सिंह पागल हो जाते हैं, इन्हें हम फोरामिन देकर उनका इलाज करते हैं। यही वजह है कि इस तरह का अनर्गल बयान देते रहते हैं।
(शेष पेज 11 पर देखें)



### जल संसाधन विभाग की 4,372 करोड़ की अनुदान मांग पारित



गुरुवार को सदन में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जल संसाधन विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान कहा कि कि जल जीवन मिशन अगस्त 2019 में शुरू हुआ था। उस वक्त भाजपानीत रघुवर दास की सरकार थी। उस सरकार ने महज 6 प्रतिशत से भी कम घर तक पानी पहुंचाया। जबकि, बिहार इस मिशन में इसलिए सफल रहा क्योंकि वहां बहुत पहले से ही इस तरह की योजना चल रही थी। यह काम पूर्ववर्ती सरकार को करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि 2 साल कोविड के बावजूद 19 लाख 46 हजार घरों तक नल से जल पहुंचाया जा चुका है। यह कुल लक्ष्य का 32.45 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इस साल 2024 तक टारगेट पूरा करने की पूरी कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत राज्य के 61 लाख 18 हजार घरों को गृह जल संयोजन से जोड़ना है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 4,372 करोड़ की अनुदान मांग स्वीकृत की गयी।

### राहुल गांधी बोले- अडाणी मुद्दे पर डरे हैं पीएम मोदी

# मैं सदन में सफाई देने को तैयार, पर वे बोलने नहीं देंगे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लंदन में दिये अपने भाषण को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को सफाई दी है। एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल ने कहा, मेरे भाषण में ऐसी कोई चीज नहीं थी जो मैंने पब्लिक रिकॉर्ड से नहीं निकाली। सब कुछ यहां-वहां से जुटाया था। यह पूरा मामला डिस्ट्रैक्ट करने का है। दरअसल, पीएम, अडाणी के मुद्दे से डरे हुए हैं। वे बताये कि अडाणी से उनका क्या रिश्ता है। साथ ही कहा कि लंदन में दिये गये भाषण के मुद्दे पर संसद में विस्तार से जवाब दूंगा। मैं सांसद हूं और संसद मेरा मंच है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से गुरुवार को मुलाकात की। उन्होंने लंदन के बयान पर अपना पक्ष संसद में रखने के लिए वक्त मांगा।

राहुल ने कहा कि मुझे अगर संसद में बोलने का मौका मिलता है तो वहां मैं डिटेल में इस विषय पर अपनी बात रखूंगा। हालांकि लगता है कि वे मुझे पार्लियामेंट हाउस में बोलने नहीं देंगे, क्योंकि मेरा बोलना भाजपा को पसंद नहीं है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, धनबाद

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–20/2022–23**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, धनबाद
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक– 23.03.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक– 24.03.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा खोलनेकीतिथि एवं समय :– दिनांक– 24.03.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.–1, धनबाद/अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.–1, धनबाद
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.–1, धनबाद
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Outsourcing for supplying vehicles (trekker or Pickup vehicles) and labours, tools & plants etc. for repair and maintenance of departmental drilled tube wells in different block in Dhanbad district under D.W. & S. Division no.1, Dhanbad | | | | | | |
| (i) | RM to DT Govindpur | 575 अदद | RM-01 | 4.1108 | 0.09 | 750.00 | 08 माह |
| (ii) | RM to DT Egyarkund | 275 अदद | RM-02 | 1.95658 | 0.04 | 500.00 | 08 माह |
| (iii) | RM to DT Nirsa | 391 अदद | RM-03 | 2.7906 | 0.06 | 750.00 | 08 माह |
| (iv) | RM to DT Kaliasol | 275 अदद | RM-04 | 1.95658 | 0.04 | 500.00 | 08 माह |

निविदा की शर्तें विभागीय वेबसाईट www.daa.jharkhand.gov.in एवं इस कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। इच्छुक एजेंसी परिमाण विपत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.1, धनबाद के पदनाम से भुगतेय होगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, धनबाद।

PR 292770 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)



## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–98
(NH 98 कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 98) (कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–98 अन्तर्गत मौजा–ढाबकला थाना–हरिहरगंज, थाना नं0–139
पत्रांक 161 (L)/भू0अ0 दिनांक 11.03.2023

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | ढाबकला | 91 | 251 | गै0म0 | मकान | 0.0000 | 1 | सुरेश भुईया पिता स्व0 भोला भुईया | |
| 2 | | 14 | 324/2 | रैयती | मकान | 0.0000 | 2 | श्रवण विश्वकर्मा पिता स्व0 रामगुलाम विश्वकर्मा | |
| 3 | | 35 | 686 | रैयती | मकान | 0.0000 | 3 | अर्जुन प्रसाद मेहता पिता स्व0 बउल महतो | |
| 4 | | 17 | 408 | रैयती | मकान | 0.0000 | 4 | बालकिशुन चौधरी पिता स्व0 डोमन चौधरी | |
| 5 | | 23 | 661 | रैयती | मकान | 0.0000 | 5 | जितेन्द्र मेहता पिता स्व0 दरोगा मेहता | |
| 6 | | 52 | 144 | रैयती | मकान | 0.0000 | 6 | राजेन्द्र मेहता पिता स्व0 सरयु मेहता | |
| | | | | | कुल | 0.0000 | | | |

कानुनगो जिला भू–अर्जन, कार्यालय पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 292744 Palamu (22-23)D



## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–98
(NH 98 कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 98) (कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–98 अन्तर्गत मौजा–कउवल, थाना–छत्तरपुर, थाना नं0–205
पत्रांक 161 (B) /भू0अ0 दिनांक 11.03.2023

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | कउवल | 18/9 | 1206/3/ 65 | रैयती | मकान | 0.0000 | 1 | राजकुमार प्रजापति पिता जतन प्रजापति | |
| 2 | | 18/9 | 55/5/31,32 | रैयती | मकान | 0.0000 | 2 | उपेन्द्र मिस्त्री पिता विन्देश्वरी मिस्त्री | |
| 3 | | 18/9 | 1259/2/ 65 | रैयती | मकान | 0.0000 | 4 | सुकनी कुंवर पति स्व0 श्यामदेव राम | |
| 4 | | 18/9 | 1260/7/ 65 | रैयती | ईट का चाहर दिवारी | 0.0000 | 5 | रीता देवी पति विजय प्रजापति | |
| 5 | | 18/9 | 1206/2/ 65 | रैयती | ईट का चाहर दिवारी | 0.0000 | 6 | राजपति देवी पति गणेश यादव | |
| 6 | | 18/14 | 1260/6/ 65 | रैयती | मकान | 0.0000 | 7 | लिलावती देवी पति कामाख्या विश्वकर्मा | |
| 7 | | 79/26 | 474/598 | रैयती | मकान | 0.0000 | 8 | जनेश्वर यादव पिता स्व0 पूरन यादव | |
| 8 | | 123/30 | 730/1/ 549 | रैयती | पक्का कुआ एक | 0.0000 | 9 | रमेश प्रसाद यादव पिता स्व0 झीड़ी यादव | |
| 9 | | 18/9 | 1258/65 | रैयती | पक्का कुआ एक | 0.0000 | 10 | गणेश यादव पिता स्व0 चौठी यादव | |
| | | | | | कुल | 0.0000 | | | |

कानुनगो जिला भू–अर्जन, कार्यालय पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 292730 (Palamu) 22-23 (D)



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**-: संवेदक के निबंधन हेतु सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, चतरा के अन्तर्गत निविदा के माध्यम से कार्यान्वित होने वाली सभी योजनाओं में निविदा देने के लिए विभिन्न श्रेणियों में निबंधन हेतु संवेदकों से विहित प्रपत्र (परिशिष्ट–'क') में आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क 500/– (पांच सौ) रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक (जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा) के पदनाम से निर्गत एवं चतरा में भुगतेय हो) जमा कर जिला परिषद, चतरा कार्यालय से **दिनांक 15.03.2023 से 31.03.2023 तक** किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

वांछित प्रमाण पत्रों की सूची :

1. परिशिष्ट 'क' में आवेदन पत्र।
2. पैन कार्ड की राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति।
3. जी0एस0टी0 की राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति।
4. आवेदन पत्र में अंकित पता का साक्ष्य (Address Proof)
5. आवेदन पत्र में चिपकायी गई हाल की ली गई रंगीन फोटो की स्वप्रमाणित प्रति।
6. निबंधन शुल्क के लिए किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के पदनाम से निर्गत एवं चतरा में भुगतेय होगा।
7. यदि पावर ऑफ एटॉनी है, तो इसकी अभिप्रमाणित प्रति।
8. शपथ पत्र, जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि पूर्व में उन्हें किसी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गय हो।
9. हाल में ली गयी पासपोर्ट साईज की रंगीन फोटो की तीन अतिरिक्त प्रतियां।
10. निबंधन के लिए विहित प्रपत्र में भरा हुआ आवेदन पत्र जिला परिषद चतरा के कार्यालय में **दिनांक :– 01.04.2023** को कार्यालय कार्य अवधी में जमा किया जा सकेगा।
11. संवेदकों को जिला परिषद के अन्तर्गत समस्त निर्माण कार्य/मरम्मति/सुधार/अनुरक्षण आदि कार्यों के लिए निम्नलिखित श्रेणियों में निबंधन किया जायेगा।

| श्रेणी | निविदा राशि की सीमा | निबंधन शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | 2.50 करोड़ रूपये से उपर के निर्माण कार्यों का निविदा देने के लिए सक्षम। | 2,00,000/– (दो लाख रू0) |
| 2 | 50 लाख रूपये से उपर किन्तु 2.50 करोड़ तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा देने के लिए सक्षम। | 1,00,000/– (एक लाख रू0) |
| 3 | 10 लाख रूपये से उपर किन्तु 50 लाख रूपये तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा देने के लिए सक्षम। | 25,000/– (पच्चीस हजार रू0) |
| 4 | 10 लाख रूपये तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा के लिए सक्षम। | 10,000/– (दस हजार रू0) |

i. निबंधन (5) पांच वर्षों के लिए मान्य होगा। निर्धारित अवधि समाप्त होने के तीन माह पूर्व निबंधन नवीनीकरण निर्धारित शुल्क जमा कर कराना आवश्यक होगा।
ii. निबंधन अवधि के समाप्ति के पश्चात् मात्र अगले तीन माह अर्थात् 90 दिनों के अन्दर संबंधित श्रेणियों के लिए वर्णति शुल्क का डेढ़ गुण राशि जमा कर नवीनीकरण कराया जा सकेगा। उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगें।
iii. इस आशय का शपथ पत्र कि आवेदक अथवा उन पर आश्रित परिवार के किसी अन्य सदस्य/फर्म को इस नियमावली के नियम 10 एवं 11 में वर्णित किसी भी कदाचार में संलिप्तता के लिए कभी दण्डित प्रतिबंधित नहीं किया गया है।
iv. सरकारी सेवा से हटाये गये व्यक्ति, संवेदकों की स्वीकृत सूची से हटाये गये व्यक्ति, निलंबित सरकारी सेवक, न्यायालय से दोषी पाये गये व्यक्ति एवं किसी भी विभाग द्वारा असैनिक कार्यों हेतु प्रतिबंधित/काली सूची में अंकित व्यक्ति/फर्म के आवेदक होने की स्थिति में आवेदन पत्र पर निबंधन/नवीनीकरण के लिए विचार नहीं किया जायेगा।
v. विभाग द्वारा काली सूची में अंकित संवेदक या साझेदार, यदि किसी अन्य संस्थानों या संवेदको से जुड़कर एवं गलत जानकारी देकर फिर से निबंधन कराते हैं, तो उक्त त्रुटिपूर्ण निबंधन को खारिज करते हुए उनके तथा संबंधित संस्थानों के Board of Directors of Governors अथवा Partners के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।
vi. ऐसे आवेदक जिला परिषद में निविदा समर्पित करने के हकदार नहीं होंगे, जिनके नजदीकी संबंधी (पति/पत्नी/माता–पिता/सहोदर भाई अथवा सहोदर बहन) लेखापाल या कनीय अभियंता से अन्यून स्तर के पदाधिकारी के रूप में कार्यरत रहेंगें।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 292724 (District) 22-23 (D)


# विधायक प्रदीप यादव को यौन शोषण मामले में तत्काल राहत

## हाइकोर्ट ने निचली अदालत की कार्यवाही पर लगायी रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** महिला के साथ यौन शोषण मामले में आरोपी पोड़ैयाहाट से कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिव्यू की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट ने प्रदीप यादव के खिलाफ दुमका के एमपी / एमएलए कोर्ट में इस मामले से संबंधित चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया की मामले की सूचक (पीड़िता) के एड्रेस पर नोटिस नहीं पहुंच सका है। इस पर कोर्ट ने सूचक का सही एड्रेस की जानकारी लेकर उसे फिर से नोटिस करने का निर्देश दिया मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सूचक (पीड़िता) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विमल कीर्ति सिंह एवं ललित यादव ने पैरवी की। प्रदीप यादव ने मामले में स्पेशल जज, दुमका द्वारा 2 अप्रैल 2022 को उनके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। पीड़िता ने प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले में 20 अप्रैल 2019 को देवघर महिला थाना में कांड संख्या 13/2019 दर्ज कराई थी। इस मामले में 28 सितंबर 2019 को प्रदीप यादव को झारखंड हाई कोर्ट से बेल मिली है।



## टीपीसी कमांडर भीखन गंझू को हाइकोर्ट से मिली बेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से टीपीसी उग्रवादी भीखन गंझू को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उसे कांके थाना में दर्ज आर्म्स एक्ट में मामले में जमानत दे दी है। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में भीखन गंझू की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने उसे जमानत की सुविधा प्रदान की है। भीखन गंझु फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

**इन मामलों में आरोपी है भीखन**

भीखन गंझू उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का कमांडर है। भीखन के खिलाफ एनआइए ने पिपरवार के अशोका, टंडवा की मगध-आम्रपाली परियोजना में टेरर फंडिंग मामले में चार्जशीट दायर की है। जबकि नागालैंड से हथियार की तस्करी में भी एनआइए ने भीखन पर चार्जशीट दायर हुई है। इन मामलों में वह आरोपी है।

**हाइकोर्ट का सरकार व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश**

## भुरकुंडा में प्रदूषण कम करने को लेकर उठाये कदम पर रिपोर्ट करें दाखिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रामगढ़ के भुरकुंडा में कोयला एवं लौह अयस्क ट्रांसपोर्टेशन एवं अवैध माइनिंग से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर संतोष पाठक की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कोर्ट को बताया गया कि उसने भुरकुंडा में प्रदूषण की रोकथाम को लेकर एक गाइडलाइन बनाई है। जिस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया कि वे भुरकुंडा में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जो गाइडलाइन बनाए हैं, उसका अनुपालन करते हुए 27 मार्च को कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करें।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रामशुभग सिंह की ओर से कोर्ट को बताया गया कि भुरकुंडा में कोल ट्रांसपोर्टिंग, आयरन ओर के ट्रांसपोर्टिंग, अवैध माइनिंग एवं 50 साल से ज्यादा पुराने उद्योगों के कारण प्रदूषण बढ़ा हुआ है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बताया गया की प्रदूषण की रोकथाम के लिए भुरकुंडा में लगातार पानी का छिड़काव करने, पेड़ लगाने, बाउंड्री लगाने, प्रदूषण के स्तर की लगातार मॉनिटरिंग करने, प्रदूषण के स्तर को घटाने आदि विषयों पर काम किया जाएगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्रदूषण की रोकथाम को लेकर व्यापक कदम उठाए और अगली सुनवाई में कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करें।

## ढुल्लू महतो की याचिका पर कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**बरी हुए मामले को आपराधिक इतिहास में नहीं जोड़ने का मामला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बरी हुए मामले को उनके आपराधिक इतिहास में नहीं जोड़ने को लेकर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अजय शाह ने कोर्ट को बताया गया कि जब भी विधायक ढुल्लू महतो के किसी भी केस की कोर्ट में चर्चा होती है तो सरकार की ओर से बताया जाता है कि उनके खिलाफ करीब 45 अपराधिक केस दर्ज है। जबकि वस्तुस्थिति यह है कि इन मामलों में से 35 केस में अदालत द्वारा ढुल्लू महतो को बरी कर दिया गया है, इसलिए ऐसे मामले जिसमें ढुल्लू महतो रिहा हो चुके हैं उसे उनके आपराधिक इतिहास के साथ न जोड़ा जाए। अदालत ने प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

## जिला उपभोक्ता आयोग में नियुक्ति से संबंधित मामले को हाइकोर्ट ने किया निष्पादित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला उपभोक्ता आयोग में ज्यूडिशियल एवं नन ज्यूडिशियल मेंबर की नियुक्ति से संबंधित सुनील उरांव, नवीन झा की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार का पक्ष जानने के बाद मामले को निष्पादित कर दिया। मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया 2 जिलों साहिबगंज और पाकुड़ को छोड़कर अन्य जिलों में ज्यूडिशियल एवं नन ज्यूडिशियल की नियुक्ति जिला उपभोक्ता आयोग में कर ली गई है। शेष बचे जिलों में भी जल्द नियुक्ति कर ली जाएगी।

इस पर खंडपीठ ने सरकार को कहा कंज्यूमर प्रोटेक्शन रूल्स 2020 आया हुआ है। इसमें प्रावधान है कि अगर ज्यूडिशियल मेंबर नहीं मिलते हैं तो उनके स्थान पर 7 साल से जो अधिवक्ता लगातार कंजूमर अफेयर के मैटर में प्रैक्टिस कर रहे हैं उनमें से भी किसी अधिवक्ता की नियुक्ति की जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि भविष्य में भी अगर ज्यूडिशियल मेंबर की पोस्ट खाली होते हैं तो उसमें भी इस रूल की सहायता से पद को भरा जा सकता है।

कोर्ट ने कहा कि जहां अभी जिला उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष के पद रिक्त है वहां दूसरे जिलों से प्रभार देकर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रभात सिंह एवं शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। दरअसल, प्रार्थी सुनील उरांव, नवीन झा एवं अन्य की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि जिला उपभोक्ता आयोग में ज्यूडिशियल एवं नन ज्यूडिशियल मेंबर के पद रिक्त हैं। जिस कारण बड़ी संख्या में केस लंबित पड़े हुए हैं। इसलिए जल्द से जल्द ज्यूडिशियल एवं नन ज्यूडिशियल मेंबर के पदों को भरा जाए।

## रिम्स में स्ट्राइक से 28 लोगों की मौत मामले में सरकार और रिम्स को हाइकोर्ट में जवाब दाखिल करने के लिए मिला समय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स में 1 जून 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों के बवाल को लेकर जूनियर डॉक्टर और नर्स की स्ट्राइक के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत की कमेटी बनाकर जांच करने एवं इस घटना के रिस्पांसिबल लोगों के खिलाफ एक्शन लेने को लेकर दाखिल झारखंड छात्र संघ की ओर से जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार एवं रिम्स प्रबंधन की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। जिस पर इनकी ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई, कोर्ट ने इन्हें जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान करते हुए समय प्रदान करते हुए अगली तिथि निर्धारित की। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की आंशिक सुनवाई हुई। इस मामले में अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि 2 जून 2018 से कुछ दिनों तक रिम्स के जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों की चली हड़ताल के दौरान 28 लोगों की मौत हुई थी, मामले में क्या एक्शन लिया गया, मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने, उनके पुनर्वास करने आदि पर कोई पहल हुई या नहीं। हड़ताल के जिम्मेदार जूनियर डॉक्टरों एवं नर्स पर कोई कार्रवाई हुई या नहीं। कोर्ट ने रिम्स प्रबंधन से भी मामले में जवाब मांगा था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मुख्तार खान ने पैरवी की।

## सेना की भूमि के पास निर्माण मामले में अगली सुनवाई 22 मार्च को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में सेना के जमीन के पास बहुमंजिला भवन (न्यूक्लियस) बनाने के खिलाफ रक्षा मंत्रालय की ओर से दाखिल याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 22 मार्च को मुकर्रर की है। अगली सुनवाई के दौरान एनसीसी इंफ्रा की ओर से दलीलें पेश की जायेंगी। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजेश शंकर की कोर्ट में हुई।

**रक्षा मंत्रालय का संकल्प 2022 में हुआ था जारी**

बता दें कि वर्ष 2022 में रक्षा मंत्रालय का संकल्प जारी हुआ था। जिसमें सेना के क्षेत्र के 50 मीटर के दायरे में ऊंचा भवन का निर्माण नहीं हो सकता। जिसको लेकर सेना ने सुरक्षा का हवाला दिया। वहीं एनसीसी इंफ्रा की ओर से कहा गया है कि उनका नक्शा बहुत पहले पास हुआ है और अभी निर्माण नहीं रोका जा सकता है।

# स्पीकर की पहल पर निकली सदन में संवाद की राह

## पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध खत्म होने के आसार बढ़े, नियोजन नीति पर अब सीएम देंगे सरकार का पक्ष

**उदय चौहान**

**रांची।** बजट सत्र में पिछले दस दिनों से चला आ रहा गतिरोध अब खत्म होने के कगार पर पहुंच गये हैं। गुरूवार को स्पीकर रवींद्र नाथ महतो की पहल पर सदन में संवाद कायम करने पर सहमति बनी। दरअसल, स्पीकर ने कार्य मंत्रणा समिति की बैठक बुला कर पक्ष-विपक्ष के बीच चल रही रस्साकशी को दूर करने का प्रयास किया। कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में जहा सत्ता पक्ष ने सीएम से नियोजन नीति पर वक्तव्य देने की बात स्वीकारी। वहीं, विपक्ष ने भी विरोध स्वरूप प्रिंटेड टी-शर्ट नहीं पहनने की बात कही। इसके पूर्व गुरुवार को राजग फोल्डर के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। बात इतनी बढ़ गयी कि स्पीकर ने विपक्षी विधायकों के बोलने के लिये समय मांगे जाने पर खरी-खरी सुना दी। उन्होंने कहा कि आसन का नियमन नहीं मानते हैं तो बोलने के लिये समय क्यों मांग रहे हैं। पहले प्रिंटेड टी-शर्ट उतार कर आइये। उसके बाद सदन में बोलने के लिये समय की मांग कीजिये। इस बीच विपक्षी विधायक बेल पर पहुंच कर नारेबाजी कर रहे थे। हंगामा बढ़ता देख स्पीकर ने प्रथम पाली में 12 बजे तक के लिये सदन को स्थगित कर दिया। इसके बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई। फिर से विपक्षी विधायक बेल पर आ गये और सरकार विरोधी नारेबाजी करने लगे। हालांकि, शून्यकाल के दौरान भाजपा व आजसू विधायकों ने अपनी सूचनायें भी पढ़ी। इसी दरम्यान भाजपा के रणधीर सिंह व भानु प्रताप शाही ने बोलने के लिये समय मांगा। स्पीकर ने उन्हें नियमन नहीं मानने को लेकर लताड़ पिलायी। बाद में स्पीकर ने गतिरोध समाप्त करने के लिये कार्य मंत्रणा समिति की बैठक बुलायी। इसमें सीएम हेमंत सोरेन के अलावा समिति के अन्य सदस्य व विशेष आमंत्रित सदस्य भी उपस्थि थे। दरअसल, बजट सत्र के शुरूआत से ही नियोजन नीति को लेकर विपक्ष का हंगामा चल रहा था। सत्ता पक्ष की ओर से भी अड़ियल रूख अपनाते हुये नियोजन नीति पर वक्तव्य नहीं दिया। नतीजतन, स्पीकर का सदन में संवाद कायम रखने का हर प्रयास विफल होता नजर आया।

राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि सदन में पक्ष-विपक्ष के जारी गतिरोध व हंगामा से जनता के बीच गलत संदेश जा रहा था। पिछले एक सप्ताह से जारी गतिरोध के कारण प्रश्नकाल जनता के बीच राजनेताओं की छवि धूमिल हो रही थी। अब, उम्मीद की जानी चाहिये कि सदन में अधिक से अधिक जनहित के मुद्दे उठेंगे और समस्याओं को समाधान निकल सकेगा। गौरतलब है कि बजट सत्र के पहले दिन से विपक्ष ने नियोजन नीति के उलझन को सुलझाने के लिये सीएम को चुनौती दे रहा था। वहीं, सत्ता पक्ष व सीएम ने भी विपक्ष को उकसाने वाली इशारों का उपयोग किया। इससे दोनों पक्षों के बीच डेडलॉक की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी।

- **भारी हंगामें के बीच स्पीकर ने चलाया समानांतर प्रश्नकाल पर चर्चा, स्लोगन लिखा टी-शर्ट पहन कर भाजपा ने सदन में प्रवेश नहीं करने की दी सहमति**



**मंत्री बन्ना गुप्ता को सरयू राय ने दी चुनौती**

विधानसभा में सदन में उस वक्त अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो गयी जब निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता को चुनौती दे डाली। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के ट्रांसफर-पोस्टिंग में कार्यपालिका नियमावली की अनदेखी की गयी है। इस मामले पर विधायक सरयू राय और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता में तीखी नोकझोंक हुई। श्री राय ने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर-पोस्टिंग में काफी अनियमितता हुई है। कार्यपालिका नियमावली की धारा तीन और चार का उल्लंघन हुआ है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि परंपराओं के मुताबिक ट्रांसफर पोस्टिंग हुई है। सरयू राय जो आज हम से सवाल कर रहे हैं वह भी खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री रहे हैं। उनके विभाग के ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े पेपर हमारे पास हैं। श्री राय ने भी कार्यपालिका नियमावली का उल्लंघन किया था। नोंक-झोंक बढ़ता देख स्पीकर ने दोनों पक्ष को शांत कराया। कुल मिला कर स्पीकर ने धैर्य व संयम के साथ सत्र संचालन की बारिक मिशाल पेश की।

**ट्रांसफर-पोस्टिंग में कार्यपालिका नियमावली के उल्लंघन को लेकर मंत्री को घेरा**

## वज्रपात से प्रभावित 8 लोगों को मिलेंगे 2.20 लाख रुपये

**रांची।** रांची में प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मृत पशुओं के प्रभावितों को क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा। रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्रभावितों को क्षतिपूर्ति के लिए सहायता राशि भुगतान की स्वीकृति दी है। रांची जिले के 2 अंचलों में वज्रपात से मृत पशुओं के 8 प्रभावितों को सहायता राशि का भुगतान किया जाएगा। इनमें चान्हो अंचल से 6 और लापुंग अंचल से 2 प्रभावित हैं। 8 प्रभावितों के बीच 2 लाख 20 हजार की मुआवजा राशि की भुगतान की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा दी गई है। अंचल अधिकारी चान्हो एवं लापुंग को स्वीकृत प्रस्ताव राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

# खौफ का आलम... थानेदार को मिलती थी एस्कॉर्ट व सुरक्षा

## पीड़ित के पिता थे कोलकाता में कमिश्नर, पंजाब मेल में बेसुध मिली थी पीड़िता

- मामला : ट्रेन में नाबालिग से गैंगरेप का
- देवघर से सुरक्षा में जाती थी डॉक्टर निवेदिता समेत 18 गवाह
- पीड़िता को कब्जे में लेने के लिए पुलिस को करनी पड़ी थी हवाई फायरिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हावड़ा की अदालत ने जिन तीन बीएसएफ के जवानों को पकड़ा था, उनके यूनिट की ओर से मधुपुर जीआरपी के थानेदार समेत अन्य पुलिसकर्मियों को धमकी दी जाती थी। थानेदार ने इस संबंध में देवघर कोर्ट को अवगत भी कराया था। जब थानेदार अर्जुन तिवारी रांची आते थे तो उन्हें स्पेशल एस्कॉर्ट व सुरक्षा मिलती थी। जब मधुपुर से देवघर के डॉक्टर निवेदिता समेत 18 गवाहों की गवाही गुजरने लगी थी तो उन्हें भी हावड़ा तक पूर्ण सुरक्षा दी जाती थी।

**एक फोटो के आधार पर हुई थी पीड़िता की पहचान :** जानकारी के मुताबिक, रेल एसपी के रूप में तैनात असीम विक्रांत मिंज को एक


रांची के दरोगा ने 8 घंटे में गैंगरेप का किया था खुलासा, अब 8 साल बाद आरोपी को मिली सजा

फोन आया। उनके व्हाट्सप पर एक फोटो भेजा गया, फोटो को मधुपुर जीआरपी थानेदार अर्जुन तिवारी को दिया गया। अर्जुन तिवारी ने अपने बॉडीगार्ड राखी सिंह व एक अन्य लेकर जंक्शन पर तैनात हो गए। तैनाती के क्रम में जब पंजाब मेल आया तो पाया गया कि लड़की आर्मी बोगी में बेसुध पड़ी हुई थी। उसे कब्जे में लेने के लिए जीआरपी की महिला राखी सिंह अपने एक सहयोगी बॉडीगार्ड के साथ चढ़ने लगी तो आर्मी जवानों ने धक्का मारकर उसे नीचे गिरा दिया। प्लेटफार्म पर भीड़ बहुत अधिक थी। उसी समय पुलिस को अपनी सुरक्षा और बचाव के लिए नाइन एमएम की पिस्टल से हवाई फायरिंग किया गया। हवाई फायरिंग के बाद प्लेटफार्म खाली हो गया। तब पुलिस की सुरक्षा में नाबालिग को बोगी से उतारा गया। फिर, उसे देवघर अस्पताल भेजा गया, उस समय पुलिस पर हमला करने के आरोप में एक जवान को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लेने के बाद जब पीड़िता को अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों के द्वारा बताया गया कि उसके साथ गैंगरेप हुआ है। गैंगरेप की सूचना तत्काल फोन पर एसपी को दी गई। हिरासत में लिए गए बीएसएफ जवान से कड़ाई से पूछताछ की गई तो बताया कि उसके साथ दो और जवान थे जो गोवाहाटी जाने के लिए पटना एयरपोर्ट पर जानेवाले हैं। पुलिस वहां पहुंचती, तबतक दोनों आरोपी गोवाहाटी के लिए चले गए थे। जीआरपी थानेदार गोवाहाटी कैंप गई और दोनों को वहां से गिरफ्तार कर मधुपुर ले आई। जब जवानों को गिरफ्तार किया गया तो दो सौ से अधिक जवान थाना पहुंच गए और हंगामा करने लगे। सभी आरोपी को बेकसूर बताते हुए छुड़ाने के लिए आए हुए थे।

### पॉक्सो एक्ट में आरोपियों को भेजा था जेल

गैगरेप के पीड़िता के पिता कोलकाता में कमिश्नर के पद पर पदस्थापित थे। बच्ची के आरोपी को सजा दिलाने के लिए पूरा आइएएस लॉबी भी थाना पहुंच गया। थाना पहुंचने के बाद आर्मी के जवानों को वहां से हटाया गया, फिर उन सभी को हावड़ा कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां पॉक्सो एक्ट के तहत तीनों आरोपी को जेल भेजा गया था।

## महिलाओं की स्थिति हाशिये पर : डॉ जोसेफ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित जेवियर इंस्टीच्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) में शुक्रवार को दो दिवसीय कांफ्रेंस का शुभारंभ किया जाएगा। 17 -18 मार्च को एक्सआईएसएस में आयोजित इस दो दिवसीय कांफ्रेंस का विषय है इकोनोमिक एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन इन ईस्ट इंडिया एंड द रोल ऑफ वीमेंस कलेक्टिव (पूर्वी भारत में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और महिला समूहों की भूमिका)। सी-3 और इंडियन एसोसिएशन फॉर वीमेन स्टडीज (आईएडब्ल्यूएस)के द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित यह दो दिवसीय कांफ्रेंस बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के द्वारा प्रायोजित है। इस कांफ्रेस के मुख्य अतिथि झारखंडके राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन होंगे जबकि उद्घाटन संबोधन वॉक्स बैक कलेक्टिव्स, यूएसए के फाउंडर डॉ मैथ्यू कॉब के द्वारा किया जाएगा। एक्सआईएसएस के डायरेक्टर डॉ जोसेफ मरियानुस कुजूर ने गुरुवार को आयोजित होने वाले दो दिवसीय कांफ्रेंस की जानकारी संवाददाताओं को प्रेस कांफ्रेंस में दी। कहा कि 17-18 को दो दिवसीय होगी। प्रेस को बताया कि कुछ दिन पूर्व हमलोगों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया और सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने की सख्त जरूरत पर इस तरह के महत्वपूर्ण संवाद के लिए इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था। बताया कि हालांकि, हम महिलाओं को सशक्त बनाने की राह पर हैं, बावजूद उसके



महिलाओं की स्थिति अभी भी हाशिए पर है क्योंकि भागीदारी और संसाधनों के उपयोग के अधिकार के अभाव में उनके पास निर्णय लेने की प्रक्रिया में कमी है। इस कॉन्फ्रेंस के आयोजन से हम इस स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाने की उम्मीद करते हैं। जेंडर एंड गवर्नेंस, सेंटर फॉर कैटालिसिंग चेंज (सी3) की सीनियर एडवाइजर मधु जोशी ने महिला समूहों की आवश्यकता पर जोर दिया जाएगा। जिसके तहत बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा पर आधारित 30 केस स्टडी और रिसर्च पर कांफ्रेंस में खासी चर्चा होगी। साथ ही चर्चा के बाद इस कॉन्फ्रेंस के परिणाम को एक डॉक्यूमेंट में बनाने की योजना है। इसके अलावा सकारात्मक प्रभाव लाने के लिए इसे इन राज्यों की संबंधित सरकारों, इन क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रहे गैर-सरकारी संगठनों और अन्य शोधकताओं के साथ साझा किया जाएगा। यह कांफ्रेंस न सिर्फ झारखंड बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से आए शोधकर्ताओं व प्रोफेशनल्स के सोच को एक मंच देगा और हाइब्रिड मोड के माध्यम से अतर्राष्ट्रीय भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

# निर्मला कॉलेज की हिस्ट्री प्रोफेसर को कॉलेज से निकालने पर छात्राओं का हंगामा

### प्रोफेसर को वापस जॉब में रखने की मांग को लेकर बैठ गयीं धरने पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** निर्मला कॉलेज की हिस्ट्री की प्रोफेसर डॉ अंजना सिंह को बीते 3 मार्च को कॉलेज प्रशासन ने कॉलेज से निकाल दिया था। इसे लेकर हिस्ट्री विभाग की छात्राएं बुधवार 15 फरवरी से हंगामा कर रही है। गुरुवार को भी छात्राएं कॉलेज के मेन गेट के बाहर धरने पर बैठीं थी। छात्राएं वी वांट जस्टिस के नारे लगा रही थीं और कॉलेज से हटायी गयी प्रोफेसर को वापस लेने की मांग कर रही थीं। छात्राओं का कहना है कि जब तक डॉ अंजना सिंह को वापस नहीं लिया जाता, तब तक वो धरने पर बैठी रहेंगी। धरना पर बैठे छात्राओं



ने बताया कि 28 मार्च से उनकी परीक्षा है।

**प्रोफेसर को निकालने का कारण बताये मैनेजमेंट :** छात्राओं का कहना है कि कॉलेज मैनेजमेंट बताये कि डॉ अंजना सिंह को क्यों निकाला गया है। अगर कॉलेज प्रबंधन के पास प्रोफेसर को निकालने का कोई कारण नहीं है तो उन्हें तुरंत वापस लिया जाये। छात्राओं ने बताया कि पिछले 2 साल में 12 शिक्षकों को कॉलेज प्रशासन ने हटाया है। इस कारण हमारी पढ़ाई भी बाधित हो रही है। आगामी 28 मार्च से हमारी परीक्षा है। अगर पढ़ाई नहीं होगी तो हम परीक्षा कैसे देंगे? डॉ अंजना सिंह पूरी तरह निर्दोष है, इसलिए उन्हें वापस लेना होगा।

**अक्टूबर 2022 से ही प्रोफेसर को नोटिस देकर मांगा जा रहा था जवाब :** डॉक्टर सिस्टर ज्योति ने कहा कि बच्चे जो कर रहे हैं, वह गलत है। बच्चे शांतिपूर्ण ढंग से अपनी कक्षाएं में जाएं और अपनी पढ़ाई को शुरू करें। प्रोफेसर को निकालने का मामला कॉलेज मैनेजमेंट है, इन विद्यार्थियों का नहीं। डॉ अंजना सिंह के खिलाफ बहुत सारे कंप्लेन आये थे। जांच के लिए कमेटी बनायी गयी थी और डॉ अंजना सिंह को अपना पक्ष रखने के लिए अक्टूबर 2022 से ही नोटिस दिया जा रहा था। लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया। डॉ अंजना सिंह ने कहा कि मैं हाईकोर्ट में अपना जवाब दूंगी।

### विद्यार्थियों को मिलने बुलाया गया, लेकिन वे नहीं आये: प्रिंसिपल

निर्मला कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर सिस्टर ज्योति ने कहा कि निर्मला कॉलेज के सभी विद्यार्थी हड़ताल कर रहे हैं, यह कहना गलत है। कॉलेज के मेन गेट के बाहर धरने पर इतिहास विभाग की 200-250 छात्राएं बैठी हैं। बाकी विद्यार्थियों की शांतिपूर्ण कक्षाएं चल रही है। परीक्षा की तैयारी भी चल रही है। हमने विद्यार्थियों से लिखित कंप्लेन भी मांगा और 5 विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल को मिलने बुलाया, लेकिन उन लोगों ने मिलने से इनकार कर दिया।

# बदला मौसम का मिजाज, गरज के साथ झमाझम बारिश

### दिन में छाया अंधेरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में मौसम का मिजाज बदल गया। गुरुवार को दोपहर बाद काले बादल के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया है। शाम होने से पहले राजधानी में गरज के साथ साथ झमाझम बारिश शुरू हो गयी। एक घंटे से भी अधिक समय तक हुई बारिश के कारण फिलहाल कई इलाकों में बिजली सेवा पूरी तरह से बाधित है। वहीं शहर से सटे ग्रामीण इलाकों में कई जगहों में वज्रपात भी घटनाएं भी सामने आई है, जिसमें कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। मौसम विभाग के



अनुसार अगले पांच दिनों तत बारिश की संभावना बनी रहेगी जिसके कारण तापमान कम रहेगा। मेन रोड से लेकर कई इलाकों में पेड़ों के गिरने की घटना सामने आई है जिसके कारण कई वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। आंधी इतनी तेज थी कि मेन रोड के चर्च कॉम्प्लेक्स के पास स्थित एचडीएफसी बैंक के पास ही बड़ा



पेड़ धराशाई हो गया. पेड़ के गिरने की वजह से आधा दर्जन से ज्यादा बाइक के साथ तीन कार और एक जेनसेट पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए. जिस समय पेड़ गिरा उसके आसपास कई लोग पानी से बचने के लिए वहां खड़े थे, गनीमत रही कि जैसे ही पेड़ गिरना शुरू हुआ वहां मौजूद लोग जल्दी-जल्दी अपनी जान बचाकर भाग गए. इसलिए किसी तरह की जान का नुकसान नहीं हुआ।

**अभी राहत नहीं :** 17 मार्च को राज्य के कई जिलों में ओलावृष्टि होने का अनुमान है तो वहीं 18 और 19 मार्च को कई जिलों में मेघ गर्जन और बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जतायी है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और सब हिमालयन वेस्ट बंगाल से लेकर ओडिशा तक बने एक सिस्टम का असर देखने को मिल रहा है। इन दोनों सिस्टम की वजह से झारखंड में मौसम पर असर दिखेगा। 17 तारीख को झारखंड के कई इलाकों में ओलावृष्टि, मेघ गर्जन और वज्रपात की भी संभावना बनी हुई है।

## खबर एक नजर में

### जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक में 14 में से 10 अभ्यावेदन स्वीकृत

रांची। उपायुक्त सह अनुकंपा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में समिति द्वारा सामान्य एवं चौकीदार से संबंधित कुल 15 अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। इनमें सामान्य के 14 और चौकीदार से संबंधित 01 अभ्यावेदन थे। सामान्य अभ्यावेदनों पर विचार विमर्श के बाद समिति ने 14 में से 10 अभ्यावेदनों को स्वीकृत किया जबकि 02 अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया गया। समिति द्वारा सामान्य के 02 अभ्यावेदन पर आवश्यक दस्तावेज के साथ अगली बैठक में रखने का निर्णय लिया गया। चौकीदार से संबंधित एक मामले पर विचार विमर्श करते हुए समिति ने स्वीकृति प्रदान की। बैठक में अपर समाहर्त्ता रांची, प्रभारी जिला स्थापना उप समाहर्त्ता, प्रभारी उप समाहर्त्ता सामान्य शाखा, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, रांची एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### राहुल गांधी अप्रैल में आयेंगे रांची, करेंगे रैली

**रांची।** भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी अप्रैल में रांची आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी रांची में एक रैली को भी संबोधित करेंगे। प्रदेश नेतृत्व इसकी तैयारी में जुट गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने भी इसकी पुष्टि की है। मालूम हो कि इससे पहले विधानसभा चुनाव 2019 के दूसरे चरण में प्रचार अभियान को लेकर राहुल गांधी झारखंड आये थे। पार्टी से मिली जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी की रांची में प्रस्तावित रैली की तिथि और स्थान को लेकर अभी फैसला नहीं हो पाया है।

### होल्डिंग टैक्स में बदलाव का चैंबर ने किया स्वागत

**रांची।** होल्डिंग टैक्स नियमावली में राज्य सरकार ने बदलाव किया है। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने इस पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। चैंबर ऑफ कॉर्मस के सह सचिव रोहित पोद्दार ने कहा कि मुख्यमंत्री और समस्त कैबिनेट मंत्रियों की ओर से लिया निर्णय स्वागत योग्य है। कैबिनेट की बैठक में नगरपालिका संपत्ति कर (निर्धारण संग्रहण और वसूली के लिए) संशोधित विधेयक को स्वीकृति मिली है। निर्णय के अनुसार रांची में लोगों को होल्डिंग टैक्स पहले से 20 फीसदी तक कम देने पड़ेंगे। कुछ शहरों में यह 30 फीसदी तक हो सकता है। चैंबर ऑफ कॉर्मस इस मामले में लगातार प्रयासरत रहा कि सरकार पूर्व में निर्धारित होल्डिंग टैक्स नियमावली को वापस लें। जानकारी हो कि चैंबर की ओर से नगर विकास विभाग और मुख्यमंत्री को होल्डिंग टैक्स का आंकलन कर रिपोर्ट सौंपी गयी थी। साथ ही होल्डिंग टैक्स में बदलाव की मांग भी की गयी थी।

### अल्पसंख्यक विद्यालयों के मामले में सीएम का कदम सराहनीय : शिल्पी

**रांची ।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के होल्डिंग टैक्स में नगर निगम द्वारा की गई अप्रत्याशित वृद्धि के संपूर्ण मामले की जांच कर मामले के निष्पादन हेतु मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा सकारात्मक कदम उठाने के निर्देश की सराहना की है। इस संदर्भ में आज शिल्पी नेहा तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा में स्थित उनके कक्ष में मुलाकात की और उनके द्वारा दिये गये निर्देश के लिए आभार जताया।इस दौरान श्रीमती तिर्की ने कहा कि, रांची नगर निगम द्वारा रांची जिले के अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के होल्डिंग टैक्स में कई गुना वृद्धि कर दी गई थी जो पूरी तरीके से अप्रत्याशित और अव्यावहारिक थी। जबकि अनेक अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान काफी कम शुल्क में अपने छात्र छात्राओं को पढ़ाते हैं। इस संदर्भ में उन्होंने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा स्थित उनके कक्ष में मुलाकात की थी और प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों से उनकी भेंट करवाकर उन्हें मूल समस्याओं और उसके व्यावहारिक पहलू से अवगत कराया था। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भी अपनी परेशानियों को मुख्यमंत्री के सामने रखा था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सकारात्मक कदम उठाते हुए विभागीय सचिव को निर्देश दिया था कि वे प्रतिनिधिमंडल के साथ विस्तृत बातचीत कर इस मामले का समाधान निकालें। श्रीमती तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री का कदम बहुत ही सराहनीय और प्रशंसनीय रहा और इससे अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं को राहत मिलेगी।

## सड़क दुर्घटना और सर्पदंश से मरने वालों के परिजनों को मिलेगा मुआवजा

**रांची।** सड़क दुर्घटना और सर्पदंश से मरने वालों के परिजनों को मुआवजा मिलेगा। इसको लेकर रांची जिला प्रशासन ने आदेश जारी किया है। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा (सड़क दुर्घटना/सर्प दंश) के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की स्वीकृति दी है। इसके अलावा विशिष्ट स्थानीय आपदा से प्रभावित लोगों को हुई क्षतिपूर्ति के लिए 9 लाख रुपये का मुआवजा दिया जायेगी। जो तमाड़ अंचल के 3 और सोनाहातू, राहे और बुंडू अंचल के 1-1 प्रभावितों को दिया जायेगा। डीसी ने मुआवजा राशि की निकासी की भी स्वीकृति दे दी है।

**इन लोगों के परिजनों को मिलेगा मुआवजा**

1. आवेदक का नाम : सैरून निशा (तमाड़ अंचल), मृतक का नाम : मोहम्मद कुतुबुद्दीन, 2. आवेदक का नाम :- पूजा देवी (तमाड़ अंचल), मृतक का नाम : परेस स्वांसी, 3. आवेदक का नाम : बाबी देवी (तमाड़ अंचल), मृतक का नाम : रोहित चंद्र मांझी, 4. आवेदक का नाम : सुलोचना देवी (सोनाहातू अंचल), मृतक का नाम : राजेन्द्र सिंह मुंडा, 5. आवेदक का नाम : मोहन महतो (राहे अंचल), मृतक का नाम : शारदा देवी, 6. आवेदक का नाम : जुलिता देवी (बुंडू अंचल), मृतक का नाम : द्वारिका महतो

# रामनवमी को लेकर रांची पुलिस अलर्ट मोड पर

## डीआइजी अनूप बिरथरे से मिला महावीर मंडल का प्रतिनिधिमंडल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। रामनवमी को लेकर रांची पुलिस अलर्ट पर है। पुलिस की नजर सोशल मीडिया पर टिकी है। वैसे तत्व जो संप्रदायिकता से जुड़े हुए पोस्ट करके माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में रांची पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**हिंसा की तस्वीरें और वीडियो की गयी थी पोस्ट :** जानकारी के अनुसार, रक्षक नाम से बने यूजर



आईडी के जरिये सोशल मीडिया पर भ्रामक, भड़काऊ, हिंसक और आपत्तिजनक वीडियो और फोटोग्राफ के साथ-साथ कुछ संवाद भी पोस्ट किया गया था। जिसके बाद रांची पुलिस ने विनीत कुमार नाम के एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यूजर ने फेसबुक पर रांची में हुए पूर्व के सांप्रदायिक तनाव की तस्वीरें और कुछ वीडियो डाली थी। पोस्ट में कुछ आपत्तिजनक बातें भी लिखी गयी थीं।

**रामनवमी में विधि- व्यवस्था को लेकर डीआईजी से मिला प्रतिनिधिमंडल :** रामनवमी में विधि- व्यवस्था को लेकर रांची महावीर मंडल और डोरंडा महावीर मंडल के प्रतिनिधि डीआइजी से मिले। डीआइजी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि पुलिस प्रशासन की ओर से उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में राजीव रंजन मिश्रा उर्फ चुन्नू, रामधन बर्मन, अशोक राजपुरोहित, कैलाश महतो, युवराज पासवान, अर्जुन गिरी, ललित ओझा, सुनील कुमार, नकुल तिर्की, डोरंडा मंडल के संजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

# जेल में पहले से बंद है आरोपी, पुलिस कर रही है तलाश!

### रांची के अरगोड़ा थाने में दर्ज है जालसाजी का मामला

**कुबेर सिंह**

**रांची।** रांची पुलिस जालसाजी के आरोपी की तलाश कर रही है। जबकि आरोपी जमशेदपुर के घाघीडीह जेल में जालसाजी के आरोप में पहले से बंद है। अब आरोपी को रिमांड पर लेने के लिए अरगोड़ा पुलिस ने कोर्ट में अर्जी दी है। रिमांड पर लेने के बाद आरोपी से पूछताछ की जाएगी।

**ये है मामला :** जानकारी के मुताबिक, आरोपी राहुल सिंह के खिलाफ कडरू के गजेंद्र सिंह ने जालसाजी की प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि उन्होंने राहुल कुमार सिंह को बेटे अनुराग आयुष के आरवीसीई कॉलेज बंगलुरू में एडमिशन करवाने के लिए जोर डाला। राहुल ने अनुराग से कहा कि वह आरवीसीई कॉलेज बंगलुरू में मैक्निकल इंजीनियरिंग में सलाना छह लाख रूपए से कम करवाकर दो लाख 80 हजार करवाने की बात



कही। राहुल ने बताया कि उसका वहां जान पहचान है, कॉलेज के प्रिंसिपल से। राहुल के कहने पर अनुराग ने 23 हजार रूपए का बैंक डिपोजिट का काउंटर फॉल दिया, जो कि उसने एग्जामिनेशन फीस के नाम पर जमा किया था। इसके बाद सेकेंड ईयर में फीस जमा करने के बाद थर्ड और फोर्थ ईयर का फीस 23 हजार रूपए लगने की बात कही। गजेंद्र सिंह ने बताया कि इसके बाद दो लाख 84 हजार रूपए राहुल के पिता के आईडीबीआई बैंक एकाउंट से वर्ष 2019 में पैसे ट्रांसफर किया। बाद में तीन साल में राहुल ने नौ लाख 60 हजार रूपए कम करवा दिए, इसके लिए उसने कमीशन के तौर पर कम के कम तीन लाख रूपए की डिमांड की। गजेंद्र सिंह ने बताया कि तीन चार बार में ऑनलाइन और कैश मिलाकर पांच लाख 47 हजार रूपए दिया गया।

### कॉलेज में फीस जमा ही नहीं किया था और ले लिए थे पैसे

बाद में गजेंद्र सिंह को पता चला कि राहुल सिंह ने कॉलेज में कोई फीस जमा नहीं किया था। बैंक ने भी पैसा जमा करने के लिए काउंटरफॉल को जाली बता दिया। कॉलेज ने भी किसी तरह के किसी फीस की प्राप्ति से इनकार कर दिया। जब राहुल से कहा गया कि पैसे लौटाओ तब उसने कहा कि सारे पैसे लौटा दूंगा। जब पैसे नहीं लौटाए तो उन्होंने अरगोड़ा थाने में मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज होने के बाद अरगोड़ा पुलिस उसकी तलाश में उसके कडरू स्थित मकान में छापेमारी की, तब पुलिस को पता चला कि आरोपी जमशेदपुर के सीताराम डेरा थाना से किसी विजय कुमार दास के साथ ठगी करने के मामले में घाघीडीह जेल में बंद है।

## स्पीड न्यूज

### साक्ष्य के अभाव में जयनाथ रंगदारी मामले में बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी समर अफशान की अदालत ने गुरुवार को 23 साल पुराने रंगदारी मामले के आरोपी सम्राट गिरोह के सरगना जयनाथ साहू को पर्याप्त सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। यह फैसला तीन महीने में आया।

### राजस्व कर्मचारी संजीवन के खिलाफ आरोप गठित

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने रिश्वत लेने के आरोपी अंचल कार्यालय सिमडेगा के राजस्व कर्मचारी संजीवन बड़ाईक के खिलाफ आरोप गठित कर दिया है।

### अब तक क्यों नहीं हुई कार्रवाई : कोर्ट

**रांची।** लातेहार में ग्रामीण अनिल कुमार सिंह को नक्सली के संदेह में गारू थाना के तत्कालीन प्रभारी रंजीत कुमार यादव द्वारा घर से उठाकर उसे थाना में टॉर्चर करने मामले की सीआईडी जांच को लेकर दाखिल क्रिमिनल रिट की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राज्य के डीजीपी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने उनसे पूछा है कि इस मामले में दोषी के खिलाफ क्यों नहीं उचित कार्रवाई की गई। मामले की अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद होगी।

### प्रशांत सिंह ने दिया योगदान

**रांची।** झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन एमडी के पद पर पदस्थापित आईपीएस प्रशांत सिंह जैप एडीजी के प्रभार से स्वतः भारमुक्त हो गये। एडीजी प्रशांत ने सरकार को लिखे पत्र में कहा कि एडीजी जैप पद का प्रभार स्वतः त्याग रहा हूं। उन्होंने झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन एमडी के पद पर योगदान दे दिया है।

# बीआइटी मेसरा तैयार करेगा साइबर सिक्योरिटी पॉलिसी

## साइबर क्राइम पर लगाम : आइआइटी कानपुर के सीथ्रीआइ हब के सहयोग से तैयार की जायेगी पॉलिसी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बीआइटी मेसरा में साइबर सिक्योरिटी इनिशिएटिव की शुरुआत होगी। आइआइटी कानुपर का सीथ्रीआइ हब बीआइटी मेसरा के छात्रों को सहयोग करेगा। इसकी मदद से साइबर सिक्योरिटी पॉलिसी तैयार की जायेगी, ताकि आने वाले समय में डाटा सिक्योरिटी, डाटा रिकवरी, डाटा मॉनिटरिंग के साथ साइबर सिक्योरिटी को मजबूत किया जायेगा। ये बातें बीआइटी मेसरा के रजिस्ट्रार डॉ संदीप दत्ता ने बुधवार को बीआइटी लालपुर एक्सटेंशन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही।

उन्होंने कहा कि इस पहल में भारत सरकार के साइबर सेल एडवाइजर सह सुत्रा मॉडल के जनक पद्मश्री डॉ मनिंद्र अग्रवाल सहयोग करेंगे। इसे लेकर आइआइटी कानपुर के सीथ्रीआइ हब के साथ करार किया जायेगा। बताते चलें कि इंटरनेट और मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल से साइबर क्राइम अब सामाजिक समस्या बन चुका है। मोबाइल खोने या चोरी होने पर लोगों के डाटा नष्ट हो जाते हैं। खोये डाटा को वापस कैसे लाया जाये, इस पर शोध की जरूरत है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए बीआईटी मेसरा साइबर सिक्योरिटी पॉलिसी तैयार करने का निर्णय लिया है।

**तैयार किया जायेगा हनी पॉट :** आइआइटी कानपुर के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग सह प्रोजेक्ट डायरेक्टर सीथ्रीआइ हब पद्मश्री डॉ मनिंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस करार के तहत संस्थान में साइबर सिक्योरिटी ऑडिट के बाद साइबर सिक्योरिटी पॉलिसी तैयार की जायेगी। संस्था के सभी कंप्यूटर और राउटर की लगातार मॉनिटरिंग हो, इसके लिए इन्वेंट्री तैयार की जायेगी। साथ ही संस्था के इंजीनियर्स का साइबर हमले से कैसे बचाव किया जा सकता है, इसका प्रशिक्षण दिया जायेगा।

साइबर अपराधियों को पकड़ने के लिए हनी पॉट जैसी आधुनिक तकनीक विकसित की जायेगी। हनी पॉट के तहत साइबर हमले के मूल सोर्स को फेक सर्वर में उलझाने की पहल की जायेगी। साथ ही साइबर सुरक्षा को लेकर विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के बीच लगातार जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे।

**सिक्योरिटी हब तैयार किया जायेगा :** डॉ अभिजीत ने कहा कि संस्थान का महत्वपूर्ण डाटा सुरक्षित रहे, इसके लिए साइबर सिक्योरिटी हब तैयार किया जायेगा। आने वाले दिनों में इस प्रक्रिया की जानकारी दूसरे संस्थानों को भी दी जायेगी। डॉ मनिंद्र अग्रवाल ने कहा कि देश में टेक्निकल इनोवेशन हब के तहत 25 संस्थानों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गयी हैं। सीथ्रीआइ हब इसमें साइबर सिक्योरिटी को बढ़ावा देने का काम कर रहा है। इसके लिए बीआइटी के इंजीनियर्स के साथ सीथ्रीआइ हब से जुड़े तीन स्टार्टअप टीम मिलकर काम करेगी।

### 1 अप्रैल से सरकारी कार्यालयों में बायोमीट्रिक हाजिरी अनिवार्य

**रांची।** झारखंड सचिवालय सहित सभी सरकारी कार्यालयों में 1 अप्रैल 2023 की तिथि से फिर से बायोमीट्रिक हाजिरी को अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें कि कोरोना संक्रमण की वजह से 11 मार्च 2020 से एहतियातन ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था को अस्थायी तौर पर अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस अवधि में सभी सरकारी कर्मियों द्वारा पूर्व की व्यवस्था के तहत उपस्थिति पंजी में मैनुअल उपस्थिति दर्ज किया जाना अनिवार्य किया गया है। सरकार ने सम्यक विचार करने के बाद आधार आधारित बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली 1 अप्रैल से फिर से प्रारंभ करने का फैसला लिया है।

### अंगिका भाषा को शामिल कराने को लेकर विधायकों से मिला प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** नियुक्ति नियमावली में झारखंड सरकार ने परिवर्तन कर अंगिका भाषा को हटा दिया है। अंगिका को पुनः शामिल कराने के लिए अंग क्षेत्र के विधायकों से संपर्क किया जा रहा है। झारखंड प्रदेश अंगिका समाज के महासचिव डॉ श्रीमोहन सिंह ने गुरुवार को बताया कि समाज का एक प्रतिनिधिमंडल अमित कुमार मंडल, विधायक गोड्डा, नारायण दास, विधायक देवघर, प्रदीप कुमार यादव, विधायक पोड़ैयाहाट, बादल पत्रलेख, मंत्री से मिला और उन्हें अपना मांग पत्र दिया। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव डॉ श्रीमोहन सिंह के साथ मोहन रजक, प्रद्युम्न प्रसाद सिंह, नरोत्तम प्रसाद सिंह, दीपक कुमार सिंह, डॉ प्रदीप प्रभात शामिल थे।

# हंगामे के बीच चला प्रश्न काल, विपक्ष ने वेल में की नारेबाजी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**विधानसभा का बजट सत्र**



**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के 10वें दिन भी विपक्ष का हंगामा जारी है। नियोजन नीति को लेकर विपक्ष ने गुरुवार को भी विधानसभा मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। विपक्ष के विधायक 60- 40 नाय चलतौ, 1932 की भेलो के नारे लगा रहे थे।

विपक्ष के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि जबतक मुख्यमंत्री सदन में नियोजन नीति पर वक्तव्य नहीं देंगे, विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं के साथ विश्वासघात कर रही है। नियोजन नीति के नाम पर राज्य के युवाओं को उलझकर रखा है। भाजपा यह बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बुधवार को भी विपक्ष ने लगातार सदन में मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे नियोजन नीति पर स्पष्ट वक्तव्य दे। लेकिन, उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगा। इसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इस बीच भी भाजपा विधायक बेल पर पहुंच कर नारेबाजी करते रहे। हालांकि, हंगामे के बीच स्पीकर ने अल्पसूचित प्रश्न पर चर्चा करायी। उन्होंने शून्य काल की सूचना भी ली। हंगामे के बीच विधानसभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले विधायक प्रदीप यादव ने सालों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में 50 साल बाद भी कई डैमों का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। वहीं डैमों के जीर्णोद्धार के नाम पर करोड़ों खर्च होने के बाद भी उनका कैंचमेंट एरिया कम हो रहा है और नहरें सूख रही है। राज्य में 29.4 लाख हेक्टेयर खेती योग्य जमीन में से 10 लाख हेक्टेयर भूमि पर ही सिंचाई की सुविधा है। श्री यादव ने कहा कि सरकार डैमो के अधूरे कार्यों को कब तक पूरा करेगी। इस पर सरकार की ओर से मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जवाब देते हुए कहा कि अधूरी परियोजनाओं का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। 2025 तक अधूरे योजनाओं को पूरा किया जायेगा। सालों से लंबित परियोजनाओं को लेकर सरकार गंभीर है।

**जल्द होगा वक्फ बोर्ड का गठन :** मंत्री हफीजुल हसन में सदन के अंदर आश्वासन दिया है कि एक महीने के अंदर झारखंड राज्य वक्फ बोर्ड का गठन कर लिया जायेगा। दरअसल, माले विधायक विनोद सिंह के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में मंत्री हफीजुल अंसारी ने यह आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कहा कि राज्य में अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम का गठन कर लिया गया है। जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके अलावा राज्य एवं जिला स्तरीय 15 सूत्री समिति का गठन कर लिया गया है। एक महीने में भीतर वक्फ बोर्ड का भी गठन कर लिया जाएगा। विधायक बिनोद सिंह ने सरकार से जानना चाहा था कि राज्य में 15 सूत्री राज्य और जिला समितिए वक्फ बोर्डए अल्पसंख्यक वित्त निगम का गठन नहीं होने से अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिये योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है।

**डीप बोरिंग की योजनायें अधिक लें :** कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह ने अल्प सूचित प्रश्न के तहत सरकार से सिंचाई के लिए परकोलेशन टैंक की जगह डीप बोरिंग योजना को स्वीकृति देने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य के किसान डीप बोरिंग की मांग कर रहे हैं। इस पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि 2023-24 के बजट में डीप बोरिंग के लिए 500 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। इसपर एक अप्रैल के बाद राज्यादेश निकलेगा।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले रांची के एसएसपी किशोर कौशल

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को राजधानी रांची की विधि-व्यवस्था की जानकारी दी। मौके पर राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी उपस्थित थे। इस दौरान राज्यपाल ने एसएसपी से राजधानी की विधि व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर बल दिया।

### महाबली हनुमान भक्त मंडल के मुख्य संरक्षक बने रमेश सिंह

**रांची।** श्री महाबली हनुमान भक्त मण्डल के प्रतिनिधि मण्डल ने सर्व सम्मिति से गुरूवार को रमेश सिंह को मुख्य संरक्षक मनोनीत किया। इस पर श्री सिंह ने आभार व्यक्त किया है। मौके पर समिति के अध्यक्ष अमित सोनी, संरक्षक गुलशन मिङ्का, गुड्डू चौधरी, शंकर प्रशाद, आयुष राज वर्मा, कर्ण पाठक, शिबू चौहान, जयंत मुंजाल, आशीष सोनी आदि उपस्थित थे।

### सीएम से मिला फोटोग्राफिक एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में फोटोग्राफिक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 6-8 अप्रैल 2023 तक खेलगांव, रांची में आयोजित होनेवाले झारखंड इमेजिंग एक्सपो में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

### लगाये जायेंगे एक्स्ट्रा कोच

**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 18619/18620 रांची गोड्डा रांची एक्सप्रेस ट्रेन में अस्थाई रूप से कोच संयोजन में वृद्धि की गयी है। अब इन ट्रेनों में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी एवं वातानुकूलित 2-टियर संयुक्त कोच का 1 अतिरिक्त कोच 3 महीने के लिए अस्थाई तौर पर लगाया जाएगा।

### श्री हनुमान मंडल का वार्षिकोत्सव 2 अप्रैल को

**रांची।** नगर की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री हनुमान मंडल का 45 वाँ वार्षिकोत्सव हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में 02 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक धूमधाम से मनाया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने यह जानकारी दी।

### रांची और हजारीबाग में होगी रेडियो जोहार की शुरुआत

**रांची।** झारखंड के दो जिलों में रेडियो जोहार की शुरूआत होने जा रही है। इसके लिए भारत सरकार ने अनुमति दे दी है। रेडियो जोहार 90.0 एफएम (रांची) और 90.4 एफएम (हजारीबाग) में चलेगा। यह जानकारी गुरुवार को इसके मैनेजिंग डायरेक्टर प्रभात कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

### रांची इप्टा की टीम 17 को डालटनगंज जायेगी

**रांची।** इप्टा का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन डालटनगंज में 17 मार्च से 19 मार्च 2023 तक होने जा रहा है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है । पूरे झारखंड और दूसरे राज्यों से भी इप्टा से जुड़े हुए कलाकार, साहित्यकार, बुद्धिजीवी गण पहुंच रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रांची इप्टा से दस कलाकारों की टीम 17 मार्च को रांची से डालटनगंज के लिए रवाना होगी। इसकी जानकारी रांची जिला इप्टा के अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने दी।

### वीमेन आइकन लीडिंग स्वच्छता अवार्ड-2023 को लेकर हुई बैठक

**रांची।** वीमेन आइकन लीडिंग स्वच्छता अवार्ड-2023 को लेकर गुरुवार को स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों के साथ बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम एसएचजी के कुछ सदस्यों को एक्सपोजर विजिट हेतु राज्य से बाहर के शहरों में भेजा जाना है, जिसे स्वच्छता यात्रा के रुप मे नामित किया गया है।

### कैंब्रिज पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों का इंडस्ट्रीयल विजिट

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट आफ पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत द्वितीय वर्ष के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने एकदिवसीय इंडस्ट्रीयल विजिट के तहत टाटीसिलवे स्थित गवर्नमेंट टूल रूम का दौरा किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने टूल रूम के विभिन्न संयंत्रों यथा लेथ मशीन, डाई, सोलर सिस्टम आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी हासिल की।

### लालू को जमानत मिलना सत्य की जीत : रानी कुमारी

**रांची** । जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू यादव राबड़ी देवी और मीसा भारती को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत दिए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए झारखंड प्रदेश राजद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सत्य की जीत हुई है।

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने किया स्वागत

**रांची।** कैबिनेट की बैठक में सरकार ने राज्य में ओबीसी आरक्षण तय करने के बाद ही नगर निकाय चुनाव करने का फैसला लिया है। इसका राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा स्वागत करता है। लेकिन यह कदम देर से उठाया गया। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही।

### डीपीएस में वार्षिकोत्सव जश्न ए बचपन आयोजित

**रांची।** ये बचपन भी कितना सुहाना है, जिसका रोज एक नया फसाना है। इन्हीं सुहाने सफर पर नई कहानी लिखने को बेताब इंद्रधनुषी रंग में रंगे नन्हें-मुन्हें बच्चों के लिए गुरुवार को डीपीएस के सभागार में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम जश्न ए बचपन का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी और प्रेप के बच्चों द्वारा नृत्य नाट्य कला का अद्भुत मंचन प्रस्तुत किया गया।

### सौर ऊर्जा से रोशन होगा धनबाद का मेडिकल कॉलेज

**रांची।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) सौर ऊर्जा से रोशन होगा। मेडिकल कॉलेज में सोलर प्लांट लगाने की कवायद शुरू कर दी गयी है। प्रबंधन के अनुसार शुरूआत में मेडिकल कॉलेज में सौर ऊर्जा से उत्पन्न बिजली को इस्तेमाल में लाया जायेगा। प्लांट लगने के बाद बिजली बिल के रूप में बड़ी राशि की बचत होने की संभावना प्रबंधन ने जतायी है।

### सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने जरूरी : आदित्य साहू

**रांची।** सांसद आदित्य साहू ने देश के सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने एवं जनजातीय संस्कृति के संरक्षण पर बल दिया है। श्री साहू ने गुरुवार को राज्य सभा में इस संबंध में सवाल भी पूछा। इस पर संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने बताया कि सरकार दुर्लभ और विलुप्त होती जनजातियों, बोलियों, भाषाओं और परंपराओं को परिरक्षित करने के लिये विभिन्न योजनाएं चला रही है।

### बसंत मेला का हुआ उद्घाटन

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच रांची शाखा के तत्वावधान में गुरुवार को अग्रसेन पथ स्थित अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय बसंत मेला का उद्घाटन किया गया। मेले का उद्घाटन डिप्टी कमांडेंट कर्नल प्रियदर्शी अमित और अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने संयुक्त रूप से किया।

### रूम टू रीड दिल्ली और झारखंड की टीम पहुंची स्कूल

रांची। रूम टू रीड दिल्ली व झारखंड टीम की ओर से गुरुवार को राजकीयकृत उर्दू प्राथमिक विद्यालय खिजुरटोली कांके रांची का भ्रमण किया गया। इसके तहत भाषा कालांश, पुस्तकालय कालांश का अवलोकन कर शिक्षकों के साथ चर्चा किया गया।

### नक्सलियों ने रखा है हथियार एक्सपर्ट

रांची। झारखंड में अब हथियार तस्कर सीधे हथियार ना बनाकर उनके पार्ट्स का निर्माण कर रहे हैं। तस्करी के जरिए पहुंचे हथियार के पार्ट्स को हथियार तस्करों का एक एक्सपर्ट उसे पूरे हथियार के रूप में तब्दील कर देता है। स्पेशल ब्रांच ने इस हथियार तस्करी के मामले में पुलिस मुख्यालय को एक रिपोर्ट सौंपी है।

### कृष्ण लीला का मंचन का हुआ मंचन

**रांची।** हुटुप गोशाला में गौ माता को समर्पित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन गुरुवार को कृष्ण लीला का मंचन किया गया।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में यूरोलॉजी पर सेमिनार आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग, पब्लिक हेल्थ एंड क्लिनिकल टेक्नोलॉजी द्वारा विवेकानंद सभागार में इंट्रोडक्शन टू यूरोलॉजी, इंटरेस्टिंग डिजीज, केस सिनेरियो, इंटरएक्टिव सेशन शीर्षक पर गुरुवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सत्र के प्रख्यात वक्ता जाने-माने यूरोलॉजिस्ट डॉ प्रेम कुमार, एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी), डीएनबी (सर्जरी), डीएनबी (यूरोलॉजी), रांची ने उक्त शीर्षक पर अपना व्याख्यान देकर छात्रों, प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों को यूरोलॉजी के बारे में जागरूक किया।

अपने व्याख्यान में उन्होंने यूरोलॉजी के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए प्रोस्टेट कैंसर, किडनी कैंसर, ब्लाडर कैंसर सहित विभिन्न यूरोलॉजिकल बीमारियों के लक्षण, कारण, प्रकार, प्रबंधन एवं उसकी रोकथाम के बारे में कई महत्वपूर्ण टिप्स दिये। इस अवसर पर उन्होंने न केवल अपना व्याख्यान दिया, बल्कि प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों एवं प्राध्यापकों के विभिन्न प्रश्नों के बड़े ही रोचक एवं सरल तरीके से जवाब देकर कई व्यावहारिक एवं उपयोगी जानकारियां साझा की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने मुख्य वक्ता का स्वागत अभिभाषण करते हुए विषय प्रवेश किया एवं उन्होंने अपने काम के साथ-साथ उत्तम स्वास्थ्य के लिए दैनिक दिनचर्या में सामान्य व्यावहारिक चीजों को अपनाये जाने की सलाह दी। सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन डॉ नीतू सिंघी ने किया।

### संजय कुजूर होंगे भवन निर्माण के प्रभारी अभियंता प्रमुख

**रांची।** पथ निर्माण विभाग ने 11 अभियंताओं का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। अधीक्षण अभियंता संजय कुजुर को भवन निर्माण विभाग का प्रभारी अभियंता प्रमुख बनाने के लिए सेवा भवन निर्माण विभाग को सौंपी गई है। अविनाश कुमार दीपक अधीक्षण अभियंता,सचिव प्राविधिक केंद्रीय निरूपण संगठन पथ निर्माण विभाग झारखंड को स्थानांतरित करते हुए प्रभारी मुख्य अभियंता भवन निर्माण विभाग एवं एवं अपने कार्यों के अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के पद पर पदस्थापन के लिए सेवा भवन निर्माण विभाग को दी गई है। अधीक्षण अभियंता केके लाल संप्रति प्रभारी मुख्य अभियंता सीडीओ रांची को अपने कार्यों के अतिरिक्त अगले आदेश तक सदस्य तकनीकी शाज का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राजीव कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल सिमडेगा को अपने कार्यों के अतिरिक्त अगले आदेश तक कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल खूंटी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# सीएम गंभीर बीमारी योजना ब्लड कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए वरदान

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** छह वर्षीय मरीज रोशन यादव बुखार, वजन कम होना एवं श्वास की तकलीफ के साथ राज्य के बाहर के अस्पताल में भर्ती हुआ, जहां पर जांच के उपरांत पता चला कि वह ब्लड कैंसर से पीड़ित है। इलाज के खर्चे उठा पाने में असमर्थ उसके परिजन उसे अस्पताल से घर लेकर चले गये।

कुछ सोशल वर्कर से जानकारी मिलने के बाद मरीज रोशन यादव के परिजन उसे रांची के इरबा स्थित एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल लेकर आये। उस मरीज को मेडिकल आंकोलॉजिस्ट डॉ सतीश शर्मा के गाइडेंस में आइसीयू में ट्रीटमेंट शुरू किया गया। पूरी जांच के बाद पता चला कि मरीज ट्यूमर लयसिस सिंड्रोम से पीड़ित है। उसके बाद मरीज की स्थिति को बरकरार रख कर उसकी कीमोथेरपी आइसीयू में ही शुरू की गयी। मरीज की मौजूदा स्थिति के हिसाब से ट्यूमर ठीक हो चुका है। उसका इलाज अभी जारी है।

इस मरीज की बीमारी से मिलती-जुलती बीमारी वाला एक और मरीज 9 वर्षीय अरनव महतो है। वह झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले से है। उस मरीज का इलाज भी सफलतापूर्वक मेडिकल आंकोलॉजिस्ट डॉ सतीश शर्मा की निगरानी में चल रहा है। मेडिकल आंकोलॉजिस्ट डॉ सतीश शर्मा से बात करने के बाद पता चला कि इरबा स्थित एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल में सभी प्रकार के सफल इलाज मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना एवं आयुष्मान योजना द्वारा भी किया जा रहा है।

### गैंगस्टर लॉरेंस के साथ सेल्फी लेने पहुंचीं झारखंड की दो सगी बहनें

**रांची।** झारखंड की रहने वाली दो नाबालिग बहनें गुरुवार को बठिंडा केंद्रीय जेल के बाहर सेल्फी लेते हुए पकड़ी गई हैं। दोनों घर से भागकर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से मिलने पहुंची थीं। दोनों ने सोचा था कि सेल्फी लेकर अपने फ्रेंड सर्कल में सबको दिखाएंगी। जेल प्रशासन ने दोनों को पकड़कर जिला बाल सुरक्षा विभाग के हवाले कर दिया है। मामले में अहम बात ये है कि दोनों गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से प्रभावित बताई जा रही हैं और घर से भागकर गैंगस्टर से मिलने पहुंची थीं। पूछताछ में पता चला है कि दोनों के यहां पहुंचने का मकसद जेल के बाहर सेल्फी लेकर अपने साथियों को दिखाना था। गौरतलब है कि मूल रूप से झारखंड और वर्तमान में दिल्ली में रहने वाली दो बहनें गुरुवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से मिलने बठिंडा केंद्रीय जेल के बाहर पहुंचीं। दोनों जेल के बाहर सेल्फी ले रही थीं। ये देखकर सुरक्षा कर्मियों ने उनसे पूछताछ की और आलाधिकारियों को जानकारी दी।

### झारखंड में जल्द निकलेगी सहायक प्राध्यापकों की बहाली

**रांची।** झारखंड के विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों के लिए जल्द बहाली निकाली जाएगी। इसके लिए उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग कार्मिक विभाग के साथ मिल कर काम कर रहा है। विभाग के पदाधिकारियों की मानें तो बहुत जल्द सहायक प्राध्यापकों की बहाली निकाली जाएगी। इसके लिए राज्य के सभी विश्वविद्यालयों से डाटा मांगा गया था। लगभग विश्वविद्यालयों ने इसका डाटा उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग को भेज दिया है। उप निदेशक धनंजय सिंह के अनुसार टेक्निकली अभी जेपीएससी के पास कोई डाटा नहीं है। बताते चलें कि झारखंड के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है। इस कारण पीएचडी नहीं होने जैसी कई समस्याएं हो रही है।

# हर घर नल से पेयजल पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता

## राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत निविदादाता मीट का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नमामि गंगे परियोजना के तहत झारखंड के साहिबगंज और राजमहल में गंगा नदी के प्रदूषण स्तर को न्यूनतम स्तर तक ले जाने में कामयाब राज्य सरकार ने अब दामोदर नदी के प्रवाह को अविरल और प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत झारखंड में बहनेवाली दामोदर नदी को स्वच्छ करने का बीड़ा उठाया गया है। इसके लिए धनबाद, रामगढ़ और फुसरो नगर निकाय के सभी नालों और अन्य जलस्त्रोतों के जल को एसटीपी से शुद्ध बनाकर ही दामोदर नदी में जाने दिया जायेगा। इन सभी

**36 से ज्यादा कंपनियों के प्रतिनिधि हुए शामिल**

**निविदादाता मीट** में देश के 36 से ज्यादा निर्माण कंपनियों के उच्च अधिकारी शामिल हुए । वहीं एनएमसीजी के साथ बिहार अर्बन इन्फ्रास्ट्र^ र डेवलपमेंट कंपनी के महाप्रबंधक और पदाधिकारी मौजूद रहे।

नगर निकायों में सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट निर्माण की योजनाएं स्वीकृत कर दी गयी हैं। गुरुवार को झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग और केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित निविदादाता मीट में बोलते हुए राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने ये बात कहीं।

उन्होंने कहा कि झारखंड असीम संभावनाओं का प्रदेश है। यहां काम करना अन्य प्रदेशों की तुलना में बहुत ही आसान है। राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशकअमित कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे इस बात को लेकर बेहद संवेदनशील हैं। हर नागरिक के घर तक निः शुल्क शुद्ध पेयजल पहुंचे और नदियों में अविरल धारा प्रवाह बना रहे। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय सचिव के विजन को पूरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन में हम कई नगर निकायों में नदियों की स्वच्छता और हर घर तक शुद्ध पेयजल को लेकर कई योजनाओं पर काम कर रहे हैं। मौके पर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के एक्जक्यूटिव डायरेक्टर हिमांशु बदोनी ने भी निविदादाताओं से अपील की कि वे बड़ी संख्या में झारखंड की परियोजनाओं की निविदा में भाग लें। उन्होंने कहा कि झारखंड नमामि गंगे परियोजना के क्रियान्वयन में देश के बेहतर राज्यों में से एक है। यहां की सरकार और नगर विकास एवं आवास विभाग इन योजनाओं को लेकर बेहद संवेदनशील और तत्पर है। राज्य में महज 83 किमी गंगा का बहाव फिर भी भारत सरकार ने झारखंड को बनाया एनएमसीजी में मॉडल स्टेट। धनबाद एसटीपी प्रोजेक्ट में निर्माण कंपनियों के साथ वहां के लोगों का सहयोग अपेक्षित। इस तरह का पहला पीपीपी प्रोजेक्ट। राज्य सरकार को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से सहयोग की काफी उम्मीदें। बैठक में मुख्य रूप से भारत सरकार की ओर से एनएमसीजी के ईडी हिमांशु बदोनी,राज्य सरकार के शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार, उप निदेशक कृष्ण कुमार, सहायक निदेशक आशुतोष कुमार, जुडको के परियोजना निदेशक गोपाल, धनबाद के नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# संसद में रार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र को लेकर लंदन में दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों की नारेबाजी और अडाणी समूह से जुड़े मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग को लेकर कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने विगत दिनों लोकसभा में भारी हंगामा जारी है। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आकर अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर जेपीसी जांच की अपनी मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। कुछ विपक्षी सदस्यों के हाथों में तख्तियां भी थीं। उधर सत्तापक्ष के कुछ सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर विदेश में राहुल गांधी के भारतीय लोकतंत्र को लेकर दिये गये बयान पर उनसे माफी की मांग करने लगे। अध्यक्ष ओम बिरला ने आसन के पास नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह सदन चर्चा और संवाद के लिए है, नीतियां बनाने के लिए है। उन्होंने कहा, अगर हम जनता का कल्याण करना चाहते हैं और सदन को लोकतंत्र का मंदिर मानते हैं तो कम से कम सदन पर टिप्पणी नहीं करें। यह संसद लोकतंत्र का मंदिर है, आस्था का केंद्र है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का उल्लेख करते हुए कहा, सदन के एक सदस्य विदेश में जाकर संसद का अपमान करते हैं। यह गंभीर विषय है। सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि यदि सदस्य (राहुल गांधी) माफी नहीं मांगते तो हंगामा कर रहे सदस्यों की जवाबदेही तय होनी चाहिए सवाल है कि संसद सदस्य क्या संदेश देना चाहते हैं। सदस्यों का यह व्यवहार क्या उचित है।' संसद में हंगामा और समय की बर्बादी अब देश किस प्रकार बर्दास्त करेगा जब सत्ता और विपक्ष दोनों का आचरण एक ही प्रकार का हो जाए।

# रुस-अमेरिका आमने-सामने

अमेरिकी सेना ने कहा कि एक रूसी लड़ाकू विमान ने उसके एक जासूसी ड्रोन को गिरा दिया है। ड्रोन क्रैश का यह मामला काला सागर में हुआ। यूक्रेन संघर्ष के बाद दोनों शक्तियों के बीच इस तरह की पहली सीधी मुठभेड़ हुई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में अपनी अलग बात रखरी है। वाशिंगटन में मास्को के राजदूत ने कहा कि उनके देश ने यूएस एमक्यू -9 ड्रोन और रूसी एसयू -27 लड़ाकू जेट से जुड़ी घटना को उकसाने के तौर पर लिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका इस क्षेत्र में नियमित निगरानी उड़ानें संचालित करता है और दसियों अरब डॉलर की सैन्य सहायता के साथ यूक्रेन का सहयोग किया है, हालांकि वह सीधे युद्ध में शामिल नहीं हुआ है। यूक्रेनी उप रक्षा मंत्री हन्ना माल्यार ने कहा कि रूस पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में पूरी सीमा पर 'आक्रामक' था, बखमुत के उत्तर में क्रेमिना, बिलोहोरिवका और स्प्रिन के आसपास भी लड़ाई चल रही थी। बखमुत की रक्षा महत्वपूर्ण थी क्योंकि 'भारी तबाही हो रही है ... बड़ी संख्या में सैनिक मारे जा रहे हैं और आज तक, दुश्मन की आगे बढ़ने की क्षमता कम हो रही है।' संयुक्त राष्ट्र और तुर्की ने कहा कि कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चों पर, यूक्रेन के काला सागर बंदरगाहों से अनाज लदान की अनुमति देने के लिए बातचीत जारी है, जो इस सप्ताह समाप्त होने वाली है। निश्चित तौर पर पूरे विश्व के लिये अमेरिका और रुस के बीच सीधे टकराव की आशंका मात्र से ही बड़ा झटका लगेगा। अमेरिका और नाटो देश ने जिस प्रकार इस युद्ध को समाप्त करने के बजाए इस युद्ध में और अधिक टकराव का रास्ता अपनाया है इससे पूरी दुनिया में ध्रुवीकरण लगातार बढ़ रहा है। रुस के साथ चीन के हो जाने के कारण स्थिति और अधिक गंभीर हो गयी है। ऐसे में इस तरह की एक भी घटना विश्व युद्ध का कारण बन सकती है।

# एनपीए से जूझ रहे बैंकों को आर्थिक मदद






- डॉ अश्विनी महाजन

> केन्द्र ने पिछले वर्षों में अपने खजाने से अभी तक 2.5 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है ताकि बैंकों के घाटे की भरपाई हो सके। हालांकि इन सभी प्रयासों से बैंकों को डूबने से तो बचा लिया गया, लेकिन उनकी एनपीए की समस्या बदस्तूर बनी रही। हालांकि बैंकों के एनपीए जो 2017-18 तक आते-आते 11.2 प्रतिशत तक पहुंच गए थे, सितंबर 2020 तक वे 7.5 प्रतिशत तक कम हो गए थे।

**पिछले** लंबे समय से एनपीए (नॉन परफामिंग एस्सेट्स) की समस्या से जूझ रहे बैंकों की मुश्किलों को आसान करने के तमाम प्रयास चल रहे हैं। फरवरी माह में केन्द्रीय बजट में सुझाया गया एस्सेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (एआरसी), यानी 'बैड बैंक' का प्रावधान भी उसी श्रृंखला में इस समस्या के समाधान का एक और प्रयास कहा जा सकता है। सबसे पहले सरकार इन्सालवेंसी एवं बैंकरप्सी (आईबीसी) एक्ट लेकर आई और पहली बार दिवालियापन के लिए कोई ठोस कानूनी पहल की गई। माना गया कि इससे 'ईज आफ डूईंग बिजनेस' में सुधार होगा, क्योंकि नुकसान के कारण देनदारिया चुका नहीं पाने की स्थिति में परिसंपत्तियों को आसानी से बेचकर व्यक्ति छुटकारा पा सकता है, लेकिन साथ ही इसका लाभ यह था कि बैंकों के लिए भी अपनी बैलेंस शीट साफ रखना संभव हो पाएगा। उसके उपरांत देखा गया कि पिछली सरकारों के समय दिए गए कर्ज की अदायगी में कोताही होने के कारण बैंकों की आर्थिक हालत बिगड़ने के कारण उन्हें पूंजीगत मदद की भी जरूरत है। ऐसे में अधिकांश बैंक सरकारी क्षेत्र में होने के कारण उनकी पूंजीगत जरूरतों की पूर्ति हेतु भी सरकार को ही मदद देनी जरूरी थी। केन्द्र ने पिछले वर्षों में अपने खजाने से अभी तक 2.5 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है ताकि बैंकों के घाटे की भरपाई हो सके। हालांकि इन सभी प्रयासों से बैंकों को डूबने से तो बचा लिया गया, लेकिन उनकी एनपीए की समस्या बदस्तूर बनी रही। हालांकि बैंकों के एनपीए जो 2017-18 तक आते-आते 11.2 प्रतिशत तक पहुंच गए थे, सितंबर 2020 तक वे 7.5 प्रतिशत तक कम हो गए थे, लेकिन पिछले वर्ष में कोविड महामारी के कारण व्यवसायों को नुकसान के चलते ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि सितंबर 2021 तक वे फिर से बढ़ जाएंगे। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के हवाले से पता चलता है कि वे 13.5 प्रतिशत तक भी बढ़ सकते हैं। हालांकि कोर्ट के आदेश के अनुसार जिन ऋणों की अदायगी कोरोना के चलते आगे बढ़ा दिया गया था, उच्चतम न्यायालय ने उन ऋणों को एनपीए घोषित करने के लिए रोक लगा दी थी, लेकिन अब चूंकि न्यायालय ने इस रोक को हटा दिया है, अब बैंकों को उन ऋणों जिनकी वापसी नहीं हो रही, को एनपीए घोषित करना पड़ेगा। इससे एनपीए की प्रमाण में भारी वृद्धि हो सकती है। जानकारों का मानना है कि कोविड के कारण उत्पन्न अन्य समस्याओं का भी प्रभाव एनपीए पर पड़ सकता है। वर्ष 2021-22 का बजट प्रस्तुत करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों की एनपीए की समस्या से निपटने के लिए एआरसी यानी 'बैड बैंक' का प्रस्ताव रखा है। बैंकों की विषम एनपीए स्थिति के चलते पहले से ही 'बैड बैंक' का प्रस्ताव आर्थिक जगत से जुड़े लोगों की ओर से आ रहा था। चूंकि भविष्य में एनपीए की समस्या बढ़ सकती है, ऐसे में बैड बैंक की अवधारणा और उससे जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जरूरी हो जाती है कि क्या बैड बैंक बैंकों को उनकी समस्याओं से निजात दिला सकेगा। बैड बैंक की अवधारणा विदेशों से आई है। गौरतलब है कि जब अमेरिका में 2007-08 में बैंक धराशायी हो रहे थे, उस समय अमेरिका के राजस्व विभाग ने बैंकों के उन ऋणों को खरीद लिया, जिनकी वापसी नहीं हो पा रही थी। बाद में बाजार स्थितियां ठीक होने के बाद उन्हें बाजार में बेहतर कीमत पर बेच दिया। पूर्ण लॉकडाउन की तरफ न बढ़े देश लगभग वैसा ही कदम भारत सरकार भी उठाने जा रही है, जिसे एआरसी का नाम दिया गया है। यह कंपनी सेक्यूरटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन एंड एनफोर्समेंट और सेक्यूरिटीज इंटरेस्ट एक्ट (सरफायेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत स्थापित होगी। इस एआरसी की स्थापना हेतु उस कंपनी के पास स्वयं स्वामित्व की 100 करोड़ की राशि का फंड होना जरूरी है। जिन दबावग्रस्त परिसंपत्तियों को यह कंपनी खरीदेगी, उसके 15 प्रतिशत के बराबर उसके पास पूंजी अनुपात का होना जरूरी होगा। यह एआरसी बैंकों के पास दबावग्रस्त परिसंपत्तियों को उचित कीमत पर खरीदेगी। बैंकों को उस परिसंपत्ति के मूल्य का 15 प्रतिशत नकद प्राप्त होगा और शेष 85 प्रतिशत राशि उसे बॉन्ड और ऋण पत्र के रूप में प्राप्त होगी, जिसकी देयता अधिकतम 6 वर्ष की होगी। अपने कार्य को करने हेतु एआरसी डिबेंचर और बॉन्ड तो जारी कर ही सकता है, इसके साथ वह प्रतिभूति (सिक्योरिटी) रसीद भी जारी कर सकता है। सिक्योरिटी रसीद धारक के पास उस वित्तीय परिसंपत्ति का अधिकार होगा। वित्त की मदद से बैड बैंक (एआरसी) दबावग्रस्त ऋणों को खरीद सकेगा। इन दबावग्रस्त ऋणों को बट्टे पर खरीदने के बाद एआरसी के पास वो तमाम अधिकार होंगे जो बैंक के पास थे। यानी वह उन ऋणों का पुनर्गठन या पुनर्निर्धारण कर सकता है, समाधन कर सकता है, ऋणी के व्यवसाय को बेच सकता है या लीज पर दे सकता है अथवा प्रबंधन को बदल सकता है, लेकिन इस प्रकार की कार्यवाही को अंजाम देने के लिए ऋण दाताओं के 75 प्रतिशत और एआरसी की सहमति जरूरी होगी। यदि ऋण प्रतिभूति रहित है तो ऐसी हालत में ऋणी पर मुकदमा करने का भी अधिकार एआरसी के पास रहेगा।

यह भी प्रश्न उठता है कि इंसोलवेंसी और बैकरप्सी कोड और एआरसी में अंतर क्या है? दोनों में ही अंतोत्गत्वा उद्देश्य एनपीए से छुटकारा पाना ही है, लेकिन समझना होगा कि आईबीसी उधारी के समाधान के लिए बनाया गया है। गौरतलब है कि आईबीसी से पहले इस काम को वर्षों लग जाते थे। दूसरी तरफ एआरसी का मकसद एनपीए ऋणों को बेचकर बैंकों की बैलेंस शीट को जल्द साफ करने का है, लेकिन देखा जाए तो दोनों के माध्यम से बैंकों की समस्याओं को कम करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन आलोचकों का मानना है कि बैड बैंक से भी एनपीए की समस्या का समाधान नहीं होने वाला।

अधिकांश बैंक सरकारी क्षेत्र में हैं और एआरसी भी सरकारी स्वामित्व में होंगे। लेकिन समझना होगा कि बैंकों के आत्मविश्वास को बढ़ाने हेतु उनके एनपीए का हस्तांतरण दूसरी संस्था को करना एक अच्छा कदम हो सकता है।

## खास बात

### नवरात्रि की उपासना



**इस्मीत कौर**

22 मार्च से नवरात्र आरंभ हो रहा है। शक्ति के आवाहन का देवपर्व है। शक्ति के अवतरण के लिए आधारभूमि तैयार करने का दिव्य साधनाकाल। कलश स्थापना के साथ सुमधुर घंटा ध्वनि व धूप-बत्ती की सुगंध के साथ नौ दिन तक देवी दुर्गा की स्तुति के नवरात्र काल को अध्यात्म के क्षेत्र में मुहूर्त विशेष की मान्यता प्राप्त है। यह नौ दिवसीय विशिष्ट साधनाकाल मुख्यरूप से साल में दो बार आता है-चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक वासंतिक नवरात्र एवं आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक शारदीय नवरात्र। सनातन हिंदू संस्कृति में नवरात्र की संकल्पना बहुत सोच-विचार कर की गयी है। ऋतु परिवर्तन के बोधक चैत्र व आश्विन माह हमारी दो मुख्य फसलों रबी व खरीफ के उत्पादन के होते हैं। नयी कृषि उपज के हवन के द्वारा मां शक्ति की आराधना का विधान हमारे मनीषियों की अनुपम जीवन दृष्टि का परिचायक है। जहां प्रस्तुत वासंतिक नवरात्र से भारतीय नववर्ष (नव संवत्सर) का शुभारम्भ होता है। वैदिक दर्शन के अनुसार पदार्थ अपने मूल रूप में वापस आकर फिर से अपनी रचना करता है। इसीलिए हमारे ऋषियों ने नवरात्र को प्राणों का उत्सव माना है, जिसके द्वारा महिषासुर (जड़ता), शुम्भ-निशुम्भ (अहंकार और शर्म) और मधु-कैटभ (राग और द्वेष) को नष्ट किया जा सकता है और मनोग्रस्तता (रक्तबीज), तर्क-वितर्क (चंड-मुंड) और कुदृष्टि (धूम्रलोचन) को केवल प्राण ऊर्जा के स्तर को ऊपर उठाकर ही दूर किया जा सकता है। प्रार्थना, उपवास, ध्यान और मौन के माध्यम से नवरात्र का पर्व जिज्ञासु को अपने सच्चे स्रोत की ओर यात्रा कराता है। प्रार्थना से मन निर्मल होता है, ध्यान के द्वारा अस्तित्व की गहराइयों में डूबकर आत्म साक्षात्कार होता है, उपवास के द्वारा शरीर विषाक्त पदार्थ से मुक्त होकर स्वस्थ होता है व मौन से हमारे वचनों में शुद्धता आती है। यह आंतरिक यात्रा मनुष्य के बुरे कर्मों का शमन करती है।

छात्रा संतजेवियर कॉलेज रांची

**चलिए** सुधार की बात तो शुरू हुई। अगर सरकार व्यापारी को सारे काम इलेक्ट्रॉनिक तरीके से करने को मजबूर करती है , जो अच्छा भी है, तो खुद वहीं क्यों पड़ी है ?

**–महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

## आपके ट्वीट

**संसद** में न बोलने दिए जाने का विलाप करने वाले राहुल गांधी की सच्चाई सदन में उपस्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहद नीचे और केरल के औसत से भी कम है।सदन में उपस्थिति राष्ट्रीय औसतः 79% राज्य औसतः 84% औसतः 52% **– अन्नपूर्णा देवी**





पीएम मोदी जी के विरुद्ध जितना भी विष वमन कर लेते हैं परंतु भारत का लोकतंत्र में जो ऐतिहासिक योगदान है, उस पर तो दो वाक्य बोल देते। ऐसी कोई बात भारत के बारे में नहीं बोली क्योंकि उन्हें भारतीय होने का न वो गर्व है न ज्ञान। - **सुधांशु त्रिवेदी**

# जीवन मूल्य

## धर्म-प्रवाह

**प्रो भगवती प्रकाश**

**प्राचीन** ईरान के पारसी मत के धर्म ग्रंथ अवेस्ता में वैदिक देवताओं पर विमर्श के अतिरिक्त सूर्य के मित्र या मिथ्र नाम से प्रचलित प्राचीन मन्दिरों के प्रचुर अवशेष हैं। यूरोप के समस्त पुरातात्विक उत्खनन एवं संग्रहालयों में भी मित्र य मिथ्र के प्राचीन पुरावशेषों की प्रचुरता है। आज भी यूरोप में 400 से अधिक मिथ्री मन्दिरों के खण्डहर विद्यमान हैं। मूर्तिपूजक पगान सम्प्रदायों में ईसापूर्व कालीन सूर्य सहित कई द्यु-स्थानीय, अन्तरिक्ष स्थानीय व पृथ्वी स्थानीय वैदिक देवताओं का चलन रहा है। ओडिशा में 5,000 वर्ष पूर्व कोणार्क व पाकिस्तान के मुल्तान में श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब द्वारा बनाए सूर्य मन्दिरों से लेकर ईरान, आर्मेनिया, अजरबैजान व यूरोप तक सूर्य की मित्र, मिथ्र, मिथ्रास और मिहिर आदि अनेक वैदिक व पौराणिक नामों से पूजा होती रही है। ईसा पूर्व 14वीं सदी के शिलालेखों में सूर्य, इन्द्र, अग्नि, अश्विनी कुमार आदि के आह्वान हैं। अफगान-ईरानी कैलेण्डर में आज भी मिहिर व मिहर आदि नामों से सूर्य का महीना है। आर्मेनिया में प्रतिमाह आठवां दिन सूर्य का है, जो ह्यमिथ्रिह्न कहलाता है। ईरानी प्राचीन जोरास्ट्रियन संस्कृति में मित्र, सत्य, न्याय, सौहार्द, सन्धि और ऋत (स्वैच्छिक धर्म पालन) का देवता था। आर्मेनिया व अजरबैजान में भी मित्र के ये ही विशेषण रहे हैं। जरथुस्त्र या जोरास्टर द्वारा प्रवर्तित हिन्द-ईरानी मत के ग्रंथ अवेस्ता व संस्कृत में अनेक समानार्थक शब्द प्राचीन ईरानी अर्थात पारसी व आर्य सभ्यताओं में साझे हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड

नये कूड़े का प्रहार ...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### जनता की नियति

**चुनाव** चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र में किए गए वादों पर बहुत ही कम खरे उतरते हैं। जनता हर बार नेताओं के शब्दजाल और आंकड़ों की बाजीगरी के जाल में फंस जाती है। अब चुनावों में ठगा जाना जनता की नियति बन गई है।

**– राम मूरत सिंह, रांची**

### सख्त हो आयोग

**चुनाव** के समय जनता को भ्रमित करने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा इतने सारे झूठे और खोखले वादे किए जाते हैं शायद दूसरे देशों के लोग इस पर हंसते होंगे कि यह कैसा प्रजातंत्र विकसित कर लिया है, जहां केवल थोथे नारे लगाने वालों की बात को ही सुना जा रहा है। इन नारों और वादों को रोक पाना आम आदमी के बस की बात नहीं है।

**–दिनकर सिंह, हजारीबाग**

# हमारे साहित्य और संस्कृति में पर्यावरणीय चिंतन



**मनोज शर्मा**

## संस्कृति

**भारतीय** संस्कृति और साहित्य में पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी अनेक बातें मिलती हैं। हमारे पर्व प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देते हैं, वहीं प्राचीन भारतीय साहित्य में भी प्रकृति को बचाने के संदेश दिए गए हैं वट सावित्री पर वट वृक्ष की पूजा करतीं महिलाएं। यह पर्व पर्यावरण रक्षा का संदेश देता है।

अनादिकाल से पर्यावरण संरक्षण का भाव भारतीय चिंतन के केंद्र में रहा है। भारतीय वैदिक साहित्य में कुछ पुराणों के नाम अग्नि, वायु, वरुण इत्यादि के नाम पर रखे गए हैं। इनका उद्देश्य है अग्नि, वायु व वरुण के महत्व को बताना, ताकि समाज पर्यावरण संरक्षण को धर्म की आज्ञा और इसमें अपने योगदान को ईश्वरीय सेवा के समान माने। वैदिक ऋषियों ने सर्वप्रथम पर्यावरण पर चिंतन करते हुए सृष्टि को प्रारंभिक अवस्था में जिस रूप में देखा, उसका वर्णन ऋग्वेद की ऋचाओं (नासदासीत्रो सदासीत्तदानी... 10/129, 1-7) में उपलब्ध होता है। यहां ऋषि कहते हैं कि सृष्टि के आरंभ में न सत था न असत। फिर ब्राह्मण ग्रंथ (पृ. 158) में भी पुनः प्रश्न उठाया गया कि कौन जानता है यह सब? और कौन उसका वर्णन कर सकता है? किंतु इसके संपूर्ण समाधान के लिए ऋग्वेद संहिता में मंत्र है-हिरण्यगभः समवर्तताग्रे... (ऋग्वेद, 10/121/1)। इसमें सृष्टि के विकास-क्रम को बताया गया है कि सर्वप्रथम जीवों का स्वामीभूत हिरण्यगर्भ अस्तित्व में आया और उसी से सृष्टि का अविच्छिन्न विकास हुआ आदि-आदि। विज्ञान के अनुसार प्रकृति सदैव तीन रूपों में विद्यमान रहती है-कण, प्रतिकण एवं विकिरण। चाहे वह सृष्टि उत्पत्ति का समय हो या अन्य कोई समय। वैदिक सिद्धांत के अनुसार प्रकृति में मूल तीन वर्ग, ह्यत्रयः कृण्वति भुवनस्य रेतह्ल (ऋग्वेद, 7/33/7) विद्यमान हैं। ये हैं वरुण, मित्र और अर्यमा। इनकी संयुक्त सत्ता को अदिति कहा गया है, जो अनादि एवं अखंड सत्ता है। व्यक्तिगत रूप से ये आदित्य कहाते हैं। ये अनादि शाश्वत सत्ता के अंगभूत हैं।

वैदिक अवधारणाओं के अनुसार सृष्टिकाल से दृश्य जगत तक भौतिक पदार्थ पांच अवस्थाओं में निष्क्रमण करते हैं। भारतीय वैदिक व पौराणिक साहित्य चिंतन में प्राकृतिक घटकों से कल्याण की अभिलाषा को स्वस्ति कहा गया है। इस पर आचार्य सायण एवं नैरुक्त का विचार है कि अप्राप्य वस्तु की प्राप्ति योग है एवं प्राप्ति का संरक्षण क्षेम है (ऋग्वेद, 5/51/11)। अतएव सहज-सुलभ व सरल प्राकृतिक घटकों का सुरक्षित रहना स्वस्ति है। इस प्रकार पर्यावरण को संरक्षित रखने की उदात्त भावनाएं हमें अनेक स्थलों पर देखने को मिलती हैं।

प्राचीन वैदिक ऋषियों व विद्वानों ने उन समस्त पर्यावरणीय उपकारक तत्वों को देवसम्य बताकर उनके महात्म्य को अभिव्यक्त तो किया ही है, साथ ही साथ मानवीय जीवन में उनके पर्यावरणीय महत्व को भी स्वीकार किया है। इन देवताओं के लिए मनुष्य का जीवन ऋणी हो गया और वैदिक व शास्त्रीय परिकल्पनाओं व अवधारणाओं ने मानव को पितृऋण और ऋषिऋण के साथ-साथ देवऋण से भी उन्मुक्त होने की ओर संकेत किया है। वे देवऋण से मुक्त होने के लिए भी कर्तव्य करें। ऋषियों ने उसके लिए यह मयार्दा व सीमाएं स्थापित की हैं। पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए जिन देवताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है उनमें सूर्य, वायु, वरुण (जल) एवं अग्नि देवताओं से रक्षा की कामना की गई है। ऋग्वेद (1/158/1, 7/35/11) तथा अथर्ववेद (10/9/12) में दिव्य, पार्थिव और जलीय देवों से कल्याण व मंगल की कामेच्छा स्पष्ट रूप से उल्लिखित है।

**(पत्रकारिता विभाग रांची विवि रांची)**

# झारखंड की बेटी को मिला डेयरी क्षेत्र का राष्ट्रीय सम्मान

**झारखण्ड** राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ के देवघर इकाई (मेधा डेयरी) से जुड़ी महिला दुग्ध उत्पादक श्रीमति निकिता कुमारी को को गांधीनगर गुजरात में आयोजित इंडियन डेयरी असोशिएशन के 49वां डेयरी इंडस्ट्री कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में पूर्वी क्षेत्र से वेस्ट वोमेन डेयरी फार्मर इन द कंट्री एवार्ड से मतस्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री (भारत सरकार) पुरुषोत्तम रूपाला जी के द्वाराराष्ट्रिय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष मिनेश शाह, इंडियन डेयरी असोशिएशन के अध्यक्ष आर एस सोढ़ी तथा झारखण्ड दुग्ध महासंघ एवम इंडियन डेयरी असोशिएशन के पूर्वी प्रक्षेत्र के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह की उपस्थिति में पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार निकिता को डेयरी के क्षेत्र में उम्दा कार्य करने के लिए दिया गया है। `कार्यक्रम में पूरे देश तथा विदेशों से डेयरी उद्योग से जुड़े लोग तथा डेयरी किसान सम्मिलित हुए थे।

वर्तमान में निकिताके पास 26 दुधारू गायें है जिसमेसे अभी 18 गाय दूध दे रही है इसके अतिरिक्त इनके पास तीन भैंसे एवं 14 बछिया भी हैं अभी इनके यहाँ लगभग 160 लीटर दूध प्रतिदिन उत्पादन होता हैये अपना दूध प्रतिदिन मेधा डेयरी के कडबिंधा दुग्ध संग्रहण केंद्र,मधुपुर में बेचकर प्रतिमाह लगभग 1.5लाख रुपया इस व्यवसाय से कमाती हैंतथा अपने परिवार की आर्थिक रूप से सबल बनाने में भरपूर सहयोग कर रही है



`आनेवाले समय में इनका लक्ष्य खुद का 500 लीटर दूध उत्पादन कर गाँव में ही दुग्ध शीतलक केंद्र की स्थापना का है इनके कार्यों में इनके पति ब्रिज किशोर यादव भी बराबर से हाथ बटाते है। इनकी सफलता से झारखण्ड मिल्क फेडरेशन एवं इनके क्षेत्र के किसानों में आपार खुशी है ये महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनकर उभरी हैं।

निकिता ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने पति श्री ब्रिज किशोर यादव एवं मेधा डेयरी प्रबंधन को दिया है। निकिता बताती हैं कि कडबिंधा गाँव में वर्ष 2018 में मेधा डेयरी का दुग्ध संग्रहण केंद्र खुलने के बाद तो हमारी जिदगी ही बदल गयी है।` अब हमे दूध बेचने के झंझट से मुक्ति मिल गया और हमलोग खुल कर उत्पादन बढ़ाने में लग गये। मेधा के संग्रहण केंद्र में दूध बेचने से दूध का उचित मूल्य पर भुगतान निर्धारित समय से अपने बैंक खाता में प्राप्त हो जाता है साथ ही साथ उम्दा किस्म का मेधा पशु-आहार भी उचित मूल्य पर गाँव के स्तर पर ही मिल जाता है। गौ माता का सेवा करने से ही आज हम आर्थिक रूप से सक्षम हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### बंद घर से तीन लाख की चोरी



रामगढ़। वार्ड नं 6 स्थित जारा टोला विनोद बिहारी महतो कॉलोनी के एक बंद घर में चोरी की घटना घटी है। मामले को लेकर घर के मालिक सुनील कुमार महतो ने कहा कि वे बुधवार को परिवार के सदस्यों के साथ विवाह में शामिल होने ससुराल गये थे। जहां से गुरूवार को लौटे। लौटने पर घर का ताला टूटा पाया। वहीं, अंदर सामान बिखरे मिले। छानबीन करने पर ज्वेलरी सहित अन्य सामान गायब मिले। बताया कि चोर उनके घर से 3 लाख रूपए से अधिक के सामान ले भागे हैं। जिनमें ज्वेलरी सहित अन्य सामान शामिल हैं। उनके द्वारा इस संबंध में थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### टाटीझरिया में अवैध बालू लदा ट्रेकर जब्त

टाटीझरिया। टाटीझरिया सीओ निलम कुमारी और टाटीझरिया थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण करते हुवे झरपो गांव पहुंचे । जहां उन्होंने अवैध बालू परिवहन करने वाला पावर ट्रेक्टर के डाला से भरा बालू को 15 मार्च को जब्त किया। ट्रेक्टर झरपो निवासी नंदन महतो पिता आसो महतो का है । सीओ वा थाना प्रभारी ने अवैध बालू परिवहन कर्ता एवम उनके संचालन पर बालू परिवहन करने के आरोप में पकड़े गए वाहन की कागजात को जांच कर कानूनी कार्यवाही के संबंध में जिला खनन पदाधिकारी और जिला परिवहन पदाधिकारी हजारीबाग को लिखित आवेदन समर्पित किया गया है। यह खबर सबंधित विभाग को दिए गए आवेदन के अनुसार लिखा गया है।

### बारिश से तापमान में आई कमी



रामगढ़। शहर व आसपास गुरूवार को गरज के साथ बारिश हुई। बारिश के कारण तापमान में कमी आने से लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं, बारिश के दौरान कुछ घंटों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। अगले कुछ दिनों तक बारिश जारी रह सकती है।

### आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन



रामगढ़। छत्तरमांडू स्थित असना टोला में गुरूवार को जिला प्रशासन रामगढ़ एवं झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन द्वारा असना टोला आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में परिवर्तित करने का कार्य पूर्ण होने के उपरांत गुरुवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं सचिव झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन निक्की टोप्पो के द्वारा फीता काटकर केंद्र का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के उपरांत उपायुक्त एवं सचिव के द्वारा बच्चों के बीच यूनिफॉर्म, पढ़ाई सामग्रीयों आदि का वितरण किया गया। गौरतलब है कि जिला प्रशासन रामगढ़ एवं झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन द्वारा छत्तरमांडू अंतर्गत असना टोला मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया है । वही, केंद्र में बच्चों को विभिन्न सुविधाएं स्मार्ट क्लास, टेबल चेयर, यूनिफॉर्म आदि भी उपलब्ध कराएं गए हैं।

### श्री रामनवमी को लेकर बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा श्री रामनवमी पूजा महासमिति की बैठक बुधवार की शाम लक्ष्मी टाकीज मैदान में हुई। इसकी अध्यक्षता टिकेश्वर महतो ने किया। बैठक में पिछले वर्ष की श्री रामनवमी मेला के आय-व्यय का व्योरा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से इस वर्ष भी लक्ष्मी टाकीज समीप मैदान में भव्य श्री रामनवमी मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मेला में पूजा सहित महावीर ध्वजो का मिलान, झांकियो की प्रस्तुती, पुरस्कारों का वितरण की सहमति बनी। मौके पर मेला आयोजन को लेकर मैदान की साफ सफाई, सहयोग राशि सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही 21 मार्च को भुरकुंडा में आयोजित मंगला जुलूस को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। श्री रामनवमी मेला को सफल बनाने के लिए आगामी 18 मार्च शनिवार को रामनवमी मैदान में पुनः महासमिति की बैठक करने पर सहमति जताई गई। मौके पर टिकेश्वर महतो, गिरधारी गोप, विनय सिंह चौहान, प्रदीप मांझी शिवचरण महतो, प्रेम कुमार साहु, सुनील कुमार, रितेश मिश्रा, राजेन्द्र मुंडा, योगेश दांगी, शशि भूषण श्रीवास्तव, मुकेश राउत, लक्खी राणा, अजय साहु, विश्वरंजन सिन्हा, संतोष मिश्रा, दिलीप अग्रवाल, देवानंद महतो, अभिषेक प्रसाद, श्याम सिंह, अमिताभ कुमार आदि मौजूद थें।

### श्री हनुमंत यज्ञ 17 जून से



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा बाजार स्थित खपड़िया बाबा मंदिर में नवीन हनुमान प्रतिमा स्थापित को ले मंदिर परिसर में गुरूवार को स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसमें वनांचल के जगतगुरु स्वामी दीन दयाल जी महाराज मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी के लिए हनुमंत जयंती दिनांक 6 अप्रैल को भूमि पूजन व यज्ञ ध्वजारोहण किया जाएगा। 17 से 21 जून तक पांच दिवसीय यज्ञ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर जगतार सिंह, सुखदेव प्रसाद, विनय सिंह, पप्पू गुप्ता, जीवन गुप्ता, अशोक मिश्रा, विनय, संजय कुमार, अंकित गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, विजय बंसल, लालबाबू राय, मनोज कुमार, अशोक शर्मा, रंजीत सिंह, प्रमोद शर्मा, दिनेश कुमार, उमेश सिंह, शिव कुमार गुप्ता, शशि कुमार, कृष्णा कुमार, राजा राम साहू, रूमा कुमारी, राजू कुमार सहित दर्जनों व्यवसायी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# म्यूटेशन के लंबित मामले जल्द निष्पादित करें सीओ : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ राजस्व, कोल और एनएच से संबंधित भू अर्जन मामले की डीसी ने की समीक्षा, दिया निर्देश



हजारीबाग। राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सुखाड़ राहत, पीएम किसान, म्यूटेशन, ई कोर्ट,ई केवाईसी मामलों की समीक्षा की। म्यूटेशन के लंबित मामलों को समय पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। म्यूटेशन के अत्यधिक लंबित वाले प्रखंडों के अंचलाधिकारियों को गंभीरता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने आम जनता से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लाभूकों के लिए सहायता राशि अंतरण को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने एवं प्रक्रियाधीन लंबित आवेदन को समन्वय स्थापित कर निष्पादित करने को कहा गया। आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजना में भूमि अधिग्रहण कानून के तहत प्रभावितों को मिलने वाली भूमि व निर्मित मकानों, दुकानों का मुआवजा राशि सहित वन विभाग से एनओसी के लिए प्रक्रिया संपन्न करने के लिए संबंधित एजेंसी,अंचल कार्यालय की ओर से पहल कर परियोजना को समय पर पूरा करने एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अवॉर्ड रैयतों का मुआवजा राशि भुगतान के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा पथ निर्माण, विद्युत वितरण, संचरण आदि परियोजनाओं के लिए भू अर्जन सहित रैयतों को मिलने वाली मुआवजा राशि भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि रामनवमी त्यौहार के मद्देनजर जिला प्रशासन को विधि व्यवस्था संधारण करने की अतिरिक्त महत्त्वपूर्ण जिम्मेवारी है इसलिए विभिन्न कंपनियां प्रखंड प्रशासन से लंबित मामलों का अपने स्तर से समन्वय बनाते हुए फॉलोअप करें।

एनएच के प्रतिनिधि ने बताया कि बरही कोडरमा राष्ट्रीय राजमार्ग 31 में मुआवजा संबंधी 65 मामलों में 53 मामलो को निष्पादित कर दिया गया तथा शेष 12 मामलो पर प्रभावितों के साथ बात कर आ रही अड़चनों को दूर कर मामले के निष्पादन करने की बात कही। बेंदगी में अधिग्रहित जमीन के मुआवजा संबंधी वैल्यूएशन रिपोर्ट भू अर्जन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी। राष्ट्रीय राजमार्ग 2 चोरदहा गोरहर प्रोजेक्ट में स्थानीयों द्वारा अवरोध उत्पन्न करने पर एनएच के प्रतिनिधि ने उपायुक्त के समक्ष तत्काल प्रशासनिक सहयोग देकर मामले के निष्पादन का आग्रह किया। पदमा प्रखंड में एनएच द्वारा अधिग्रहित जमीन का म्यूटेशन लंबे समय से तकनीकी खराबी के कारण लंबित रहने की जानकारी दी, इस पर उपायुक्त ने यथाशीघ्र विभाग से वार्ता कर तकनीकी खामियों को दूर कर म्यूटेशन कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता राकेश रोशन, डीएलएओ बिनोद कुमार, बरही एसडीओ, सभी सीओ, कई कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे ।

# रामगढ़ बिरसा बस स्टैंड का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



रामगढ़। रामगढ़ छावनी क्षेत्र अंतर्गत बिरसा बस स्टैंड में यात्रियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने व बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए डीएमएफटी के माध्यम से किए जा रहे कार्यों व मांडू प्रखंड में पुल निर्माण कार्य का गुरुवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने निरीक्षण किया।

बिरसा बस स्टैंड में यात्रियों को विभिन्न सुविधाएं डॉरमेट्री, क्लॉक रूम आदि एवं स्टैंड के सौंदर्यीकरण कार्यों के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने एवं यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर विभिन्न कार्य करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बिरसा बस स्टैंड के निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने मांडू प्रखंड के केदला मध्य क्षेत्र में डीएमएफटी के माध्यम से निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण किया।उन्होंने कार्य प्रगति का जायजा लेने के क्रम में अधिकारियों को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

### भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में रक्तदान शिविर 18 को



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय भुरकुंडा में 18 मार्च को रक्तदान शिविर लगेगा। गुरूवार को पोस्टर से अस्पताल परिसर में लोगों को जागरूक करते हुए चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.एचके सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। सबों को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। ताकि लोगों को ऑपरेशन व इलाज के समय रक्त की कमी न हो। उन्होंने कहा कि आपका दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है। श्री सिंह ने शिविर में शामिल होकर अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने की अपील की है। शिविर को ले राहुल झा, दिवाकर, राजेंद्र सहित अन्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# जेएम कॉलेज भुरकुंडा में स्पोर्ट्स कीट वितरित

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा हुए सम्मानित




भुरकुंडा (रामगढ़)। जेएम कॉलेज भुरकुंडा एनएसएस ईकाई एक के तत्वावधान में रीवर साइड बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन गुरूवार को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में चीप हाउस पंचायत के मुखिया विकाश पांडेय, चोरधरा पंचायत के मुखिया राम नारायण सिंह, जेएम कॉलेज एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी ड.शिला सिंह ने मुख्य रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ प्रखंड एनवाईभी महेश कुमार महतो व संचालन नेहरू युवा केंद्र वलंटियर राहुल प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात गणेश वंदना व सरस्वती वंदना गाकर किया गया।

मौके पर चोरधरा मुखिया राम नारायण सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में युवाओं को और प्रखर रूप से निखरना होगा। नेहरू युवा केंद्र संगठन देश की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र देश के युवाओं को मंच प्रदान करता है जिसके माध्यम से युवा अपने हुनर को देश और दुनिया के सामने दिखाते हैं। साथ ही देश को नई बुलंदियों तक ले जाते है। उन्होंने विश्व पटल में भारत के जी-20 अध्यक्षता का महत्व विषय पर प्रकाश डालते हुए भारत और भारत के युवाओं के भूमिका को भी बताया। चीप हाउस पंचायत मुखिया विकाश पांडेय कहा कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भरना है। उन्होंने कहा कि आप सभी युवाओं को नेहरू युवा केंद्र द्वारा संचारित सकारात्मक ऊर्जा को देश के विभिन्न क्षेत्रों में संचारित करना है। जिससे देश का विकाश हो। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह ने देश की युवतियों को देश के युवकों से कदम से कदम मिलाने के साथ साथ युवकों की तरह देश की जिम्मेदारी उठाने का आवाहन किया। पतरातु प्रखंड एनवाईभी बंटी कुमार ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश और देश में हो रहे गतिविधियों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आगे भी नेहरू युवा केंद्र क्षेत्र में राष्ट्र हित और युवाओं के हित में कार्य करता रहेगा। एनएसएस वलंटियर गुलनाज परवीन ने बिना युद्ध के युग की ओर बढ़ते हुए समाज के विभिन्न घटकों के बीच शांति निर्माण का महत्व विषय पर युवाओं को संबोधित किया। जेएम महाविद्यालय एनएसएस इकाई एक की टीम लीडर सोनाली सिंह ने मानविक गतिविधियों द्वारा जलवायु में हो रहे बदलाव विषय पर चर्चा करते हुए युवाओं को आपदा प्रबंधन के बारे में बताया। कार्यक्रम में 6 प्रखंडों के सैकड़ों युवा शामिल हुए। साथ ही विभिन्न युवा मंडलों के बीच स्पोर्ट्स कीट का वितरण भी किया गया। उत्ष्ट सेवा प्रदान करने के लिए युवाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सतीश मंडल, लक्ष्मीकांत सिंह, अंजली सिंह, धनंजय कुमार, रिया, सिराज अनवर, शुभम, प्रियांस, शिवानी, खुशबू, आरती, सोनिया, कोमल, अर्जुन, कंचन, निशा, सुमन सहित कई स्वयंसेवक जुटे हैं।

### अतिक्रमण का दंश झेल रहे झारखंडी : जयराम

कुजू। झारखंड राज्य अलग हुए 22 वर्ष के बाद भी सभी क्षेत्रों में अतिक्रमण का दंश झेल रहा है। झारखंड में बाहर के लोगों का राज चल रहा है। इसका बदलाव दो ही तरीका से किया जा सकता है वोट से या चोट। उक्त बातें आंदोलनकारी नेता टाईगर जयराम महतो ने कही। जयराम महतो झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले मुरपा तरवाटांड़ में बुधवार को खतियानी महाजुटान में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 1932 आधारित खतियान व नियोजन नीति को लेकर वर्तमान सरकार को घेरते हुए इसे हर हाल में लागू कराने पर जोर दिया। उहोंने आस-पास के फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषण पर कहा कि जमीन हमारा और हमलोग ही प्रदूषण का शिकार हो रहे है। इससे बचने के लिए आंदोलन करना जरूरी है। महाजुटान कार्यक्रम में कुजू दक्षिणी मुखिया राकेश मेहता रॉक, राजद जिलाध्यक्ष मो गुलजार, अमरलाल महतो, दाहो महतो, प्रेम पटेल, विकास पटेल, अमित ठाकुर, कुलदीप कुमार, संतोष महतो, अनिल महतो, मुन्ना अगरिया, अक्षय कुमार, अमन कुमार, अनुज कुमार, टेकलाल महतो, अशोक, आकाश, दिलीप कई मौजूद थे।

# क्षत्रिय महासभा अधिवेशन आठ अप्रैल से

### समाज एक मंच पर आए, ताकि एकता का नया अध्याय जुड़ सके : राज सिंह चौहान



बरही। प्रखड अंतर्गत केदारुत पंचायत के कटियौन गांव में क्षत्रिय महासभा अधिवेशन होगा। इस बात की जानकारी क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने दी।

कटियौन गांव में एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह व संचालन मिथिलेश सिंह ने किया। बैठक में क्षत्रिय महासभा प्रमंडलीय युवा अध्यक्ष राजसिंह चौहान, पंसस विकास सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह ने बताया कि वर्तमान परिस्थिति के अनुसार समाज मे संगठित होने की जरूरत है। महासभा के युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने बताया कि आज वक्त आ गया है कि संपूर्ण राजपूत क्षत्रिय समाज एक मंच पर आए, ताकि समाज की एकता व अखंडता का नया अध्याय जुड़ सके। इस कार्यक्रम के माध्यम से एकजुटता का परिचय देकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। वही केदारुत पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह ने बताया कि इस अधिवेशन में क्षत्रिय महासभा के कोने-कोने से समाज के लोग आएंगे जैसे हजारीबाग, चतरा, कोडरमा रामगढ़, धनबाद आदि। यह अधिवेशन 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक चलेगा। जिसमे दहेज उन्मूलन समिति की भूमिका अहम मानी जायेगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी, सदस्य एवं कार्यकर्ताओं से इस महासभा में पहुंचकर समाज के उत्थान, एकता एवं अखंडता को बनाकर रखने के लिए आह्वान किया। मौके पर अध्यक्ष गोपाल सिंह, युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान, प्रभु सिंह, मिथिलेश सिंह, दिनेश्वर सिंह, संभुनाथ सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, बिकास सिंह, बसंत सिंह, अशोक सिंह, प्रद्युमन सिंह, उपेंद्र नारायण सिंह, कैलाश पति सिंह, सतेंद्र सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, मंटू सिंह, प्रदीप सिंह, रंजीत सिंह, नंदकिशोर सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### फोटोग्राफी एसोसिएशन ने विधायक को एक्सपो में आने का दिया निमंत्रण



हजारीबाग। झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के द्वारा 6,7 और 8 अप्रैल 2023 को आयोजित होने वाले एक्सपो के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम को लेकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा परिसर में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया। यह एक्सपो संपूर्ण झारखंड स्तर का अयोजित होने वाला है और यह राजधानी रांची के खेलगांव में अयोजित होगा। इस एक्सपो में पूरे झारखंड के फोटोग्राफर एक साथ जुटेंगे । एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष चन्द्रेश्वर पंडित, सचिव उपेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा उर्फ.बबलू, उपाध्यक्ष बिरजू कुमार, संरक्षक बापी घोषाल, विरेन्द्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया क्लीनिक खुला



चरही।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू में गुरुवार को फाइलेरिया क्लीनिक का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अशोक राम के द्वारा किया गया फाइलेरिया क्लीनिक खुल जाने से प्रखंड डाडी एवं चुरचू के लोगों को फाइलेरिया रोकथाम एवं हाइड्रोसील ऑपरेशन हेतु प्रखंड से बाहर जाने का जरूरत नहीं होगा सप्ताह के हर एक शुक्रवार को फाइलेरिया क्लीनिक में ओपीडी का संचालन किया जाएगा जिसमें हाथी पांव एवं हाइड्रोसील के रोगियों की जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। कार्यक्रम उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अशोक राम, डॉक्टर संजय कुमार डे,मलेरिया तकनीकी पर्यवेक्षक रूपलाल कुमार, अमरकांत सिन्हा, गौतम कुमार, विजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार ,कामाख्या कुमार गुप्ता,इकबाल हुसैन, विमल कुमार, फिलिप सोरेन,तालु हेंब्रोम, दीपक कुमार मनोज कुमार, प्रेमचंद प्रजापति, शीला भगत ,स्वीटी कुमारी ,ललिता कुमारी, रेखा कुमारी ,तारा कुमारी, जयवंती मरांडी, एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### पीएम किसान योजना को ले लगेगा शिविर



बरही। जिला कृषि पदाधिकारी हजारीबाग के आदेशानुसार किसानों को खेती कार्य हेतु आर्थिक सहयोगार्थ केन्द्र प्रायोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना सभी जिलों में चलाई जा रही है। इस योजनान्तर्गत 13वीं किस्त (दिसम्बर मार्च 2023) की राशि उन्हीं लाभुक किसानों को विमुक्त की जायेगी, जिनका बैंक खाता आधार सीडिंग से जुड़ा हुआ तथा डीबीटी हेतू उपयुक्त होगा। भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार इन्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खुलवाने एवं आधार सीडिंग हेतू पंचायतों में कैम्प का आयोजन किया जायेगा। बैठक में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, बीएओ आजाद सिंह, सीआई सतीश सिन्हा, कर्मचारी रीतलाल रजक, अवधेश चौधरी, जीवलाल, सहोदर, सागर सहित दर्जनों कृषक मित्र मौजूद थे।

### दारू में फाईलेरिया और टीवी जांच केंद्र खुला

दारू। सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी सिंह ने स्वास्थ्य उपकेंद्र पेटो में गुरुवार को फाईलेरिया और टीवी जांच केंद्र का उद्घटान किया। सिविल सर्जन के साथ डॉक्टर कपिल मुनि और डॉक्टर प्रवीननाथ ने केंद्र का उद्घटान संजुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि पेटो स्वास्थ्य उपकेंद्र में जनता की इलाज की सुबिधा बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। आज फाईलेरिया क्लीनिक और टीवी जांच केंद्र का उद्घाटन किया गया है इससे मरीजों को इलाज या जांच के लिए शहर जाने की जरूरत नही पड़ेगी । उद्घटान के दौरान पूनम सेविका एक्का,जोगेश्वर शर्मा,जयराम कुमार, रामकुमार महतो,नीलकांत विश्वकर्मा, देवाशीष मित्रा, आलोक कुमार, संतोष चौरसिया, सुशीला कुमारी के साथ बड़ी संख्या में एएनएम और सहिया दीदी मौजूद थी।

### बकसपुरा पंचायत में ऋण वितरण शिविर

विष्णुगढ़ । बकसपुरा पंचायत में वित्तीय समावेशन सशक्तिकरण अभियान के तहत बुधवार को ऋण वितरण व संववितरण शिविर लगा। शिविर के माध्यम से बैंको द्वारा 58 एसएचजी महिला सहायता समूह के बीच 3 .48 करोड़ रुपए ऋण की स्वीकृति की गई। साथ हीं 1.03 करोड़ रुपए का संवितरण किया गया। बैंक ऑफ इंडिया नवादा शाखा इस दिन को खास बनाना चाहती थी जिसके लिए एसएचजी के 42 महिला सहायता समूह को 2 .52 करोड़ रुपए की स्वीकृति की एवं 78 लाख का संवितरण किया . साथ हीं शिविर के माध्यम से विभिन्न सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 38 लोगों को जोड़ा गया। शिविर में मुख्य रूप से बैंक ऑफ इंडिया के एलडीएम सुधाकर पांडेय, वित्तीय सलाहकार उदय शंकर मिश्र, एसकेभीके डेमोटांड के प्रभारी चंदन कुमार, बैंक ऑफ इंडिया नवादा शाखा प्रबंधन अमर कुमार, जेएसएलपीएस के बीपीएम रामगिरी उरांव, अविनाश पाण्डेय के अलावे पंचायत के मुखिया ननकू महतो, पंसस उमा देवी व जेएसएलपीएस के महिला समूह के लोग उपस्थित थे '

### पुल निर्माण का बीडीओ ने किया निरीक्षण



बड़कागांव। बड़कागांव चोरका नदी में निमार्णाधीन पुल में अनियमितता बरते जाने एवं श्मशान घाट के रास्ते को बंद कर दिए जाने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडेय ने औचक निरीक्षण किया।इस दौरान देखा गया कि रामेश्वरम कंस्ट्रक्शन द्वारा बनाए जा रहे हैं पूल के अप्रोच कार्य में घटिया किस्म के सामग्रियों का प्रयोग किया जा रहा था, जिसे प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उन घटिया किस्म सामग्रियों को बदलवा कर गुणवत्ता युक्त सामग्री प्रयोग करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ के साथ-साथ मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार भी शामिल थे।

### एनटीपीसी ने पुलिस प्रशासन को दिया 13 लाख



बड़कागांव। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने हजारीबाग जिले की पुलिस को और सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए 13 लाख 20 हजार का चेक भेंट किया है। यह चेक पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने हजारीबाग जिला के पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन को सौंपा। पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना ने यह राशि पुलिस विभाग को व्यक्तिगत सुरक्षा संबंधित उपकरण जैसे जैकेट, हेलमेट, हेड कवर, काले चश्मे, दस्ताने, जूता आदि जैसे प्रोटेक्टिव गियर्स को खरीदने के लिए दिया है। पिछले वर्ष भी एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने पुलिस विभाग को 5 लाख रुपए की राशि दी थी जिससे पुलिस विभाग ने अलग-अलग सुरक्षात्मक उपकरण खरीदे थे। इस मौके पर हाल ही में अपना पदभार ग्रहण करने वाले चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के प्रमुख अनिमेष जैन ने हजारीबाग पुलिस अधीक्षक से बुके देकर औपचारिक मुलाकात की। मौके पर सीजीएम शिवम श्रीवास्तव, सीजीएम अनिमेष जैन के अलावा पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना भी मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समय की मांग : नामधारी



**मेदिनीनगर।** सीबीएसइ पटना जोन ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कराया। माता द्रौपदी नामधारी गरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, जमुने में गुरुवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के संरक्षक सह झाररखंड विधानसभा के पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पर्याप्त नहीं है अपितु मूल्य आधारित शिक्षा आज के समय की मांग है। मौके पर प्राचार्य पार्थ प्रतिम गुप्ता, होली क्रॉस स्कूल रांची के शिक्षक अनुप कुमार डे, ब्राइट लैंड स्कूल डालटनगंज की शिक्षिका चीशूं सिंह, डीएवी डालटनगंज के प्राचार्य जीएम खान, ब्राइट लैंड स्कूल के प्राचार्य राहुल सिंह, संत मरियम स्कूल के प्राचार्य आदर्श कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### विधायक ने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण योजना का किया ऑनलाइन शिलान्यास



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के विशुनपुर में गुरुवार को हरिहरगंज हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण योजना का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इसका निर्माण राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना अंतर्गत कराया जाना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि व पूर्व मुखिया सरोज कुशवाहा, एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय सिंह, नवल सिंह, रामवृक्ष मस्ताना, मनीष सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह , संवेदक तलवंती कंस्ट्रक्शन के विवेका त्रिपाठी, भीष्मदेव नारायण सिंह, अरविंद पांडेय थे।

### रजवाडीह मवि के निखिल को प्रथम पुरस्कार



**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट मेदिनीनगर में आयोजित जिला स्तरीय हिंदी उत्सव के निबंध प्रतियोगिता में रजवाडीह मध्य विद्यालय के निखिल तिवारी को प्रथम पुरस्कार मिला। कक्षा-6 से 8 समूह में 'हिंदी का महत्त्व' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में निखिल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। प्राचार्य परशुराम तिवारी ने कहा कि निखिल ने अपनी प्रतिभा से हम सबको यह सुखद क्षण दिया।

### लापरवाही से हो रही है दिक्कत : सीओ



**हैदरनगर, पलामू।** हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय के बाजार क्षेत्र में बैंक रोड, जवाहर पथ व अन्य स्थानों पर संचालित सीएचसी का निरीक्षण व जांच सीओ राजीव नीरज ने सहकर्मियों के साथ किया। इस दौरान आवेदकों के सीएससी से अपलोड होने वाले दस्तावेज के अधूरा रहने पर संचालक पर बरस पड़े। कहा कि संचालक की लापरवाही व दस्तावेज की कमी से उनके प्रमाण पत्र निर्गत होने में अड़चनें आती है।

### विकास कार्यों में लायें तेजी : उपायुक्त

**मेदिनीनगर।** जिले के विकास कार्यों में तेजी लाने की जरूरत है। इसके लिए पदाधिकारी एवं कर्मचारी संजीदगी से कार्य करें। आमजनों की परेशानियों को समझें और उनकी समस्याओं का निदान करें। पदाधिकारी एवं कर्मचारी पब्लिक कनेक्ट रखें। अंतिम पंक्ति के योग्य व्यक्तियों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। यह बातें उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने कही। वे गुरुवार को नावा बाजार प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दे रहे थे। मौके पर बीडीओ मो अमीर हमजा, सीओ राकेश श्रीवास्तव तथा प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने की डीएमएफटी की समीक्षा बैठक



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने डीएमएफटी अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने बैठक में जिले के 165 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए डिजिटल लर्निंग की सुविधा उपलब्ध कराना, विभिन्न विद्यालयों में अतिरिक्त वर्ग का शौचालय एवं चहारदीवारी निर्माण, बिश्रामपुर के लालगढ़ अवस्थित औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र और पंडित दीनदयाल स्मृति भवन का जीर्णोद्धार, शहर के चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। मौके पर एसपी चंदन कुमार सिन्हा, डीडीसी रवि आनंद, डीएफओ, नजारत उप समाहर्ता शैलेश सिंह, सीएस, डीएसओ, डीआईओ भी थे।

### उंटारी रोड : विहिप-बजरंग दल की बैठक



**उंटारी रोड।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड मुख्यालय के बाजार परिसर के मां भगवती मंदिर प्रांगण में गुरुवार को रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से 29 मार्च (अष्टमी) के दिन शोभायात्रा निकलेगी। बैठक में पूर्व विहिप अध्यक्ष अरविंद मेहता, बजरंग दल के सह संयोजक ओमप्रकाश गुप्ता, संरक्षक सुरेंद्र नाथ तिवारी, पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान, आशीष सोनी, संतोष पांडेय आदि थे।

### प्रशासन के आदेश का हाइवा चालक और दुकानदार नहीं कर रहे हैं पालन



**नावा बाजार।** पड़वा बाजार के दुकानदार, आटो चालक व हाइवा चालक प्रशासन के आदेश को नहीं मानते हैं। मालूम हो कि पड़वा थाना परिसर में होली को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद व थाना प्रभारी नकुल साह के समक्ष शांति समिति के सदस्यों ने बताया था कि साप्ताहिक बाजार के दिन पड़वा-पाटन मुख्य पथ का अतिक्रमण कर दुकान लगा देने के साथ साथ हाइवा के परिचालन से अक्सर जाम लगती है। साथ ही दुर्घटना की भी आशंका रहती है।

# 93.5 करोड़ की लागत से एनएच से जुड़ेगा सिंगरा चेंडाबार कोयल नदी पुल

■ सांसद बीडी राम के अथक प्रयास से आरओबी निर्माण की मिली स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बहुत ही जल्द एनएच से सिंगरा चेंडाबार कोयल नदी पुल जुड़ जायेगा। सांसद विष्णुदयाल राम के अथक प्रयास से आरओबी निर्माण की स्वीकृति मिल गयी है। निर्माण कार्य पर लगभग साढ़े तिरासी करोड़ रुपये खर्च होगा। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप गुरुवार 16 मार्च को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने सेतु बंधन योजना के अंतर्गत केन्द्रीय सड़क अवसरंचना निधि के तहत सिंगरा-चेड़ाबार कोयल नदी पर बने पुल को सिंगरा एनएच रोड़ से जोड़ने हेतु रेलवे लाइन पर 83.54 करोड़ रुपये की लागत से आरओबी के निर्माण की स्वीकृति दे दी गयी है।

#### क्या बोले सांसद

इस संबंध में सांसद श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से गढ़वा जिला होकर अन्य राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश को जोड़ने के लिए मेदिनीनगर एवं शाहपुर के बीच में कोयल नदी पड़ती है जिस पर वर्ष 1980 में पुल बनाया गया था। उक्त पुल पर प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहनों एवं हजारों लोगों का आना-जाना होता है। पुल काफी पुराना होने के चलते जर्जर हो गया है एवं उसके कभी भी धाराशाई होने की संभावना बनी रहती है। उक्त पुल पर भारी वाहनों के दबाव को कम करने के लिए वैकल्पिक पुल का निर्माण वर्ष 2015-16 में मेदिनीनगर के सिंगरा-चेड़ाबार के बीच कोयल नदी पर किया गया था। परंतु उक्त पुल तक पहुँच पथ नहीं होने के कारण आवागमन सुचारू रूप से अभी तक चालू नहीं हो सका है। जिससे आवागमन में जनता को काफी कठिनाई हो रही है। उल्लेखनीय है कि सिंगरा-चेड़ाबार कोयल नदी पर बने पुल को सिंगरा एन0एच0 रोड़ से जोड़ने हेतु उक्त आर0ओ0बी0 के निर्माण होने से जनता को आवागमन में सुविधा होगी और मेदिनीनगर में लगने वाली जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी। सांसद ने उक्त स्थान पर आरओबी निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के लिए पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से देश के यशस्वी पीएम मोदी एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी के प्रति आभार व्यक्त किया है।



# अभिषेक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पानी की समस्या से करवाया अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** युवा समाजसेवी व झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर मेदिनीनगर में विकराल रूप धारण करते हुए पानी की समस्या से उन्हें अवगत करवाया। ज्ञात हो कि श्री सिंह रांची में आधिकारिक दौरा के दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में सीएम से मेदिनीनगर के विकास पर बल देते हुए चर्चा की है। उन्होंने बताया कि सीएम बहुत ध्यान से उनकी बातों को सुन रहे थे और मेदिनीनगर के विकास में हर संभव मदद का भरोसा भी दिया है। मेदिनीनगर में कई मूलभूत सुविधाओं की कमी है जिसकी जानकारी मैंने उन्हें दे दी है लेकिन जल समस्या सबसे अधिक है। जिसपर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक प्रयास का भरोसा दिया है। मेदिनीनगर के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा यदि कोई है तो वर्तमान में निगम की सरकार में बैठे हुए भाजपा के लोग हैं। फेज 2 जलापूर्ति योजना को इन लोगों ने बंद कर दिया और जब चुनाव नजदीक आ गया है तो ये लोग ढिंढोरा पिट रहे हैं।

पानी की समस्या विकराल है , यदि समय पर ठोस निर्णय लिए गए होते तो आज हमारे प्रिय निगमवासियों को समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। मैं मेदिनीनगर की जनता को यह भरोसा दिलाता हूँ कि मुख्यमंत्री जी के आशीर्वाद से आने वाले दिनों में हम सभी घरों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करेंगे।



सीएम और मंत्री से मुलाकात करते झामुमो नेता व अन्य।

### गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने कहा

# जल्द मिलेगी रजिस्ट्री ऑफिस व पोस्टमार्टम हाउस की सुविधा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि छतरपुर अनुमंडल में जल्द ही रजिस्ट्री ऑफिस और पोस्टमार्टम हाउस की सुविधा यहां के लोगों को मिलने लगेगी। इस संबंध में सरकार ने कार्य करना शुरू कर दिया है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि निबंधन कार्यालय और पोस्टमार्टम हाउस को लेकर तीन दिन पहले निबंधन विभाग और स्वास्थ्य विभाग के मंत्री से हुई थी। छतरपुर अनुमंडल अति पिछड़ा क्षेत्र में आता है और जिला मुख्यालय से इसकी दूरी भी काफी अधिक है। लोगों को निबंधन और अन्य कार्यों को कराने के लिए बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है।

किसी का मौत दुर्घटना या अन्य हादसों में होने पर परिजनों को शव के पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल जाना पड़ता है। जाने में डेढ़-दो घंटे का समय लग जाता है। शाम हो जाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए अगले दिन का इंतजार करना पड़ता है। छतरपुर में पोस्टमार्टम की सुविधा होने पर लोगों को विपरीत परिस्थिति में परेशान नहीं होना होगा। उन्होंने कहा कि अनुमंडलीय मुख्यालय में सुविधाओं का विस्तार होना चाहिए। जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है कि जनता के जीवन को सरल बनाने की दिशा में कार्य करे।

मंत्री ने उपायुक्त से निबंधन कार्यालय खोलने के लिए प्रस्ताव मांगा है। वहीं सिविल सर्जन को पोस्टमार्टम हाउस के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है।प्रेस कांफ्रेंस में जदयू नेता चिंटू मेहता समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देतीं पूर्व मंत्री व उपस्थित अन्य।

# कार्तिक में पलामू में भागवत कथा करेंगे परमपूज्य देवकीनंदन ठाकुर : गुरु पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी कार्तिक मास में परमपूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज का सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन करेगी। रेड़मा रांची रोड स्थित वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में युवा वाहिनी के संरक्षक गुरु पांडेय ने बताया भागवत कथा स्थानीय बाई पास रोड में हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में आयोजित किया जायेगा। 21 नवंबर से आयोजित भागवत कथा का कार्तिक पूर्णिमा को समापन होगा। श्री पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी धार्मिक स्थलों के संरक्षण व धार्मिक आयोजनों पर विशेष रुप से कार्य कर रही है उसी योजना के तहत झारखंड में पहली बार परमपूज्य देवकीनन्दन ठाकुर जी महाराज के भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि सनातन धर्म को लेकर आगे चलना ही युवा वाहिनी की नीति है।

संवाददाता सम्मेलन में युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सोनू मिश्रा,अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी, पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, संजय मिश्रा,अरविंद पांडेय, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दुबे, सत्येंद्र तिवारी, शैलेश तिवारी, राजेंद्र पांडेय, मनु तिवारी, विवेकानंद झा, प्रवीण पाठक, आशीष दुबे, अंगद दुबे सहित कई सदस्य मौजूद थे। युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि बहुत जल्द सनातन धर्म के अनुयायियों की एक बैठक बुलाई जायेगी और भागवत कथा आयोजन कमेटी का गठन किया जायेगा। उन्होंने सभी सनातन प्रेमियों से इस धर्म कार्य में सहयोग करने की अपील की। इसके पूर्व गुरुवार को परमपूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज की टीम ने भागवत कथा स्थल का मुआयना किया इस दौरान शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी दीपू सिंघानिया भी युवा वाहिनी के टीम के साथ थे वहीं श्री सिंघानिया ने पूरे आयोजन में युवा वाहिनी को पूर्ण मदद का भरोसा दिया।



हाउसिंग कालोनी में भागवत कथा स्थल का निरीक्षण करते परमपूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज की टीम के साथ राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पदाधिकारी।

# छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में शुरू हुई टैंकर से जलापूर्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने सभी वार्डों में टैंकर से जलापूर्ति शुरू करा दिया है। पेयजल हेतु टैंकर से सभी वार्डों में नगर कर्मियों के टीम बनाकर कार्य करने को कहा है। नगर पंचायत क्षेत्र में कहीं भी पानी की दिक्कत हो तो टीम टैंकर से पानी देंगे। जिससे गुरुवार को टैंकर से पेयजल की सुविधा दी गयी। प्रायः देखा जाता है कि चापाकल तो ठीक है लेकिन गर्मी के दस्तक देते ही पानी का जल स्तर भाग जाता है जबकि लोगों को यह देखने को मिलता है कि यहां वहां का चापाकल खराब है, जिसके वजह से पेयजल के लिए पानी नहीं मिल रहालोग सिर्फ विभाग की उदासीनता जाहिर करते है जबकि उस चापाकल का जल स्तर सैकड़ों मीटर नीचे चला जाता है। हालांकि इलाके का जलस्तर एक दशक में कई पोरसा नीचे चला गया है। हालांकि कार्यपालक पदाधिकारी श्री बेदिया ने गंभीरता दिखाते हुए इस कार्य को गति देते हुए एक टीम गठित कर पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए कार्य प्रारंभ किया है।



# अनुपस्थित कर्मियों पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई : विस्पुते श्रीकांत

›› पाटन प्रखंड सभागार में बीस सूत्री की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन, पलामू।** प्रखंड सभागार में पाटन बीस सूत्री की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता पाटन बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय और संचालन पाटन बीडीओ मनोज तिवारी ने किया। बैठक में आइएस अधिकारी सह सीओ वीसपुते श्रीकांत यशवंत मौजूद थे। बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मचारियों पर बीस सूत्री के सदस्यों ने नाराजगी जतायी। आइएएस सह सीओ बिस्पुरे श्रीकांत ने कहा कि अगली बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जो उपस्थित नहीं होंगे उनपर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में पेंशन पीएम आवास केसीसी ऋण का मामला उठा। आइएएस श्रीकांत ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं अधिकारी को निर्देश दिया कि जल्द जांच कर सभी विषयों का समाधान करें। सभी लोग अपना काम ठीक से करें। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।



### व्यावसायिक विषय के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**मेदिनीनगर।** आरके प्लस टू हाई स्कूल छतरपुर के व्यावसायिक विषय रिटेल के छात्रों ने डालटेनगंज के वन इंडिया फैमिली मार्ट और रिलायंस ट्रेंड में शैक्षणिक भ्रमण किया। व्यावसायिक टीचर दीपक सिंह ने उन्हें वहां सारी स्थिति को समझाया। उन्हें प्रॉब्लम बताया। मॉल वालों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मॉल में हो वह कैसे सेल करते हैं परिचित करते हैं और कैसे कस्टमर से बात करते हैं इन सब चीजों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया।

### सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने सत्य प्रकाश सिंह

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार प्रखंड के अवस्थित राजकीय उच्च विद्यालय गुलाबझरी के प्रांगण मे जलाशय डूबी क्षेत्र मे अधिकृत किये गये 18 गांव के रैयतों के बीच आम सभा लक्ष्मीपुर मुखिया हेवंती देवी की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें बटाने सह प्रभावित मंच का गठन के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। गठन के लिए सेवानिवृत प्राध्यापक सुरेन्द्र सिंह को पर्यवेक्षक चुना गया। बैठक में बटाने विस्थापित सह प्रभावित मंच का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष अशोक यादव, कोषाध्यक्ष संजय यादव, महासचिव संतोष सिंह, संरक्षक अनिल सिंह, मीडिया प्रभारी मृत्युंजय सिंह, रवि शंकर कुमार संगठन मंत्री, अजय सिंह चुने गये।

# हुसैनाबाद : चार केंद्रों पर इंटर की कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वरा संचालित राज्य भर में इंटर व मैट्रिक की परीक्षा अनुमंडल क्षेत्र में आने वाले विभिन्न महाविद्यालय के चार परीक्षा केंद्रों हुसैनाबाद मुख्यालय में बनाया गया हैं जिसमे गुरुवार को इंटर की विज्ञान संकाय में कॉम्पसरी भाषा की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण संपन्न हो गयी। बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक आमोद प्रकाश ने बताया कि गुरुवार की परीक्षा में 505 परीक्षार्थियों में नौ अनुपस्थित थे। 496 परीक्षार्थी शामिल हुए। बक्शी उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक संतोष प्रसाद ने बताया कि 571 परीक्षार्थियों में पांच परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में कुल 566 परीक्षार्थी शामिल हुए।



### शराब माफिया की खोजबीन में जुटी पुलिस

**नावा बाजार।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा घाटी में बुधवार को जिला उत्पाद विभाग व नावा बाजार थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए बुधवार को शराब लदा कंटेनर को पकड़ा था। नावा बाजार थाना के अवर निरीक्षक कुणाल रजा ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर छापामारी कर विदेशी शराब लदा कंटेनर को पकड़ा गया। हालांकि कंटेनर चालक और खलासी भाग गये जिसके कारण शराब किसका है और कहां से लाया जा रहा था। अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है।

# जल्द होगा जपला नबीनगर पथ निर्माण : कमलेश सिंह

■ जो वादा किया उसे पूरा किया, 62,96,42400 से होगा पथ निर्माण

■ जपला नबीनगर पथ निर्माण कार्य को मंत्रिमंडल से मिली स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि उन्होंने जपला नबीनगर पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का वादा किया था वह पूरा हो गया है। कहा कि उक्त पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण बुधवार को झारखंड मंत्रिमंडल से स्वीकृति मिल गयी है। यह पथ 62,96,42,400 रुपये की लागत से बनेगा। उन्होंने इसके लिए सीएम हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री सिंह ने कहा कि वह काम पर विश्वास करते हैं। क्षेत्र की समस्या को लेकर लगातार रांची में प्रयास करते हैं, तब नतीजा सामने आता है। जपला नबीनगर पथ के निर्माण को लेकर उन्होंने लगातार विभाग और सीएम से मिलकर पत्राचार कर स्वीकृति दिलायी है।



### समानता, प्रेम और न्याय के संदेश के साथ आज से शुरू होगा इप्टा का राष्ट्रीय सम्मेलन



**मेदिनीनगर।** समता, स्वतंत्रता, न्याय और अमन के रास्ते आओ कि कोई ख़्वाब बुनें कल के वास्ते... इस सूत्र वाक्य के साथ भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का 15वां राष्ट्रीय महाधिवेशन डालटनगंज शहर में आयोजित हो रहा है। 17 से 19 मार्च तक आयोजित इस महाधिवेशन के दौरान तीन दिवसीय नीलांबर-पितांबर लोक महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) के राष्ट्रीय महासचिव और वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश वेदा ने कही। वे स्थानीय टाउन हॉल के गांधी स्मृति हॉल में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन की सफलता के लिए प्रसिद्ध कलाकार शबाना आजमी, एम एस सथ्यू, अंजन श्रीवास्तव समेत फिल्मी दुनिया के कई कलाकारों ने अपने शुभकामना संदेश प्रसारित किए हैं। उन्होंने भारतीय जन नाट्य संघ की विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि इप्टा ने मेहनतकश जनता की आवाज को विभिन्न कलारूपों के जरिए आवाज दी है। मौके पर इप्टा की राष्ट्रीय समिति के उपाध्यक्ष और बिहार इप्टा के महासचिव तनवीर अख्तर, इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार, इप्टा के सहोदर संगठन प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय सचिव विनीत तिवारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ अरुण शुक्ला आदि मौजूद थे।

### मनातू : सन शाइन कोचिंग सेंटर घंघरी के 10वीं के विद्यार्थियों की विदाई

# मेहनत से पढ़ाई कर बनायें अपना उज्ज्वल भविष्य : कमलेश यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू पलामू।** सन शाइन कोचिंग सेंटर घंघरी के प्रांगण में दसवीं क्लास का विदाई समारोह मनाया गया। समारोह में मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार यादव, जिला परिषद प्रदीप कुमार चावला, नौडिया पंचायत के मुखिया बंधु भुइयां, नौडीहा उतरी पंचायत के पंचायत समिति नाजनी निशान व समाजसेवी अफजल खान उपस्थित हुए। सभी लोगों ने बारी-बारी से बच्चे लोगों को मार्गदर्शन दिया। कहा कि किसी को घबराना नहीं है। अच्छा नंबर आता है या कम नंबर आता है उसी को एक्सेप्ट करना है। और दिल से लगाकर कंपटीशन पास होकर हम लोगों जैसा बनना है। ताकि अपने समाज और गांव का नाम रोशन कर सकें। अफजल खान ने कहा नौकरी पाना ही नहीं है और समाज को आगे बढ़ाएं लक्ष्य बनाएं। थाना प्रभारी कमलेश यादव ने कहा आज के समय में बहुत सारी सुविधाएं बच्चों को मिल रही है। उन्होंने कहा कि पहले इस तरीका से बच्चे को सुविधा नहीं मिलता था। पर आज लोगो को हर तरीका का सुविधा मिल रहा है। इसलिए आप सभी मेहनत से पढ़ाई और रिवाइज कीजिये। अपने से जितना मेहनत कीजिएगा उतना आपको याद रहेगा और जो समझ में नही आता है वो अपने शिक्षक पूछें और दिल लगाकर पढ़ाई करें।



■ निर्देशक जाहिद हुसैन ने कहा की आप सभी लक्ष्य रखें कि हमें अच्छा नंबर लाकर ऊंचा पद हासिल करें। प्रिंसिपल विजय सर ने कहा कि आप इसे सिर्फ विदाई न समझें। जब भी हम सबकी जरूरत हो, हम आपके साथ हैं। हमलोगों को याद कीजियेगा आपलोगों को मार्गदर्शन मिलता रहेगा। मौके पर रिजवान अंसारी, नूर मोहम्मद अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी, समद अंसारी, नईम अंसारी, सफीक अंसारी समेत कई अभिभावक और बच्चे भी थे।

# गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रति शिक्षा मंत्री गंभीर : अविनाश वर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड इंडिपेंडेंट स्कूल एलाइंस के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा ने अपने निजी दौरे के क्रम में जीसा के केंद्रीय पीआरओ मसूद कच्छी के पुंदाग, रांची के लिटिल एंजेल्स हाई स्कूल का भ्रमण किया। विदित हो कि श्री वर्मा अपने रांची दौरे के क्रम में संगठन से जुड़े विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों से संगठन की गतिविधियों एवं विद्यालय की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए पीआरओ मसूद कच्छी के निमंत्रण पर उनके विद्यालय द्वारा की जा रही नये सत्र एवं वार्षिक परीक्षा मूल्यांकन के तैयारियों के बीच जाकर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं से अपने विचारों एवं अनुभवों को साझा किया।



**खास बातें :** विद्यालय के निदेशक ने विद्यालय के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए सहकर्मियों का साथ अभिभावकों का विश्वास और विद्यालय की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री वर्मा ने जैक बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय होने के साथ विद्यालय की साफ-सफाई, अनुशासन और शिक्षकों का विद्यालय के प्रति समर्पण की भावना से अभिभूत होकर पूरे विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि यह विद्यालय अपने आप में एक संपूर्ण विद्यालय है जो एसोसिएशन के लिए गौरव का विषय है। विद्यालय भ्रमण के दौरान अविनाश वर्मा ने संभावना जताई की सरकार बहुत जल्द मान्यता के शर्तो को लचीला करते हुए अधिकांशतः विद्यालयों को मान्यता देने का काम करेगी क्योंकि जीसा के पदाधिकारीगण लगातार झारखंड के शिक्षा मंत्री माननीय जगन्नाथ महतो के संपर्क में रहकर सकारात्मक वार्ता की ओर अग्रसर है और वर्तमान में मंत्री महोदय का भी साथ गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के हित में दिखाई पड़ रहा है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र है। मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, आलोक श्रीवास्तव विद्यालय की शिक्षिका रानी तबस्सुम, राज दिलशाद, सुशीला कुमारी, नरगिस, सपना, मोहम्मद अकरम, सविता कुमारी, सुगंधा कुमारी, मीनोटी, निलोफर, कंचन कुमारी एवं अमित कुमार उपस्थित थे।

# श्रीराम ने पिता के लिए जो त्याग किया, उसकी मिसाल नहीं मिलती : सतश्री

■ कथावाचक सतश्री ने कहा-भ्रूण हत्या से बड़ा कोई सामाजिक पाप नहीं हो सकता, कभी मत करना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में 12 से 18 मार्च तक चल रही श्रीराम कथा में सूरत (गुजरात) से आए परम पूज्य सतश्री प्रवचन दे रहे हैं। कथा के पांचवें दिन गुरुवार को सतश्री ने राम के वनगमन का प्रसंग सुनाया।

संतश्री ने कहा कि जब राम ने भरत को राजगद्दी सौंपी, तो उस समय भरत व राम में जो संवाद हुआ, वह भाई-भाई के प्रेम का अतुलनीय उदाहरण बन गया। पिता पुत्र के लिए हर त्याग करता है, लेकिन आज कोई पुत्र पिता के लिए इतना बड़ा त्याग नहीं कर सकता। संतश्री ने एक कविता सुनाकर एक पिता के विशाल हृदय का उदाहरण दिया।

भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया को सुख-शांति का उपाय बताने वाली संस्कृति है। बिजनेस में दो चीज महत्वपूर्ण है, पहला प्रोडक्ट की क्वालिटी और दूसरी अच्छी मार्केटिंग होनी चाहिए। भारतीय संस्कृति का प्रोडक्ट अच्छी ही है, बस मार्केटिंग करने की आवश्यकता है।

नारी शक्ति का बखान करते हुए कहा कि जो कन्या की हत्या करता है, वह पाप भगवान कभी सहन नहीं करेंगे। कोई भी प्रकार से भ्रूण हत्या नहीं करनी चाहिए। धरती पर इंसान ही है, जो कन्या की हत्या करता है। बेटा-बेटी में कोई दुराग्रह नहीं रखना चाहिए। स्वामी नारायण ने नारी को सशक्त बनाने के लिए कई मार्ग बताए हैं। जो महिलाएं भ्रूण हत्या बचाने के लिए जो काम कर रही है, उनकी सराहना होनी चाहिए।गुजरात में भी पहले काफी भ्रूण हत्या हुई। शादी के लिए लड़की नहीं मिलती है। जहां लड़के मिलते हैं, वहां ऐसे-ऐसे डिमांड होते हैं कि लोग चकित हो जाएंगे। प्रवचन की शुरूआत स्वामी नारायण गाइए...भजन से की, जिसमें उन्होंने शास्त्रीय गायन की प्रतिभा श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।


कथा सुनाते सत्श्री महाराज।

सतश्री ने बताया कि आज मैं दलमा जंगल गया था, भगवान का दर्शन करने।गुजरात के गिर और कच्छ का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यापक प्रचार कराया। अमिताभ बच्चन कहते थे, कच्छ नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा। देश में ऐसे कई स्थान हैं, बस उन्हें प्रचार की आवश्यकता है।

**ये भी रहे मौके पर उपस्थित :** कथा श्रवण करने वालों में अमरप्रीत सिंह काले, रघुनाथ पांडेय, दीपक भालोटिया, दिनेश अग्रवाल, प्रकाश कामेलिया (रांची), प्रवीण चौहान (धनबाद), हरिशंकर सोंथालिया, सुरेश सोंथालिया, राजेश चावडा, दिनेश सोंथालिया, किशन सोंथालिया, महेश सोंथालिया, विपिन भाई आडेसरा, आनंद चौधरी, दिलीप गोयल, बीएन शर्मा, जयेश अमीन, भरत वसानी, पवन शर्मा, संजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

### ये हैं कार्यक्रम की सहयोगी संस्था

श्री गुजराती सनातन समाज, श्री जलाराम सत्संग मंडल, श्री स्थानकवासी जैन संघ, श्री प्रभु प्रेमी संघ, उत्कल एसोसिएशन महिला शाखा, जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य परिषद, शाकंभरी माता परिवार, मारवाड़ी युवा मंच सुरभि शाखा, महासर माता परिवार, सिंहभूम चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री, अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच, भायली मंडल, राणी सती सत्संग समिति, श्री बालाजी भक्त मंडल, जीण माता परिवार, राधा रानी परिवार, सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन, पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन, पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन, श्री टाटानगर गौशाला कमिटी, राजस्थान ओसवाल जैन संघ, श्री राम मंदिर कमिटी, श्री सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर कमिटी, जमशेदपुर ओसवाल समाज, प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर व झारखंड क्षत्रिय संघ।

### यूट्यूब पर भी उठा सकते हैं कथा का आनंद

बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में सतश्री की राम कथा सोमवार से प्रतिदिन संध्या चार बजे से प्रारंभ होगी। जो श्रद्धालु किसी कारणवश नहीं आ सकते वे यूट्यूब चैनल सतश्री हिंदी पर कथा का जीवंत प्रसारण देख व सुन सकते हैं।

# बंग उत्सव 19 को, गोपाल मैदान में जुटेंगे कोल्हान भर से बंगभाषी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बंग उत्सव समिति के अध्यक्ष अंचितम गुप्ता ने जानकारी दी कि आगामी 19 मार्च (रविवार) को बिष्टुपुर गोपाल मैदान में एकदिवसीय श्रीलेदर्स बंग उत्सव कोल्हान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कोल्हान सहित राज्य के कई जिलों के बंग समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। अनुष्ठान में एक लाख लोगों के जुटने की उम्मीद है। इस दौरान अपनी भाषा, पठन-पाठन में हो रही परेशानी सहित परंपरा, सभ्यता पर विचार विमर्श होगा।

अंचितम गुप्ता गुरुवार साकची बंगाल क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि उत्सव में बतौर अतिथि महामहिम राज्यपाल सहित केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के अलावा कई सांसद व विधायकों को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन सत्र के बाद राज्य के विभिन्न जिलों से आनेवाली सांस्कृतिक टीम अपनी संस्कृति की प्रदर्शन करेंगी।

शाम छह बजे से बाउल गायक बादल पाल और पौशाला बनर्जी देंगे प्रस्तुति

शाम 6 बजे से बंग समाज के लोक कलाकारों का कार्यक्रम होगा, जिसमें मानभूम पुरुलिया के बादल पाल, पौशाला बनर्जी तथा सुदीप्तो एंड ट्रूप व पुरुलिया के छऊ नृत्य आकर्षण होगा।

संवाददाता सम्मेलन में तापस चटर्जी, संजीव आचार्या, सामंतो कुमार, अरिजीत सरकार, अपर्णा गुहा, पूरोबी घोष, विश्वनाथ घोष, साधुचरन पॉल, समुद्र कल्लल करण, राजेश राय, अशोक दत्ता, पल्लव दलाल आदि मौजूद थे।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते अचिंतम गुप्ता।

**फूड व हस्तशिल्प स्टॉल होगा आकर्षण :** अपर्णा गुहा ने बताया कि बंग उत्सव में जहां बांग्ला संस्कृति, परिधान, खानपान, कोल्हान के विभिन्न जिलों से आए संस्थाओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक अनुष्ठान लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा, वहीं प्रदर्शनी भी लोगों को अपनी ओर खींचने में कामयाब होगी। इस दौरान 20 से अधिक सामाजिक संस्थाओं के स्टाल, 25 से अधिक बंगभाषियों द्वारा निर्मित फूड स्टॉल, हस्तशिल्प स्टॉल एवं लाइफ पेंटिंग आकर्षण का केंद्र होगा।

**सीसीटीवी से होगी निगरानी, स्वास्थ्य सेवा भी :** अरिजीत सरकार ने बताया कि इस दौरान सुरक्षा का खास ख्याल रहेगा। पूरे मैदान की निगरानी सीसीटीवी से होगी तथा सैकड़ों वोलेंटियर्स इसमें सक्रिय रहेंगे। वाहनों की पार्किंग से लेकर पेयजल की व्यवस्था, एंबुलेंस के साथ प्राथमिक सहायता केंद्र, अग्निशमन यंत्र आदि की भी सुविधा रहेगी।

## 56वें रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी मीट का हुआ उद्घाटन

■ टाटा स्टील, जमशेदपुर के इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के 100 से अधिक प्रतिनिधि हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** दो दिवसीय 56वें रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी मीट का उद्घाटन गुरुवार को यूनाइटेड क्लब में किया गया। मीट की थीम लांग तथा फ्लैट रोलिंग मिलों के प्रदर्शन में सुधार है। चैतन्य भानु, वाइस प्रेसिडेंट (स्टील मैन्युफैक्चरिंग), टाटा स्टील, जमशेदपुर उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने रोलिंग मिलों के संचालन में सुधार के लिए इंडस्ट्री 4.0 सिस्टम जैसे वायरलेस नेटवर्क, क्लाउड कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोग पर जोर दिया।

उन्होंने इस्पात संयंत्रों में सस्टेनेबिलिटी और उड2 उत्सर्जन में कमी के महत्व पर भी बात की। रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी (आरएमओसी) टाटा स्टील, सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड), आरआईएनएल (राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड), टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स, जेएसडब्ल्यू, जेएसपीएल (जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड), मुकंद, जेएसएचएल (जिंदल स्टेनलेस हिसार लिमिटेड), वेदांता-इलेक्ट्रो स्टील और मेकॉन सहित भारत भर के इस्पात संयंत्रों की विभिन्न रोलिंग मिलों के इंजीनियरों और विशेषज्ञों का एक मंच है।

## हरिणा में सरहुल महोत्सव 24 को

■ चार राज्यों से 20 हजार से अधिक लोग जुटेंगे, जिम्मेदारी बांटी गयी

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**पोटका।** प्रखंड के कोवाली थाना अंतर्गत हरिणा स्थित दिशुम जायराथान मे राष्ट्रीय भूमिज सरहुल महोत्सव आयोजन समिति की एक बैठक श्रीपति सरदार की अध्यक्षता मे किया गया। इस बैठक मे अगामी 24 मार्च को दिशु जायराथान हरिणा मे आयोजित की जानेवाले दिशुवा हादी बोंगा-2023 को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर कोवाली थाना प्रभारी रंजीत उरांव भी मौजूद रहे।

बताया गया कि झारखड, असम, ओडिशा एवं पश्चिमी बंगाल से 20 हजार से अधिक लोग जुटेंगे। आयोजन के लिये भव्य पंडाल बनाया जायेगा, जहां लाईट व्यवस्था के लिए छह टॉवर लगाया जायेगा। मुख्य मंच हाईटेक रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य प्रबंधन रघुनाथ सरदार, संजय सरदार, मनोरंजन सरदार एवं युधीष्ठीर सरदार, मंच संचालन भरत सरदार, रघु सरदार एवं मधु सरदार, सांस्कृति प्रभारी मधु सरदार, श्रीपति सरदार एवं छोटेलाल सरदार, भोजन प्रभारी फुलचांद सरदार एवं ईश्वरलाल सरदार, नाया रजिस्ट्रेशन अशोक सरदार एवं वीरेंद्र सरदार, नाया दारोम प्रभारी श्रीपति सरदार एवं अवित्र सरदार, चिकित्सा प्रभारी डॉ कार्तिक सरदार आदि भी उपस्थित थे।


तैयारी बैठक का दृश्य।

## मानगो दंगा केस : भाजपा नेता विकास सिंह को हाइकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** 2015 में मानगों में हुए दंगे में भाजपा नेता विकास सिंह और विजय तिवारी को उच्चतम न्यायालय ने आज अग्रिम जमानत दे दिया। आज से तीन माह पूर्व आधी रात को भाजपा नेता विकास सिंह के घर में पुलिस ने एक बड़े अपराधी की तरह छापामारी की थी घर की घंटी के साथ-साथ दरवाजे के कुंडी को क्षतिग्रस्त कर दिया था । फिर दूसरे दिन सुबह 12 घंटे के अंदर ही महिला बल के साथ पुनः जिला प्रशासन ने विकास सिंह के घर की सघन तलाशी ली गई ,लेकिन विकास सिंह घर में मौजूद नहीं थे।


भाजपा नेता विकास सिंह।

अपराधी की तरह विकास सिंह के छापा मारने के मामले को सभी राजनीतिक दलों ने घोर निंदा किया था और विकास सिंह के परिवार वालों से मिलने वालों का तांता लग गया था। कांग्रेस पार्टी के डॉक्टर अजय कुमार सहित भारतीय जनतंत्र मोर्चा के सभी पदाधिकारियों का उनके घर जाना भी राजनीति को नया मोड़ दे दिया था। भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर ने भी मामले में अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उपायुक्त महोदया से मुलाकात की थी।

भाजपा नेता विकास सिंह की ओर से उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता प्रवीण शंकर दयाल ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि मामला 2015 का है। मामले में अभी तक पुलिस के द्वारा चार्ज सीट भी जमा नहीं किया गया है।

## तेंतला में मना महिला दिवस



■ पंचायत स्तर पर महिला हिंसा रोकने की पहल, सेनेटरी पैड के लिए किशोरियों ने उठायी आवाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था युवा (यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन) के तत्वावधान में कार्यक्रम मेरी पंचायत मेरी शक्ति के तहत पोटका प्रखंड के तेंतला पंचायत के मैदान में पंचायत प्रतिनिधियों महिला एवं किशोरियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान किशोरियों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया और बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक किया।

इसके बाद पंचायत प्रतिनिधियों का एक पैनल चर्चा हुआ। मुद्दा था - पंचायत स्तर में महिलाओं के ऊपर हिंसा होने पर पंचायत प्रतिनिधियों की क्या भूमिका है। इस चर्चा में बात निकल कर आई कि महिलाओं के अधिकार कहां कहां है, यह जानकारी होना आवश्यक है। महिलाओं को हिंसा को चिन्हित करने की जरूरत है।

## नारायणा के सीओ प्रोग्राम की प्रवेश परीक्षा दो को

■ शत प्रतिशत स्कॉलरशिप के लिए 11वीं और 12वीं के 20-20 छात्र चुनेगा संस्थान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आईआईटी/ नीट एकेडमी, जमशेदपुर द्वारा इस्टर्न रिजन (झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा) का पहला सी.ओ. कैम्पस का जमशेदपुर में शुभारंभ किया जा रहा है। नारायणा जमशेदपुर केंद्र के निदेशक श्याम भूषण ने बताया कि इस अनूठे सीओ प्रोग्राम में कक्षा दसवीं से ग्यारहवीं में जा रहे 20-20 छात्र एवं छात्राओं का चयन किया जाएगा जो कि आईआईटी-जेईई-2025 एवं नीट-2025 में शामिल होगें। इस प्रोग्राम का उद्देश्य होगा कि जो भी छात्र इसमें चयनित होंगे उनको इस लेवेल की तैयारी कराई जाएगी कि उन विद्यार्थियों को नेशनल एवं रिजनल लेवल का टॉप रैंकर हो।

सीओ प्रोग्राम में चयनित छात्र एवं छात्राओं को नारायणा द्वारा पूरी तरह से निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी, इसके अलावें बाहर से आने वाले चयनित छात्र एवं छात्राओं को निःशुल्क रहने एवं खाने की सुविधा देगी। सीओ प्रोग्राम में छात्र एवं छात्राओं का चयन विभिन्न स्तरों पर प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार से होगा। प्रवेश परीक्षा 2 फेज में हो रही है, जिसमें कि प्रथम फेज की परीक्षा 5 फरवरी 2023 को सम्पन्न हुआ, जिसमें छात्रों एवं अभिभावको का काफी उत्साह देखने को मिला।


परीक्षा के बारे में जानकारी देते जमशेदपुर सेंटर के निदेशक श्याम कुमार।

सीओ प्रोग्राम का दूसरा फेज आगामी 2 अप्रैल 2023 (रविवार) को आयोजित किया रहा है, जिसके बाद दोनों फेजों से चयनित छात्रों का प्रत्येक विषय के विशेषज्ञ शिक्षक द्वारा साक्षात्कार के बाद छात्रों का चयन किया जाएगा। द्वितीय फेज 2 अप्रैल 2023 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2023 तक है।

इस प्रवेश परीक्षा का झारखंड में तीन केन्द्र जमशेदपुर, राँची एवं धनबाद बनाया गया है, जहां पर यह प्रवेश परीक्षा आयोजित किया जायेगा।

पुनः श्री श्याम भूषण ने कहा कि सीओ प्रोग्राम में चयनियत छात्र एवं छात्राओं को प्रत्येक दिन 10 घंटे की पढ़ाई होगी जिसमें क्लासेज के साथ ही डाऊट सेशन एवं वोर्किंग सेशन रहेगा इसके अलावा प्रत्येक सप्ताह टेस्ट रहेगा। इन चयनित छात्रों को नारायणा द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए उपयुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा।

इस प्रोग्राम के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए 9334870015/20 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## स्पीड न्यूज



### बालीगुमा में दिशोम बाहा मिलन 19 को

**जमशेदपुर।** दिशोम जाहेर गाढ़ समिति गोड़गोड़ा, बालीगुमा की ओर से 19 मार्च को दिशोम बाहा मिलन समारोह का आयोजन किया गया है।यह बात की जानकारी दिशोम जाहेर गाढ़ समिति के कार्यालय गोड़गोड़ा, बालीगुमा में प्रेस वार्ता के दौरान दी। प्रेस वार्ता में दिशोम जाहेर गाढ़ के अध्यक्ष फतेहचंद टुडू, सचिव मदन मोहन सोरेन, सनातन टुडू, सुकलाल टुडू भी मौजूद थे।

### 22 से खेला जायेगा जेएसए बालीबॉल लीग

**जमशेदपुर।** जेएसए वालीबॉल लीग 22 मार्च से 24 मार्च तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स के वॉलीबॉल कोर्ट में आयोजित किया जायेगा। इच्छुक टीमों के पदाधिकारी 12 खिलाड़ियों की सूची के साथ और उनकी पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ और सरकारी आईडी के साथ 20 मार्च तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन फॉर्म 16 मार्च से 18 मार्च तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में अरुण सिन्हा के जरिए लिया जा सकता है। उ

### एग्रिको से शुरू होगी हिंदू जन जागरण मंच की यात्रा

**जमशेदपुर।** हिन्दू जन जागरण मंच द्वारा हिन्दू नववर्ष के पूर्व संध्या पर आगामी 21 मार्च को निकलनेवाली नववर्ष यात्रा को सफल बनाने के लिये मंच ने संचालन समिति, सुरक्षा प्रमुख, जल व्यवस्था, नगर सज्जा प्रमुखों के नामों की घोषणा कर दी। मंच के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि यह यात्रा एग्रिको गोलचक्कर से साकची सुभाष (आमबगान) मैदान तक जायेगी। सभी प्रमुख लोगों को विभिन्न नगरों से सुरक्षित व अनुशासित ढंग से एग्रिको गोलचक्कर पहुंचने का आग्रह किया गया है।

### डिलीवरी तक प्रत्येक गर्भवती को फॉलो करें

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में निदेशक डीआरडीए श्री सौरभ सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गई। सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती नेहा संजना खलखो, एसीएमओ डॉ आलोक रंजन महतो, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ आर एन झा, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय धावड़िया, सभी एमओआईसी, सीडीपीओ, डीपीसी श्री हाकिम प्रधान, डीडीएम तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### इनामी नक्सली सागर के घर नोटिस चस्पाया

**चांडिल।** गुरुवार को नीमडीह थाना क्षेत्र के टेंगाडीह गांव में खरसावां, बोड़ाम एवं एमजीएम थाना के पुलिस ने नीमडीह पुलिस की मदद से दो लाख के इनामी नक्सली के घर इश्तेहार और कुर्की का नोटिस चस्पा किया। नीमडीह थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने कहा इनके खिलाफ झारखंड के अलग-अलग थानो में कई मामले दर्ज हैं।

### चांडिल दिशोम बाहा बोंगा पर्व को लेकर हुई बैठक

**चांडिल।** चांडिल गोलचक्कर में 24 मार्च को आयोजित होने वाली दिशोम बाहा बोंगा पर्व को लेकर गुरुवार को चांडिल डैम नौका बिहार में झारखंड दिशोम बाहा कमेटी चांडिल गोलचक्कर, पातकोम दिशोम मांझी पारगाना महाल, आदिवासी समन्वय समिति चांडिल अनुमंडल एवं संयुक्त ग्राम सभा ईंचागढ के सदस्यों ने बैठक की। बैठक में 25 मार्च को चारों कमेटी के द्वारा संयुक्त रूप से चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में सेंदरा यात्रा निकालने का निर्णय लिया। मौके पर चारु किस्कू, सुखराम हेंब्रम, श्यामल मार्डी, गुरुचरण किस्कू, रौंदा मार्डी, प्रकाश मार्डी, भदरु सिंह सरदार, शुचांद उरांव, डोमन बासके भी थे।

### हरिनाम संकीर्तन में तामुलिया पहुंचे ओमप्रकाश

**चांडिल।** तामुलिया में चल रहे हरि नाम संकीर्तन में चांडिल के पूर्व जिप सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक पहुंचे एवं क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना कर मंदिर में मत्था टेका।

## एक नजर में

### ऑटो चालकों के लिए दो दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप




**जमशेदपुर।** गत बुधवार को साकची के आम बागान मैदान में भारत की अग्रणी थ्री व्हीलर निर्माता कंपनी बजाज ऑटो कंपनी के अधिकृत डीलर कृष्णा बजाज एवं रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी के संयुक्त तत्वधान में जमशेदपुर में पहली बार ऑटो चालकों के लिए दो दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप 'स्वस्थ वाहन स्वस्थ चालक' शिविर लगाया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी शामिल हुए। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी की अध्यक्ष निकिता मेहता, कृष्णा बजाज के संस्थापक विवेक रूंगटा, बजाज के रीजनल सेल्स हेड गिरीश पति, अमीश मेहता, गर्विता टोंग, नंदिनी रूंगटा, जितेश कुमार चौधरी व अन्य अतिथियों ने मेगा हेल्थ कैम्प का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर निर्मल कुमार, प्रतीक चौरसिया, आदित्य, अफीफा जन्नत, समीक्षा, साहबाज, शाहनवाज, रौशन समेत अन्य उपस्थित रहे।

### श्रीनाथ विवि में कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन



**जमशेदपुर।** गुरुवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विवि में विवि के कई विभागों में पहले और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। यह परीक्षाएं 13.03.2023 से आरंभ हुई है तथा 22.03.2023 तक संचालित होंगी। श्रीनाथ विवि के कुलपति डॉ गोविंद महतो ने विवि में संचालित हो रही परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। डॉ गोविंद महतो प्रत्येक कमरे में जाकर निरीक्षक तथा छात्रों से मिले। इसके अतिरिक वे परीक्षा निरीक्षक विकास प्रसाद से मिलकर महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी ली।

### आवारा कुत्तों का करवाया जा रहा बंध्याकरण



**जमशेदपुर।** कॉन्ट्रैक्ट फॉर कंडक्टिंग एनिमल बर्थ कंट्रोल ऑफ स्ट्रे डॉग इन मानगो योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र के आवारा , स्वान कुत्तों को पकड़कर ऑपरेशन बंध्याकरण एवं एआरवी कर वापस उसी स्थान में छोड़ने के कार्य को प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। कार्यालय द्वारा शहर के आवारा कुत्तों को पकड़कर बंध्याकरण एवं ए आर भी कर वापस करने संबंधी कार्य केयर ऑफ एनिमल ए एन एफ सोसाइटी को दिया गया है। इस योजना के तहत अब तक 150 से ज्यादा कुत्तों को पकड़कर बंध्याकरण करने का कार्य किया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी ने शहर के एजेंसी को अधिक से अधिक कुत्तों को पकड़कर बंध्याकरण कर उसी स्थान पर छोड़ने का निर्देश दिया है। कार्यालय द्वारा इस कार्य को देख रहे नगर प्रबंधक को भी आवश्यक निर्देश दिया गया।

### रेडक्रॉस के प्रभुनाथ ने किया 19वां एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** रक्तदान अभियान की कड़ी में आज सिंगल डोनर प्लेटलेट की जरूरत पर रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने स्वयं अपना 19वां सिंगल डोनर प्लेटलेट डोनेशन जमशेदपुर ब्लड बैंक जाकर किया। मौके पर जमशेदपुर ब्लड बैंक के प्रशासक सह महाप्रबंधक संजय चौधरी ने प्रभुनाथ सिंह को सम्मानित किया। प्लेटलेट डोनेशन के समय ब्लड बैंक के तकनिशियन एवं अन्य उपस्थित थे। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह ने प्रभुनाथ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एक अच्छा नेतृत्वकर्ता वो है जो सबके साथ चल सके, प्रभुनाथ सिंह ने न सिर्फ दूसरों को एसडीपी डोनेशन के लिए प्रेरित किया, बल्कि वे खुद अब तक 19 बार एसडीपी डोनेशन कर प्रेरणा के श्रोत हैं।

### रोट्रैक्ट क्लब ने किया 52 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज के रोट्रेक्ट क्लब ने गुरुवार को रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के साथ रक्तदान शिविर लगाया। रक्तदान शिविर में कॉलेज के रोट्रेक्ट विंग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए 52 यूनिट रक्तदान करने में सफलता हासिल की, रक्तदान शिविर में ब्रह्मानंद ब्लड सेंटर का सहयोग प्राप्त हुए, जिनके चिकित्सकों एवं तकनिशियनों की मदद से रक्त संग्रहण का कार्य किया गया। केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज के प्राध्यापिका एवं प्राध्यापक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर युवाओं के रक्तदान हेतु प्रेरित किया। कॉलेज के छात्र आदित्य कुमार के नेतृत्व में टीम ने आज इस आयोजन को सफल बनाया। रेड क्रॉस सोसाईटी के श्याम कुमार तथा ब्रह्मानंद ब्लड सेन्टर के शक्तिधारी सिंह ने आयोजक छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### चुआड़ विद्रोह के नायक शहीद रघुनाथ महतो जयंती समारोह 21 को मनेगी : शैलेंद्र महतो



**जमशेदपुर।** चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो की 285वीं जयंती 21 मार्च को गोपाल मैदान रीगल मैदान बिष्टुपुर में मनायी जायेगी। जयंती पर झारखंड, बंगाल और ओडिशा के राजनीतिक दलों सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधि आमंत्रित किये गये हैं। इसमें तीनों राज्यों से लाखों लोग उपस्थित होंगे। उक्त जानकारी पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो ने निर्मल गेस्ट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में दी। बताया कि इस सभा में दो बिंदुओं पर मांग रखी जायेगी। पहला झारखंड पश्चिम बंगाल उड़ीसा में निवास करने वाले साभी कुड़मी जनजाति को भारतीय संविधान की धारा 342 के तहत अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया जाए और दूसरा चुआड़ विद्रोह के महानायक एवं प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो का संसद परिसर में मूर्ति की स्थापना किया जाए।

स्पीड न्यूज

## मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया, यूपी से हुआ एसकेएमयू का एमओयू

**दुमका।** संताल परगना कॉलेज, दुमका व मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया, मेरठ, उत्तर प्रदेश के बीच अकादमिक ज्ञान व शोध क्षेत्र में आपसी सहभागी लेनदेन एवं संताल परगना जैसे पिछड़े क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य प्रोमोशन के वास्ते एक एमओयू हुआ है। यह दो पक्षीय एकरारनुमा समझौता सिद्धांतिक तौर पर मार्च 2023 के प्रथम सप्ताह में पूर्ण हुआ है। यह कार्यक्रम समाज के सभी लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगा। जो कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव के संरक्षण में मनोविज्ञान विभाग के द्वारा एक टीम के रूप में कार्य संपादित होगा। इस समझौते की सार्थकता सिद्ध करने के लिए मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्याक्ष सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा को नोडल ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ शर्मा पूर्व में इंडियन कौंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च, नई दिल्ली के संतालों में स्वास्थ्य व्यवहार विषय पर आधारित एक मेजर प्रोजेक्ट के क्षेत्रीय नोडल ऑफिसर के रूप में काम कर चुके है। यहां बता दें कि डॉ शर्मा सेमिनार, वर्कशॉप, कांफ्रेंस आदि के माध्यम से ऑनलाइन व ऑफलाइन मानसिक स्वास्थ्य के प्रमोशन पर विगत कई वर्षों से लगातार काम करते आ रहे है। कोरोनाकाल के दौरान भी विश्वविद्यालय स्तर से भी समूह में उल्लेखनीय कार्य किया है। डॉ शर्मा यूजीसी के सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के मामले मानसिक स्वास्थ्य के इस क्षेत्र में अकेला भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त नैदानिक मनोवैज्ञानिक भी है।

## एसकेएमयू के एमबीए के सातवें बैच के नवनामांकित छात्रों का हुआ स्वागत

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एमबीए के नवनामांकित छात्रों का स्वागत समारोह गुरूवार को आयोजित हुई। एमबीए विभाग में 7 वें बैच 2022-2024 सेशन के नवनामांकित छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह कार्यकम आयोजित होगी। जिसमें मिस्टर पर्सनालिटी के रूप में नीलेश कुमार और मिस पर्सनालिटी के रूप में मैरी सोरेन चयनित हुई। समारोह में समन्वयक डॉ राजीव केरकेट्टा, एमबीए शिक्षक डॉ ज्ञान चन्द, डा संतोष कुमार और एमसीए के जिल्लूर रहमान उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजन में अपर्णा कुमारी, सुधांशु, शैली, शहनवाज, नफीस आदि उपस्थित रहे। यहां बता दें विश्वविद्यालय में एमबीए की पढ़ाई 2016 से हो रही है।

### एसकेएमयू दीक्षांत समारोह 22 के जगह होगी 23 को, समारोह होगी एग्रो पार्क के कन्वेंशन सेंटर में

# मैडल पाने वाले छात्रों को सफेदकुर्ता, पेजामा व छात्राएं पहनेंगी सफेद सलवार शूट और साड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की गुरूवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो सोना झरिया मिंज ने की। बैठक में दीक्षांत समारोह आयोजन समिति और उसके विभिन्न कमेटियों के संयोजक शामिल हुए। बैठक में छठवें दीक्षांत समारोह की तिथि 22 मार्च की जगह 23 मार्च किए जाने की सूचना को वेबसाइट पर डालने का निर्णय लिया गया। दीक्षांत समारोह का आयोजन कंवेंशन सेंटर, एग्रो पार्क, एसपी कॉलेज रोड में आयोजित करने का निर्णय लिया ग या। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान करेंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। बैठक में दीक्षांत समारोह में मैडल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए ड्रेस निर्धारित किया गया है। छात्रों को सफेदकुर्ता, पेजामा, छात्राओं के लिए सफेद सलवार सूट और सफेद दुपट्टा या लाल पाड की सफेद साड़ी और लाल ब्लाउज निर्धारित किया गया है। सभी मैडल प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को 22 मार्च को सुबह दस बजे कंवेंशन सेंटर पहुंच कर अपना निबंधन करवाना और दीक्षांत समारोह के लिए गेट पास लेना अनिवार्य होगा। छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षांत समारोह हॉल के अंदर मोबाइल फोन या कैमरा लाना मना है। एकेडमिक प्रोसेशन का ड्रेस रिहर्सल 22 मार्च को संध्या 3 बजे होगा। एकेडमिक प्रोसेशन में शामिल होने वाले सदस्यों के लिए ड्रेस सफेद, कुर्ता, पैजामा और महिलाओं के लिए सफेद लाल पाड की साड़ी रखा गया है। बैठक में प्रतिकुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह, कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, एफओ डॉ राजीव कुमार, सीसीडीसी डॉ बिजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह, प्रो रवींद्र कुमार चौधरी, खेल निर्देशक डॉ शम्स तबरेज खान, परीक्षा विभाग के ओएसडी डॉ राजीव सिन्हा एवं डॉ इंद्रनिल मंडल, एनएसएस कार्डिंटर डॉ धनंजय मिश्रा, डॉ अजय सिन्हा, राजकुमार झा आदि उपस्थित थे।



बैठक करते कुलपति व अन्य

# गला रेत युवक की हत्या, अवैध संबंध की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कैराबनी गांव के समीप सूखा पोखर में एक युवक का शव मिलने से गुरूवार को सनसनी फैल गई। युवक की गला रेत कर हत्या की गई है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के कारीकादर गांव निवासी 36 वर्षीय चंदन विश्वास के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार चंदन विश्वास कैराबनी गांव में किराना दुकान चलाता था। मंगलवार को वह अपने घर से दुकान के लिए साईकल से निकला था। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। बुधवार की शाम परिजनों को चंदन का शव कैराबनी गांव के समीप होने की सूचना मिली। परिजनों ने स्थानीय चौकीदार को इसकी जानकारी दी। चौकीदार की सूचना पर मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने मुफस्सिल थाना पहुंच लिखित शिकायत कर हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सूत्रों की माने तो शादी सुदा महिला से अवैध संबंध में युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। दरअसल युवक अपने घर से लगभग एक किलोमीटर दूर कैराबनी गांव में किराना दुकान चलाता था। कैराबनी गांव की एक महिला के साथ उसके अवैध संबंध की बात कही जा रही है। परिजन को भी इस अवैध संबंध की जानकारी थी। मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए हत्यारे को गिरफ्तार कर ली है। पुलिस हत्या के कारणों को खंगालते हुए हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर दबिश बनाये हुए है। हलांकि पुलिस गिरफ्तारी को लेकर कुछ भी खुलकर नहीं बोल रही है। मामले में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नीतीश कुमार ने बताया कि गला रेत हत्या प्रतित होता है। पुलिस परिजनों के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर अनुसंधान करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी है। जल्द ही हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस हत्या के कारणों को पदार्फाश करेगी।



थाना पहुंच लिखित शिकायत करते परिजन

## बाल लीलाओं के प्रसंग सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**सरैयाहाट/हंसडीहा।** प्रखंड क्षेत्र के पोखरिया गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पांचवें दिन भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा में व्यास पंडित बाबा राजहंस जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं सहित अन्य लीलाओं का वर्णन किया। बाल लीलाओं के प्रसंग सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि भागवत का फल ही रास लीला है।रासलीला में स्त्री और पुरुष के मिलन की कथा नहीं है,शुद्ध जीव और ईश्वर के मिलन का यह वर्णन है,गोपी शब्द सुनने के बाद बहुत से लोगों को स्त्री का शरीर दिखता है,गोपी शब्द का अर्थ भागवत में ही किया गया है।

# उत्कर्ष बैंक कर्मचारी से लूट मामले में पुलिस ने अंतिम अपराधी को भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** फाईनांस कंपनी से लूट के मामले में हंसडीहा पुलिस पांचवा व अंतिम अपराधी को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी जिले के जामा थाना क्षेत्र के कैराबनी गांव निवासी चंदन कुमार है। जानकारी के अनुसार जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के जमजोरी गांव के समीप बीते 8 नवंबर को हथियार लैंस पांच अपराधियों ने उत्कर्ष बैंक के कर्मचारी से 39607 रुपये सहित मोबाइल लूट लिया था। उक्त मामलें में पुलिस ने तकनीकी सेल की मदद से चार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। कांड में संलिप्त अंतिम आरोपी चंदन कुमार पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था। बीते बुधवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली आरोपी युवक अपने घर जामा थाना क्षेत्र के केराबानी गांव आया हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम आरोपी चंदन के घर दंबिश देकर गिरफ्तार करने में सफल रही। जिसे गुरुवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने बताया कि लूट की घटना को पांच अपराधियों ने मिलकर अंजाम दिया था। घटना के बाद पीड़ित बैंक कर्मचारी अजय कुमार साह के फर्द बयान पर थाना कांड संख्या 83/22 धारा 394 भादवी अंतर्गत अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कांड में संलिप्त सभी पांचो अपराधियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही है।

# लूटपाट का आरोपी गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासुकीनाथ।** सीएसपी संचालक से लूटपाट करने के आरोपी को जरमुंडी पुलिस गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी देवघर जिला के मोहनपुर थाना क्षेत्र के बुढ़ी कुरा गांव निवासी लक्ष्मण कुमार राय है। जानकारी के अनुसार बीते 6 मार्च को थाना क्षेत्र के पालोजारी गांव में दिनदहाड़े सीएसपी केंद्र में लूटपाट की घटना को अंजाम देने आये चार हथियारबंद अपराधियों में एक अपराधी स्थानीय ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया था। हथियारबंद अपराधियों को देख लोगों में दहशत फैल गई थी। इस घटना में बाइक सवार चार हथियारबंद अपराधियों ने सीएसपी संचालक प्रकाश मंडल से लगभग 2 लाख रुपए लूट लिए थे। घटना के दौरान अपराधियों की गोली मार रूशन राय नामक एक ग्रामीण को भी घायल कर दिया था। इसके बाद ग्रामीणों ने साहस का परिचय दिखाते हुए एक अपराधी को खदेड़ कर पकड़ लिया था। जिसकी ग्रामीणों ने जमकर पीटाई कर दिया था। मामले की जानकारी मिलते ही जरमुंडी पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के चुंगल से छुड़ा अपराधी को न्यायिक हिरासत में इलाज के लिए फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना में प्रयुक्त अमेरिकी रिवाल्वर भी पुलिस बरामद की थी। मामले में पुलिस भादवी की धारा 395, 397 आमर्स 27 ए के तहत आरोपी को स्वस्थ्य होने के बाद जेल भेज दी। वहीं घटना के 10 दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस अन्य तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस अब तक असफल रही है।

## पत्नी को अवैध संबंध बनाते देख पति ने खोया आपा, कर दी हत्या

**रामगढ़।** गैर मर्द के साथ पत्नी को अवैध संबंध बनाते देख पति ने आपा खोया। मौके पर पति ने वार कर पत्नी के प्रेमी की कर दी हत्या। यह घटना जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के जोगिया गांव के तेतरिया टोला में बुधवार को देर रात घटी। पुलिस आरोपी पति नारायण टुडू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी है। जानकारी के अनुसार गांव के एक युवक 25 वर्षीय ठाकुर टुडू का एक शादीशुदा महिला के साथ प्रेमप्रसंग चल रहा था। बीते रात महिला के पति नारायण टुडू ने अपने पत्नी को एक पराये मर्द के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखकर आग बबूला हो गया और लकड़ी के टुकड़े से प्रेमी ठाकुर टुडू पर वार कर मौत की घाट उतार दिया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने रामगढ़ थाना पुलिसी को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर हत्यारा नारायण टुडू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत से जेल भेज दिया है। मामले में थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि हत्या आरोपी नारायण टुडू ने पुलिस के सामने अपना अपराध स्वीकार किया है। पुलिस हत्यारोपी पति थाना कांड संख्या 24/2023 धारा 302 भादवी के तहत मामला दर्ज करते हत्यारे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत से जेल भेज दिया है। मृतक ठाकुर टुडू की शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने एमएसएमई पर हुई बैठक, रोजगार पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एमएसएमई पर टाउन हॉल बैठक का सिदो कान्हू मुर्मू इंडोर स्टेडियम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों पर टाउन हॉल बैठक का आयोजन गुरूवार को हुआ। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक, प्रभारी अधिकारी राजीव सिन्हा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र बहुत बड़ी आबादी को रोजगार और व्यवसाय का अवसर प्रदान करता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र, एक मजबूत और स्थाई राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के निर्माण के साथ रोजगार सृजन, निर्यात एवं लोगों के सशक्तिकरण में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार, बैंकों एवं अन्य संस्थाओं ने एमएसएमई के विकास से संबंधित कई योजनाएं लाभ उठा सकते हैं। मुद्रा के तहत 10 लाख तक ऋण बिना किसी गारंटी के स्वीकृत किए जाते हैं। उन्होने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं की भी सराहना की। जिन्होने छोटे व्यवसाय बांस से संबंधित समान एवं सिलाई कार्यों से जुड़कर स्वरोजगार को अपनाया। उन्होंने क्षेत्र में कार्यरत बैंकों को आग्रह किया कि उद्यमियों को आसान प्रक्रिया के तहत पर्याप्त मात्रा में वित्त उपलब्ध करा कर प्रोत्साहित करें।

इससे न केवल उनकी उद्यमिता में तेजी आएगी। लेकिन उनसे जुड़े अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। आय के स्त्रोत बढ़ेंगे एवं आर्थिक संपन्नता आएगी। उन्होने एमएसएमई से जुड़े वित्तपोषण संबंधित मामलों का निपटान बैंकों को निश्चित समय सीमा में करने के लिए सुझाव दिया।



लाभुकों को परिसंपति वितरण करते अधिकारी

# खुशखबरी : सोनुवा के मधुपुर से गजपुर तक 13 किमी सड़क का होगा निर्माण

**कैबिनेट से मिली प्रशासनिक स्वीकृति, सड़क निर्माण में खर्च होंगे 61.58 करोड़ रुपए**

## चेकनाका से मधुपुर भाया बिक्रमपुर, खड़ीमाटी, बारी होते हुए गजपुर तक यातायात होगी सुगम

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** सोनुवा प्रखंड के मधुपुर से गजपुर तक करीब 13.490 किमी सड़क निर्माण की राज्य कैबिनेट से स्वीकृति मिल गई है। स्थानीय विधायक सह मंत्री जोबा माझी का प्रयास रंग लाया, जिसके कारण उक्त सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। लंबे समय से ग्रामीण जर्जर सड़क की समस्या से परेशान थे और इससे निजात दिलाने की गुहार लगा रहे थे। मंत्री जोबा माझी ने उक्त सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित कराते हुए पुननिर्माण कार्य पुल निर्माण एवं भू-अर्जन सहित लगभग 61 करोड़ 58 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दिलाई है। सड़क का निर्माण सोनुवा चेकनाका मोड़ से मधुपुर, बिक्रमपुर, खड़ीमाटी, बारी होते हुए गजपुर तक होगी। सड़क निर्माण के बाद सोनापोस, बालजोड़ी व बारी पंचायत के ग्रामीणों को यातायात में सुविधा होगी।

### पथ निर्माण विभाग से मजबूत सड़क बनेगी : जोबा

सड़क निर्माण की कैबिनेट से प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद मंत्री जोबा माझी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। मधुपुर-गजपुर सड़क के संबंध में कहा कि आरइओ से सड़क निर्माण पहले ही हो जाता, लेकिन उनकी इच्छा पथ निर्माण विभाग से कराने की थी। ग्रामीण कार्य विभगा से पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित कराने में कुछ समय लग गया। लेकिन अब सड़क चौड़ी एवं मजबूत बनेगी।



### बधाई की पात्र है मंत्री जोबा माझी : नायक

वृंदावन निवासी हेमंत कुमार नायक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर बेहद खुश है। उन्होंने मंत्री जोबा माझी को बधाई देते हुए कहा कि जर्जर सड़क के कारण ग्रामीणों को किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है यह बयां करना मुश्किल है। लेकिन अब उम्मीद है इस समस्या से निजात मिलेगा। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मंत्री से मिलकर इस समस्या को रखा था।

## एक नजर में

### पीट-पीटकर की पत्नी की हत्या, पति हिरासत में

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के केरा पंचायत के कुदूरसाई गांव में एक महिला की हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर गुरुवार को चक्रधरपुर थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार पुलिस जवानों के साथ कुदूरसाई गांव पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। पुलिस ने फिलहाल महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार केरा गांव के कुदूरसाई टोला निवासी कुंवर केराई अपनी पत्नी फुलमनी केराई के साथ अक्सर लड़ाई झगड़ा करता था। एक दिन पहले भी कुंवर सिंह केराई ने पत्नी फुलमनी केराई के साथ मारपीट व झगड़ा किया था। झगड़े के दौरान ही कुंवर केराई ने पीटकर अपनी पत्नी फुलमनी की हत्या कर दी है। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद थाना प्रभारी चन्द्रशेखर अन्य जवानों के साथ गांव पहुंचे और पुलिस को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि महिला की हत्या कैसे की गई है, इसके बारे में जांच पड़ताल किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पति ही हत्यारा है।

### पशु व्यापारी से दिनदहाड़े पांच लाख की लूट

**चक्रधरपुर।** सोनुवा-चक्रधरपुर मुख्य मार्ग के बैधमारा व राघोई गांव के बीच बाइक सवार पशु व्यापारी से पांच लाख रुपये लूट लिए गए। घटना गुरुवार सुबह करीब दस बजे की बतायी जा रही है। घटना के बाद से राहगीरों में भय का माहौल व्याप्त है। पीड़ित बाइक सवार सोनुवा थाना बारी गांव के गोपेश प्रधान है। वह गुरूवार को चक्रधरपुर के पदमपुर स्थित हाट से लौट रहा था। सूचना मिलने के बाद सोनुवा पुलिस अज्ञात अपराधियों के धर-पकड़ के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। जानकारी के मुताबिक गोपेश प्रधान चक्रधरपुर से पांच लाख रुपये लेकर अपने गांव बारी लौट रहे था। बैधमारा रेल फाटक पहुंचने से पूर्व एक पुलिया के पास पहले से घात लगाकर बैठे छह अज्ञात अपराधियों ने बाइक सवार गोपेश प्रधान को रोका। जिसके बाद अपराधियों ने पिस्तौल दिखा कर पैसा भरा बैग लूट कर बाइक से भाग गये। इस दौरान अपराधियों ने पिस्तौल के बट से मार कर गोपेश को घायल कर दिया। मालूम हो कि कुछ साल पूर्व इसी इलाके के आसपास बैधमारा फाटक के पास एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारियों से लाखों रुपए की लूट हुई थी।

### नहीं हो सकी प्रोजेनी नर्सरी शिलांदा की नीलामी

**जामा।** जिला अंतर्गत जामा प्रखंड स्थित प्रोजनि नर्सरी सीलांदा में गुरुवार 500 आम और 50 लीची की नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई लेकिन न्यूनतम बोली कि राशि 4 लाख 35 हजार रखी गई थी जिस पर लिनामी होनी थी लेकिन ब्यापारियों बोली कि राशि अधिक बताकर भाग लेने से इंकार कर दिया। इस कारण डाक रद्द कर दिया गया। बता दें कि प्रोजनी नर्सरी सिलान्दा में निर्धारण समय पर जिला उद्यान पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी के मौजूदगी में डाक शुरू की गई ।लेकिन बोली की राशि अधिक रहने के कारण भाग लेने वाले ब्यापारियों ने आपत्ति जताई और बोली की राशि कम करने की मांग की गई ।लेकिन जिला उद्यान पदाधिकारी गौतम कुमार ने मानने से इंकार कर दिया। जिला उद्यान पदाधिकारी का कहना था कि प्रतिभागियों ने नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से इंकार कर दिया ।उनका कहना था कि बोली की राशि अधिक है जिसे कम किया जाना चाहिए ।कहा कि राशि का निर्धारण जिला कमेटी द्वारा किया गया है। जो तुरंत हटाया नही जा सकता है। इस लिए नीलामी प्रक्रिया फिलहाल रद्द कर दी गई है और अन्य निर्धारित जगहों पर नीलामी पूरी हो ने पर पुनः सिलान्दा नर्सरी में डाक कराया जायेगा और उसके लिए जिला कमेटी से तिथि का निर्धारण कर सूचना दी जाएगी। उद्यान पदाधिकारी ने बताया कि आम के पौधे में मंजर बढ़िया आया है और पूरे बगीचा में स्प्रे कराया गया है। जिससे अच्छा लाभ प्राप्त किया जा सके। जिससे बताते चलें कि इस साल नीलामी के नियमों में संशोधन किया गया था बोली शुरू करने वाली राशि 43,500 साथ ही जमानत की राशि 50,000 रखी गई थी। डाक में भाग लेने वाले की बोली का अंतर 5000 का था। जिस पर व्यापारियों ने विरोध जताया और डाक रद्द कर दिया गया। इस मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी गौतम कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी गौरव कुमार, जिला उद्यान केंद्र लिपिक मनोहर प्रसाद यादव, प्रखंड उद्यान मित्र बारिश टूडू , नर्सरी प्रभारी राज नंदन सिंह सहित भाग लेने आए दूर दराज के व्यापारी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### बीडीओ के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**जामा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य रूप से कालाजार उन्मूलन के लिए एक अप्रैल तक चलने वाले प्रथम चक्र के कीटनाशक छिड़काव कार्यक्रम की सफलता एवं माह अप्रैल में आयोजित एमआर वेक्सिनेशन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम की रूप रेखा पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान बीडीओ ने बताया कि दोनो कार्यक्रम की सफलता पूर्वक क्रियान्वयन किया जाना है। कालाजार नियंत्रण के लिए छिड़काव किया जा रहा है और मिजिल्स रूबेला आगामी अप्रैल माह में प्रस्तावित है। कालाजार प्रभावित क्षेत्रों में चयनित 46 गांवों में कीटनाशक छिड़काव कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। मिजिल्स रूबेला रोकथाम के लिए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसमें 9 माह से 15 वर्ष आयु वर्ग के बीच डेफिनेशन को लेकर कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसमें स्कूली बच्चों के बीच भी वैक्सीनेशन कार्य किया जाना है। जिसको लेकर प्रशिक्षित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।ताकि लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल किया जा सके। इस दौरान डॉ एसडी मिश्र ने बताया कि आगामी अप्रैल माह से मिजेल्स एवं रुबेल्ला कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके लिए गांव एवं स्कूलों में जागरूकता पैदा करने के लिए वातावरण तैयार किया जा रहा है। जिसमे स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को मिजिल्स रूबेला बीमारी से बचाव के लिए वेक्सिनेशन की जानकारी दी जा रही है। जिससे कोई भी बच्चे छुटे नहीं। जिसमें 9 माह से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को वैक्सीन दिया जाना है जिसकी तैयारी की समीक्षा की गई। स्कूलों में 6 साल से लेकर 15 आयु वर्ग के बच्चों में यह कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसमें स्कूली बच्चों के बीच भी वैक्सीनेशन कार्य सम्पादित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। कहा कि कालाजार प्रभावित गांवों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। एक अप्रैल तक चलेगा। जबकि एमआर कार्यक्रम अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में शुरू की जाएगी।

# घर से की लाखों के जेवरात की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** नगर के वार्ड संख्या-19 बंगलाटांड स्थित एक घर में बीती रात चोरी की बड़ी घटना हुई। बताया जाता है कि बुधवार रात बंगलाटांड निवासी पेशे से चालक मोहम्मद अख्तर रात को अपने घर में परिवार के साथ सोये हुए थे। रात लगभग ढ़ाई बजे उनकी नींद खुली तो देखा कि घर के बाहर का खिड़की टूटा हुआ है। साथ ही घर में रखा अलमारी का दरवाजा भी खुला है। इसके बाद उसने आलमारी की जांच की तो पाया कि आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण व लगभग पांच हजार रुपये गायब है। जबकि आलमारी के एक कोने में रखे गए लगभग बीस हजार पर चोर की नजर नहीं पड़ने से वह बच गया। मोहम्मद अख्तर ने बताया कि देर रात चोरों ने खिड़की से घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बताया कि चोरों ने सोने के कान के झुमके, अंगूठी, चांदी का पायल इत्यादि अन्य जेवरातों के साथ पांच हजार नगद रुपये की चोरी कर ली है। इधर गुरुवार सुबह चक्रधरपुर थाना को इसकी जानकारी दिये जाने के बाद पुलिस ने घर पहुंच जांच पड़ताल की। मालूम हो कि हाल के दिनों में शहर में चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई है। एक दिन पूर्व ही दंदासाई के दो घरों में चोरी की घटना हुई। घरों से नगद के अलावा मोबाइल भी चोरी कर ली गई। हालांकि कई मामले पुलिस तक नहीं पहुंच पा रहे है। लेकिन लगातार हो रही चोरी की घटना से सहमे हुए है।



## इंग्लैंड के स्टार क्रिकेटर की 2 साल की बेटी का निधन

**नयी दिल्ली।** सरे के गेंदबाज मैट डन की छोटी बेटी फ्लोरेंस का महज 2 साल की उम्र में निधन हो गया है। फ्लोरेंस मिर्गी के एक दुर्लभ और गंभीर रोप से पीड़ित थी। अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में क्रिकेटर ने बेटी फ्लोरेंस की तस्वीर साझा करते हुए इस दुखद खबर की जानकीर दी। डन ने पोस्ट में फ्लोरेंस की एक तस्वीर साझा की और लिखा, 'तुम हमेशा मेरे दिल में रहोगी।' वहीं फ्लोरेंस के सोशल मीडिया हेंडल पर एक अलग पोस्ट शेयर की जिसमें लिखा था, 'हमारी खूबसूरत बेटी ने अपने परी पंख प्राप्त किए और एसयूडीईपी (मिर्गी में अचानक अप्रत्याशित मौत) से हार गई।'

## यूएई के आसिफ खान ने 42 गेंद में जड़ा शतक



**नयी दिल्ली।** कीर्तिपुर के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में आइसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग 2 मुकाबले में यूएई के आसिफ खान ने नेपाल के खिलाफ वीरवार को खेलते हुए महज 41 गेंदों में शतक बना दिया। आसिफ 37.3 ओवर होने पर क्रीज पर आए थे। तब यूएई का स्कोर मात्र 175 रन था। आसिफ ने ताबड़तोड़ शॉट लगाए और 4 चौके और 11 छक्कों की मदद से 101 रन ठोक दिए और साथ ही साथ टीम का स्कोर 310 रन तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी नेपाल की टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर पााई।

# बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप: जरीन का विजयी आगाज

## विपक्षी को बचाने के लिए महिला बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में रेफरी ने रोका मैच

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत की शीर्ष मुक्केबाज निकहत जरीन ने अजरबैजान की अनाखानिम इस्माइलोवा को आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) के जरिए करारी शिकस्त देकर विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। टूनार्मेंट के शुरू में ही मुकाबला खिताब की प्रबल दावेदार निकहत का था, जिन्होंने घरेलू दर्शकों को निराश नहीं किया। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की स्वर्ण पदक विजेता निकहत ने 50 किग्रा भार वर्ग में अपनी प्रतिद्वंदी को परखने में थोड़ा समय लगाया लेकिन एक बार अजरबैजान की मुक्केबाज का खेल समझने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मौजूदा चैंपियन होने के बावजूद गैर वरीयता प्राप्त निकहत ने आक्रामक रवैया अपनाया और अपनी विरोधी पर लगातार कई घूंसे जड़े। भारतीय मुक्केबाज का दबदबा इस कदर था कि रेफरी ने तीन तक गिनती करके इस्माइलोवा को समय दिया और फिर दूसरे राउंड में ही मुकाबला रोक दिया। चैंपियनशिप में गैर वरीयता प्राप्त होने के बारे में निकहत ने कहा, यह कोई समस्या नहीं है। यह ड्रॉ पर निर्भर है और कोई भी वरीयता हासिल कर सकता है। यह मायने नहीं रखता लेकिन मेरा ड्रॉ अच्छा है और प्रतियोगिता आगे बढ़ने के साथ मुझे कड़ी प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना पड़ेगा। निकहत का अगला मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त और 2022 की अफ्रीकी चैंपियन रौमेसा बौआलम से होगा। उन्होंने कहा,ह्यमैं उस मुक्केबाज को जानती हूं लेकिन मैं कभी उसके खिलाफ नहीं खेली हूं। मुझे खुशी है कि भारत की तरफ से पहला मुकाबला मैंने लड़ा और उम्मीद है कि मैं इसका अच्छा अंत करूंगी। एक अन्य मुकाबले में भारत की साक्षी (52 किग्रा) ने पहले दौर में कोलंबिया की मार्टिनेज मारिया जोस को 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहली बार इस चैंपियनशिप में भाग ले रही साक्षी और जोस ने शुरू में एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी जल्द ही हावी हो गई और उन्होंने इसके बाद अपनी प्रतिद्वंदी को कोई मौका नहीं दिया।



## गुजरात ने दिल्ली को 11 रन से हराया, प्लेऑफ की आस कायम



**मुंबई।** विमेंस प्रीमियर लीग में गुरुवार को गुजरात जायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक मुकाबले में 11 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ गुजरात की टीम ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद बरकार रखी है। वहीं, दिल्ली का इंतजार बढ़ गया है।

दिल्ली की कप्तान मेग लेनिंग ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 147 रन बनाये। लौरा वुलफार्ट (57) और एश्ले गार्डनर (51 नाबाद) ने हाफ सेंचुरी जमाई। जेस जॉनसन ने दो और मारियान कैप ने 1 विकेट लिया। जवाब में दिल्ली की टीम 18.4 ओवर में 136 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। मारियान कैप ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। किम गार्थ, तनुजा कंवर और एश्ले गार्डनर ने 2-2 विकेट लिए। तनुजा कंवर ने दूसरे ओवर में शेफाली वर्मा का विकेट लिया। तनुजा कंवर ने दूसरे ओवर में शेफाली वर्मा का विकेट लिया।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले वनडे आज

**आज का मैच**
भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया
समय:दोपहर 01:30 से
मैच स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देखा जा सकता है।




मुंबई : भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे मैचों की सीरीज में शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो इस साल के आखिरी में होने वाले विश्व कप की तैयारियों के साथ उसकी नजरें हरफनमौला हार्दिक पांड्या के नेतृत्व कौशल को परखने पर होगी। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धता के कारण इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं है और उनकी गैरमौजूदगी में हार्दिक पांड्या टीम का नेतृत्व करेंगे। भारतीय टीम ने इस साल श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो अलग-अलग श्रृंखलाओं में वनडे प्रारूप में सभी छह मैच जीतकर शानदार शुरूआत की है। इन छह वनडे मैचों में शुभमन गिल ने तीन शतक और 113.40 की औसत के साथ 567 रन बनाए है। पहले मैच में रोहित की गैरमौजूदगी में उन पर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाने का दबाव होगा। अहमदाबाद में चौथे और अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट शतक के बाद उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अहमदाबाद में टेस्ट में 186 रन की पारी खेलने वाले कोहली ने सीमित ओवरों की खराब फॉर्म को पहले ही पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने इस साल 67.60 के शानदार औसत से 338 रन बनाये है और अपने पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वह 75 अंतरराष्ट्रीय शतकों के आंकड़े को आगे बढ़ाना चाहेंगे। कोहली इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा का सामना कैसे करते है यह देखना दिलचस्प होगा।

## भारत ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** एफआईएच प्रो लीग मैचों में विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो-दो जीत के दम पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच (विश्व हॉकी महासंघ) रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर चौथे पायदान पर पहुंच गई। इससे भारत रैंकिंग में हॉकी की सबसे मजबूत टीमों में से एक ऑस्ट्रेलिया से स्थान आगे निकल गया। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांचवें स्थान पर खिसक गई है। इस साल जनवरी में ओडिशा में विश्व कप खिताब जीतने के बाद शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाला जर्मनी भारत से लगातार दो मैच हारने के बाद भी दो पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गया। इस विश्व कप में भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में नाकाम रही थी। भारत ने प्रो लीग के अपने मैचों में जर्मनी को 3-2 और 6-3 जबकि ऑस्ट्रेलिया को 5-4 और नियमित समय में मैच 2-2 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से शिकस्त दी। लगातार चार मैचों में जीत से भारत एफआईएच प्रो लीग के अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

## जहां ऑलराउंडर, वही बाहुबली... मिल गई वनडे वर्ल्ड कप में जीत की चाबी, अब यही चाल चला जाएगा

**मुंबई।** भारत इस साल अक्टूबर-नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा, इस लिहाज से भारत-ऑस्ट्रेलिया जैसी टॉप रैंकिंग की दो टीमों के बीच शुक्रवार से शुरू होने जा रही तीन मैच की सीरीज के काफी मायने होंगे। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श का मानना है कि एकदिवसीय विश्व कप के मद्देनजर हरफनमौला खिलाड़ियों की भूमिका अहम होगी क्योंकि इससे टीम संतुलित रहेगी और काफी विकल्प मिलेंगे। मार्श ने ऑस्ट्रेलिया के प्रैक्टिस सेशन से पहले गुरुवार को कहा, ह्यहमारी टीम के संतुलन के लिए, यहां जितने अधिक ऑलराउंडर हो उतना अच्छा होगा। वे (हरफनमौला खिलाड़ी) वास्तव में उस संरचना के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिसके साथ मैदान में उतरना चाहते हैं। हमने अतीत में अच्छी टीमों के साथ ऐसा देखा है। इंग्लैंड की टीम में आठवें क्रम पर ऐसे बल्लेबाज हैं जो बड़ा लक्ष्य खड़ा करने या बड़े लक्ष्य का पीछा करने में टीम की मदद करते हैं।'

## सचिन तेंडुलकर से उलझने वाले सकलैन मुश्ताक की हुई थी खूब कुटाई

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ना सिर्फ अपने खेल से बल्कि मैदान पर अपनी शालीनता के लिए भी जाने जाते थे। यही कारण है कि सचिन के व्यवहार से विरोधी भी दिल हार बैठते थे। ऐसा ही कुछ पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज स्पिनर सकलैन मुश्ताक के साथ हुआ जब उन्होंने सचिन उलझने से कोशिश की थी। दरअसल यह घटना साल 1997 की है जब भारत और पाकिस्तान की टीम कनाडा के टोरंटो में वनडे मैच खेल रही थी। सकलैन मुश्ताक ने नादिर अली के पॉडकास्ट में एक पुराने घटना को याद करते हुए बताया कि एक बार जब उन्होंने सचिन को स्लेज करने की कोशिश की तो उनका जवाब सुनकर वह रह परेशान हो गए। सचिन के जवाब के बाद उनका खेल इस कदर बदला कि उन्हें ऐसा लगा जैसे किसी ने उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया हो। सचिन तेंदुलकर का विश्व कप जीतने का सपना पूरा हो चुका था। हर कोई उनके संन्यास का इंतजार कर रहा था। लेकिन सचिन थे कि अपने छोटे कदमों से दुनिया को नापना बंद नहीं कर रहे थे। हालांकि, शतकों का अंबार लगाने वाले बल्ले में वो पुरानी धार नहीं दिख रही थी, जो भारत में खेले गए विश्व कप में दिखी थी। उनके 99 इंटरनेशनल शतक थे और हर किसी को क्रिकेट के भगवान के 100वें शतक का इंतजार था, जो बांग्लादेश के खिलाफ आज ही के दिन यानी 16 मार्च, 2012 को पूरा हुआ।

महान सचिन ने 99वां शतक साउथ अफ्रीका के खिलाफ विदर्भ क्रिकेट असोसिएशन में 12 मार्च 2011 को वनडे में 111 रनों की पारी खेलते हुए पूरा किया था। इसके बाद लंबे समय तक वह करिश्माई आंकड़े को छूते-छूते रह जा रहे थे। वह दिन भी आया, जब सचिन ने एशिया कप 2012 के दौरान मीरपुर में खेले गए बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में 114 रनों की पारी खेलते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का 100वां शतक पूरा किया।

## रोहतास में युवक की हत्या:विरोध में सड़क जाम

**सासाराम (रोहतास)।** डेहरी नगर थाना क्षेत्र में एक युवक का शव गुरुवार सुबह जीटी रोड के किनारे बरामद किया गया। युवक की रॉड से मारपीट के बाद गला दबाकर हत्या की गई है। युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के जक्की बिगहा मनी नगर निवासी नदीम खान के बेटे सैफ खान 20 साल के रूप में की गई है। हत्या की बात सामने आने पर आक्रोशित परिजनों और मुहल्ले के लोगों ने आगजनी करते हुए सड़क जाम कर दिया। परिजनों ने बताया कि युवक ऑटो चलाता था। वह कल शाम को पैदल घर से निकला था, लेकिन उसके बाद नहीं लौटा था। सुबह उसकी हत्या की जानकारी मिली। युवक के सिर और पीठ पर गंभीर चोट है। शव से कुछ दूरी पर लोहे का रॉड भी मिला है। इससे यह संभावना जताई जा रही है कि रॉड से मारने के बाद उसका गला दबाया गया है। इसके बाद शव को जीटी रोड के नीचे फेंक दिया गया।

## नाइट गार्ड को चाकू से गोद की हत्या:

**नालंदा।** नालंदा में बदमाशों ने बीती रात निमार्णाधीन बख्तियारपुर रजौली फोरलेन में कार्यरत नाइट गार्ड को चाकू से गोद निर्मम हत्या कर दी। मामला गिरियक थाना क्षेत्र के घोराही गांव के पास की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के मरकट्टा गांव निवासी गनौरी सिंह का 40 वर्षीय पुत्र सनोज सिंह के रूप में की गई है। सनोज सिंह नाइट गार्ड के रूप में निमार्णाधीन बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन में कार्यरत थे। उनकी ड्यूटी घोराही गांव के पास लगी हुई थी। सुबह ग्रामीणों की नजर जख्मी हालत में नाइट गार्ड पर पड़ी। इसके बाद इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने वर्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## तलाक-तलाक तलाक, अब हम आजाद हो गए... फोन पर पत्नी से पति ने तोड़ दी 24 साल पुरानी शादी

**पटना।** बिहार के पटना में एक तीन तलाक का मामला सामने आया है। मामला फुलवारी शरीफ का है। यहां एक पति ने निकाह के 24 साल बाद अपनी बीवी को मोबाइल पर कॉल करके तलाक दे दिया। मोबाइल पर तलाक देने के बाद पति ने महिला से कहा अब हम आजाद हो गए हैं। तलाक के बाद महिला थाने पहुंची और शिकायत देते हुए न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने महिला के आवेदन पर मामले की जांच शुरू कर दी। फुलवारी शरीफ की अलवा कॉलोनी में रहने वाली महेलाका उर्फ सीमा ने अपने पति फिरोज आलम के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पटना फुलवारी शरीफ के अलवा कॉलोनी की रहने वाली माहेलका उर्फ सीमा की शादी लगभग 24 साल पहले आरा कोईलवर के रहने वाला फिरोज आलम के साथ हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। उसके दो बेटे और एक बेटी हुई। लेकिन कुछ सालों से उसके साथ मारपीट की जाने लगी। पीड़ित महिला ने बताया कि उसका पति के साथ मारपीट करने का विवाद चल रहा था।

## मोतिहारी में सड़क हादसे में दो युवक की मौत

**मोतिहारी।** मोतिहारी अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसने इलाज के लिए नजदीक के हॉपसिटल में भर्ती कराया गया,जहा एक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे का इलाज शुरू किया, जिसमे इलाज के दौरान दूसरे की भी मौत हो गई। दोनों मृतक के शव को पुलिस कब्जे में लेकर गुरुवार को पाटमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाई। घटना केसरिया थाना क्षेत्र के लाला छपड़ा मुख्य पथ की है। दोनो मृतक 20 वर्षीय रोहित और 20 वर्षीय प्रिंस मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज थाना क्षेत्र के प्रताप पट्टी गांव का रहने वाला है। अपने बाइक से मोतिहारी से साहेबगंज के लिए जा रहा था, इसी बीच केसरिया थाना क्षेत्र के लाला छपड़ा मुख्य पथ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, दोनो घायल को ग्रामीणों ने स्थानीय डॉक्टर के पास भर्ती कराया और घटना की जानकारी केसरिया पुलिस को दिया, जहा डॉक्टर ने एक को प्रिंस को मृत घोषित कर दिया, वही रोहित का इलाज शुरू किया, इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मोतिहारी अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसने इलाज के लिए नजदीक के हॉपसिटल में भर्ती कराया गया, जहा एक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# गौरैया को मारा, घोंसला जलाकर फेसबुक पर डाली

## युवक ने लिखा- इनकी मौत मेरे हाथों लिखी थी, एफआईआर दर्ज

एजेंसी

**बगहा।** बिहार में बगहा के एक युवक ने गौरैया को पहले मार डाला फिर उनका घोंसला जला दिया। उसने अपने फेसबुक अकाउंट आदित्य पांडेय महाबाहुबली पर गौरैया को मारते और घोंसला जलाते फोटो-वीडियो भी शेयर किए। इन फोटो के साथ उसने शनिवार 11 मार्च को लिखा कि गौरैया...इसकी मौत मेरे ही हाथों लिखी थी। गौरैया को मारने के चलते जब आदित्य की आलोचना शुरू हुई तो उसने एक पोस्ट डालकर लिखा कि इस चिड़िया को मैंने नहीं मारा। अपने आप मरी है।आरोपी युवक का नाम आदित्य कुमार पांडेय है। वह बगहा-1 प्रखंड के परसा के रहनेवाले अशोक कुमार पांडेय का बेटा है। सोशल मीडिया पर फोटो डालने के बाद एक पर्यावरण प्रेमी गजेंद्र यादव ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। विभाग से कार्रवाई की मांग की है। बगहा रेंजर सुनील कुमार ने बताया कि फेसबुक पर यह फोटो वायरल हो रहा था। इस आधार पर बगहा में युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आगे की जांच की जा रही है।



### एक सप्ताह पहले भी डाली थी पोस्ट

उसने एक हफ्ते पहले फेसबुक पर एक तस्वीर पोस्ट की थी। इसमें लिखा था कि वह गौरैया के आतंक से परेशान है। तस्वीर में घर के अंदर गौरैया बैठे दिख रही थी। आदित्य (38) अभी घर छोड़कर फरार है। वह अपने मां-पिता के साथ रहता है। गांव वालों के मुताबिक उसने ग्रेजुएशन किया है। 2011 में उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से ही उसका व्यवहार बदल गया। बिना वजह पत्नी, मां-पिता से मारपीट करने लगता था। इससे परेशान होकर 4 साल पहले 2018 में पत्नी छोड़कर चली गई। उसका एक बच्चा भी है, जो अपनी मां के साथ रहता है। उसकी हरकतों से परिवार के लोग भी परेशान हैं। गांव के लोग बताते हैं कि वह साइको जैसा व्यवहार करता है। आती-जाती लड़कियों को साथ फोटो खींचवाने को कहता था। फोटो खींचकर सोशल साइट पर डाल देता था। हालांकि इसके सामने कोई भी डर से कुछ नहीं बोलता है।

## हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार

**गया।** गया पुलिस और एसटीएफ ने 7 सालों से फरार चल रहे हार्डकोर नक्सली सूर्य देव यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ शेरघाटी और परिया में नक्सली कांड दर्ज हैं। इसके अलावा गुरुआ थाना में लेवी के लिए कंस्ट्रक्शन कंपनी के दो ट्रक को आग के हवाले व मारपीट का केस दर्ज था। इस मामले में नामजद सभी अपराधी पकड़े गए थे। पर सूर्यदेव फरार चल रहा था। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि 9 जनवरी 2015 को डोभी थाना अंतर्गत मानसीडी गांव के पास नक्सलियों ने उत्पात मचाया था। यहां हरि ओम कंस्ट्रक्शन के गोपालपुर से करमौनी पथ निर्माण कार्य में लगे कर्मियों के साथ मारपीट करने, दो ट्रक पर पेट्रोल डालकर आग लगा देने, ड्राइवर का मोबाइल छीन लेने व लेवी नहीं देने की स्थिति में काम को बंद करा देने के आरोप में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। विशेष छापेमारी अभियान के दौरान सूचना पर गया पुलिस और एसटीएफ की टीम ने फरार अपराधियों तथा नक्सलियों गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की।

## बोधगया में कालचक्र पूजा देखी

### इंडो-नेपाल बॉर्डर से पकड़ी गई चीनी महिला

एजेंसी

**सीतामढ़ी।** इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा से गुरुवार को एक चीनी महिला पांच लोग पकड़े गये। इनमें से दो महिला एवं एक पुरूष नेपाल, तो एक व्यक्ति बिहार के पूर्वी चंपारण जिले का निवासी है। बताया गया है कि चीनी महिला बोधगया में कालचक्र पूजा देख कर नेपाल के रास्ते चीन लौट रही थी। इसी दौरान साथियों के साथ वह सोनबरसा में पकड़ ली गई। पकड़े गये पांचों नागरिकों से पुलिस पूछताछ कर रही है। इसकी पुष्टि डीएसपी मुख्यालय रामकृष्ण ने की है।

### चीनी महिला की भाषा को लेकर परेशानी

बताया गया है कि चीनी महिला से एसएसबी के वरीय अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं, पर महिला की भाषा को लेकर



एजेंसियों को परेशानी हो रही है। महिला न तो नेपाली भाषा जानती है और न हिंदी। जिस वजह से उससे पूछताछ और जांच करने में परेशानी हो रही है। सोनबरसा बॉर्डर से जा रहे कुछ लोगों पर एसएसबी जवानों को संदेह हुआ। जवानों ने पूछताछ की। इसी दौरान चीनी महिला चीनी भाषा में कोई बात बोली। बस एसएसबी जवानों के कान खड़े हो गये। उसके बाद एसएसबी ने चीनी महिला के उसके साथ तीन नेपाली और एक भारतीय नागरिक को हिरासत में ले लिया। चीनी महिला समेत पांचों व्यक्ति चार चक्का वाहन से थे, जो भारतीय सीमा से नेपाल के मंलगवा में प्रवेश कर रहे थे। वाहन जांच के क्रम में एसएसबी ने सबों को दबोच लिया।

## ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, तीन की मौत

**सीवान।** सीवान में मैरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर ओवरब्रिज पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार 3 युवकों को कुचल दिया। इससे तीनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद रेलवे ओवरब्रिज पर अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। मौका फायदा उठाकर ट्रक चालक फरार हो गया। वहीं, आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रख कर मैरवा सीवान मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। मृतक तीनों युवक सीवान जिले के जीरादेई थाना क्षेत्र के बढ़ुलिया गांव के रहने राजू मांझी का पुत्र कुंदन मांझी, रविंद्र मांझी के पुत्र अमन कुमार मांझी और चन्द्रिका मांझी के पुत्र अमन मांझी है। तीनों युवक एक बाइक पर सवार हो कर जीरादेई से मैरवा बाजार करने जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने तीनों युवकों को कुचल दिया। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने एंबुलेंस मंगा कर घायलों को मैरवा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। लोग ट्रक चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### सदन में भिड़े, बाहर आकर गले....

ऐसे विधायक को जनता क्यों चुनकर विधानसभा भेजती है यह समझ में नहीं आता है।

**1932 पर भाजपा ने सरकार को घेरा :** इससे पूर्व पेयजल विभाग के बजट अनुदान मांग पर चर्चा करते हुए भाजपा विधायक अमर बाउरी ने 1932 पर सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि ये सरकार ने युवाओं के साथ विश्वास घात किया है। 1932 का जवाब सरकार को देना होगा कि क्या हुआ इसका। 1932 के मुद्दे पर झामुमो विधायक 18 से 31 पर पहुंचे। राज्य गठन के बाद भी इतने साल में मुद्दा नहीं सुलझा। तत्कालीन रघुवर की सरकार ने कड़ी मेहनत करके 1985 का स्थानीय नीति लायी और नियोजन नीति भी बनाया। इसी आधार पर 1 लाख को नौकरी भी दी, कहीं कोई विरोध और विवाद नही हुआ। मगर गठबंधन सरकार नियोजन नीति में छेड़छाड़ करके बर्बाद कर दिया। न नीति बनी न नौकरी मिली। हम वही जन भावना को देखते हुए 1932 की नीति को सपोर्ट किया। क्या यहां के लोगों को थर्ड-फोर्थ ग्रेड की नौकरी नही मिलेगी, तो कहां जायेंगे।

**प्रेस एकेडमी का गठन हो :** इसके पहले भाजपा विधायक जेपी पटेल ने तेलंगाना की तर्ज पर पत्रकारों के कल्याण के लिए प्रेस एकेडमी गठन की मांग की। उन्होंने कहा कि हमारे पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी काम करते है। काम के दौरान इन्हें कुछ हो जाता है तो उनके परिवार का क्या होगा, सोचने वाला कोई नही है। यहां पत्रकारों को कोई सुविधा और सुरक्षा नही है। इसलिए प्रेस एकेडमी का सरकार गठन करें। इसके बाद सदन की कार्यवाही 17 मार्च तक स्थगित हो गयी।

### सेना का चीता हेलीकॉप्टर क्रैश...

इसके कुछ देर बाद मंडला की ओर से धुआं उठते देखा गया था। सांगे गांव से इस हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी थी और वह असम के सोनितपुर जिले के मिस्सामारी जा रहा था। उसमें एक लेफ्टिनेंट और एक मेजर सवार थे। हादसे की खबर के बाद खोज एवं बचाव दलों को घटनास्थल पर भेजा गया था। दिरांग के स्थानीय सूत्रों ने कहा कि उन्होंने दिरांग से लगभग 100 किमी दूर मंडला की ओर से कुछ धुआं देखा। धुएं को देखकर अरुणाचल प्रदेश पुलिस की टीम भी घटनास्थल की ओर रवाना हुई। यह पश्चिम विलाम जिले में मंडला में 100 बुद्ध स्तूप का स्थान है। सेना की खोजी टीम, पायलटों का पता लगाने के लिए मंडला रवाना हो गयी थी। पिछले साल अक्टूबर में अरुणाचल प्रदेश स्थित तवांग के पास सेना का एक चीता हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हुआ था।

### क्षेत्र को खुद समृद्ध करें.....

रेलवे स्टेशन से सीधे सेल सिटी गये। वहां से हरमू मैदान पहुंचे। सुसज्जित भव्य पंडाल में जगद्गुरु शंकराचार्य ने विराट धर्मसभा को संबोधित किया। उन्होंने राजनेताओं संदेश देते हुए कहा कि विकास के नाम पर विनाश और उन्माद न फैलायें। विकास की असली शास्त्रीय परिभाषा को समझे बिना विकास कभी नहीं हो सकता है। उन्होंने संदेश दिया की बाल्य काल से ही बालकों को मार्शल आर्ट्स आदि का प्रशिक्षण देना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी तन और मन से स्वस्थ हो। कार्यक्रम के संरक्षक प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ एच पी नारायण ने कहा कि शंकराचार्य जी का दर्शन करना जीवन धन्य हो जाता है। इस मौके पर विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल,लईस मरांडी, आचार्य धर्मेंद्र, आशुतोष तिवारी, सरोज सिंह, ललित ओझा, डॉ समर सिंह, सहित कई भक्तगण उपस्थित थे।

# टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ हैं राहुल

## स्वदेश लौटते ही भाजपा ने बोला चौतरफा हमला, कहा-संसद में माफी मांगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लंदन में भारतीय लोकतंत्र के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर मचे राजनीतिक बवाल के बीच गुरुवार को संसद पहुंचे राहुल गांधी पर भाजपा ने चौतरफा हमला बोला और उन पर भारत विरोधी ताकतों की बोलने तथा टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ खड़े होने का आरोप लगाया। भाजपा नेताओं ने कहा कि विदेशी धरती से भारतीय लोकतंत्र व संसद को गाली देने के बाद स्वदेश लौटे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के मुंह से अपनी टिप्पणियों के लिए खेद स्वरूप एक भी शब्द न निकलना उनके अहंकार को दर्शाता है।

ज्ञात हो कि ब्रिटेन यात्रा से लौटने के बाद पहली बार संसद पहुंचे राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उनसे संसद में अपना पक्ष रखने का मौका देने की अपील की।

इसके बाद राहुल के खिलाफ संसद भवन परिसर में तीन केंद्रीय मंत्रियों ने, तो संसद के बाहर केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मोर्चा संभाला। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही लगातार चौथे दिन हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि कांग्रेस नेता को अपने बयानों के लिए पहले सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए गोयल ने कहा कि वह ऐसे व्यवहार कर रहे हैं मानों देशभक्ति का कोई महान कार्य करने के बाद वह भारत लौटे हों। गोयल ने कहा कि गांधी ने अब तक माफी नहीं मांगकर अपनी और कांग्रेस की छोटी मानसिकता का प्रदर्शन किया है।

संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने कहा कि भारत

- भारत की प्रतिष्ठा पर पहले कभी इस तरह से हमला नहीं हुआ : जोशी
- विदेश में भारत की छवि खराब करने के कृत्यों पर माफी मांगे : ठाकुर

की प्रतिष्ठा पर पहले कभी इस तरह से हमला नहीं हुआ है। राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन विदेशी शक्तियों से हस्तक्षेप की मांग करने से बड़ा कोई अपराध नहीं हो सकता। जिस भारत को पूरी दुनिया लोकतंत्र की जननी के रूप में देखती है उसके लिए राहुल गांधी ने गंभीर अपमानजनक टिप्पणी की है, और इससे पूरे देश में गुस्सा है। उन्होंने कहा कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए क्योंकि सांसद और देश यही मांग कर रहे हैं। जोशी ने जोर देकर कहा कि भाजपा के अलावा अन्य दल भी गांधी से माफी की मांग कर रहे हैं। ज्ञात हो कि हाल ही में लंदन में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि भारतीय लोकतंत्र के ढांचे पर बर्बर हमला हो रहा है।

उन्होंने अफसोस जताया कि अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के लोकतांत्रिक हिस्से इस पर ध्यान देने में नाकाम रहे हैं। राहुल ने व्याख्यान में यह आरोप भी लगाया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट कर रहे हैं। संसद भवन परिसर में ही पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि परदेशी घर आ गये हैं और अब विदेशी सरजमीं से भारत की छवि खराब करने के अपने कृत्यों पर वह माफी मांग लें।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने विदेशी सरजमीं से देश को अपमानित करने का काम किया है। ये टुकड़े-टुकड़े व देश का नामोनिशान मिटाने के सपने देखने वाले गैंग के साथ खड़े



होते हैं। अपनी पार्टी में शामिल करते हैं। अब विदेश में जाकर भारत को बदनाम करने का काम, झूठ बोलने का काम, संसद का अपमान करने का काम किया है। उन्हें सदन में आकर माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने अपने आवास पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर एक संसद सदस्य के भारत विरोधी कृत्य की निंदा सांसद नहीं करेंगे तो लोग उनसे सवाल पूछेंगे कि वे संसद में क्या कर रहे थे ?

रीजीजू ने कहा कि अगर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं, तो भाजपा ना चुप बैठेगी और ना ही उन्हें माफ करेगी। रीजीजू ने कहा कि भारत विरोधी ताकतों और एक गिरोहने विदेशी जमीन पर भारत को बदनाम करने की साजिश रची थी। उन्होंने कहा, हम जनता के हित में बोलते हैं लेकिन भारत विरोधी ताकतें जितनी भी हैं उन सभी की और लाइन एक है, जो श्रीमान राहुल गांधी बोलते हैं। वही भारत के अंदर और वही भारत के बाहर भारत के विरोध में काम करने वाले बोलते हैं। उन्हें संसद में माफी मांगनी होगी।

स्पीड न्यूज

### कोर्ट ने इमरान की पार्टी को रैली रोका

**लाहौर।** लाहौर में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हाल ही में हुई झड़प से दुनिया भर में पाकिस्तान की छवि के धूमिल होने को देखते हुए एक शीर्ष अदालत ने गुरुवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को यहां ऐतिहासिक मीनार-ए-पाकिस्तान में एक रैली आयोजित करने से रोक दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख खान ने मंगलवार को घोषणा की थी कि वह राष्ट्रीय प्रतीक के तौर पर देखे जाने वाले मीनार-ए-पाकिस्तान के समक्ष 19 मार्च को पंजाब में उनकी पार्टी के चुनाव अभियान के हिस्से के रूप में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

### नेपाल के पीएम प्रचंड अप्रैल में आयेंगे भारत

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल ह्यह्यप्रचंडह्णह्ण के अगले महीने आधिकारिक यात्रा पर भारत आने की संभावना है। मीडिया की एक रिपोर्ट में गुरुवार को यह जानकारी दी गई।पिछले साल दिसंबर में तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद प्रचंड का यह पहला विदेशी दौरा होगा।

### असम में गोला-बारूद का जखीरा बरामद

दीफू। असम के कार्बी आंगलोंग जिले में एके श्रृंखला की राइफल और पिस्तौल सहित हथियारों तथा गोला-बारूद का एक गुप्त जखीरा बरामद किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कार्बी आंगलोंग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजीब कुमार सैकिया ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने बुधवार रात दोकमोका थाना क्षेत्र के दोईदक में एक अभियान चलाया और एक एके-56 राइफल, दो पिस्तौल, एक स्टेन गन समेत अन्य गोला-बारूद बरामद किये।

### इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पांच लाख रुपए की इनामी नक्सली ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने बताया कि आमदई एलजीएस की कमांडर महिला नक्सली संतो उर्फ रामे ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

### नेपाल के पीएमओ का ट्विटर हैंडल हुआ हैक

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल प्रचंड के कार्यालय (पीएमओ) के आधिकारिक ट्विटर हैंडल को गुरुवार को कुछ देर के लिए हैक कर लिया गया और उससे दो अनधिकृत ट्वीट किये गये। मीडिया ने यह खबर दी। काठमांडू पोस्ट अखबार ने खबर दी है कि प्रधानमंत्री कार्यालय के ट्विटर हैंडल को हैकरों ने हैक कर लिया और एकाउंट का नाम बदलकर ब्लर कर दिया।

वाणिज्य की खबरें

### शेयर बाजार में गिरावट पर विराम, सेंसेक्स 79 अंक चढ़ा

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले पांच दिन से जारी गिरावट पर बृहस्पतिवार को विराम लगा और कारोबार के अंतिम घंटे में बैंक, ऊर्जा तथा वित्तीय शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 78 अंक से अधिक चढ़कर बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में अच्छी शुरूआत से निवेशकों की धारणा पर सकारात्मक असर पड़ा। हालांकि, स्विट्जरलैंड की वित्तीय सेवा कंपनी क्रेडिट सुइस को लेकर चिंता तथा अमेरिका में दो बैंकों के विफल होने से वैश्विक बैंकिंग प्रणाली को लेकर आशंकाएं बनी हुई हैं। तीस शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 78.94 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,634.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 57,887.46 अंक तक गया और 57,158.69 अंक तक नीचे आया।सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 17 लाभ में रहे। इसी तरह, पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 13.45 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 16,985.60 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 लाभ में रहे।

### पतंजलि फूड एफपीओ अप्रैल में

नयी दिल्ली। पतंजलि फूड्स लि. ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने के लिये अप्रैल में अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) लाएगी। कंपनी ने यह भी कहा कि शेयर बाजारों के पंतजलि फूड्स के प्रवर्तकों के शेयर के लेन-देन पर रोक लगाये जाने से उसके परिचालन पर असर नहीं पड़ेगा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बीएसई ने बाबा रामदेव की अगुवाई वाले पतंजलि समूह की कंपनी पंतजलि फूड्स के प्रवर्तकों के शेयर जब्त किए हैं। कंपनी देश की प्रमुख खाद्य तेल कंपनी है। रामदेव ने बताया कि निवेशकों को और सार्वजनिक शेयरधारकों को आश्वस्त किया कि इससे पतंजलि फूड्स लि. (पीएफएल) के कामकाज और वित्तीय प्रदर्शन पर असर नहीं पड़ेगा तथा वृद्धि की गति बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि निवेशकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। रामदेव ने कहा कि सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रवर्तकों के शेयरों पर पहले से ही सूचीबद्ध होने की तारीख से एक वर्ष यानी आठ अप्रैल, 2023 तक लेन-देन पर रोक है। ऐसे में शेयर बाजारों के इस कदम का पीएफएल के कामकाज पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा।

## जासूसी मामले में सिसोदिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ जासूसी मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है, जो सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के फीडबैक यूनिट से संबंधित है। उनके और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ 14 मार्च को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी में कहा गया है कि उन्हें एलजी कार्यालय से इस संबंध में शिकायत मिली है। इसके बाद प्राथमिक जांच दर्ज की गई। पीई ने खुलासा किया कि फीडबैक यूनिट (एफबीयू) के निर्माण को 29 सितंबर, 2015 को एक कैबिनेट निर्णय द्वारा अनुमोदित किया गया था, जिसे दिल्ली के



मुख्यमंत्री की स्वीकृति के साथ टेबल्ड आइटम के आधार पर लिया गया था। एफबीयू का जनादेश था जीएनसीटीडी के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न विभागों/स्वायत्त निकायों/संस्थाओं के कामकाज के बारे में प्रासंगिक जानकारी और कार्रवाई योग्य प्रतिक्रिया एकत्र करें और ट्रैप मामलों का संचालन करें।

## तेजस्वी 25 मार्च को होंगे सीबीआइ के समक्ष पेश

### रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामला

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को आश्वासन दिया कि वह इस महीने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को गिरफ्तार नहीं करेगा, जिसके बाद नेता ने जमीन के बदले नौकरी मामले में पूछताछ के लिए 25 मार्च को एजेंसी के समक्ष पेश होने को लेकर सहमति जतायी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सीबीआई के वकील का बयान दर्ज किया कि एजेंसी की इस महीने तेजस्वी यादव को गिरफ्तार करने की कोई योजना नहीं है। इस आश्वासन के बाद तेजस्वी यादव की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि उनके मुवक्किल 25 मार्च को सीबीआई के दिल्ली मुख्यालय में जांच अधिकारी के समक्ष पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे पेश होंगे। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर



करने के बाद उस याचिका का निपटारा किया, जिसमें तेजस्वी यादव ने केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को रद्द करने का अनुरोध किया था। राजद के प्रमुख एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के बेटे तेजस्वी ने याचिका में कहा था कि उन्होंने कई पत्रों के माध्यम से जांच अधिकारी से अनुरोध किया कि उन्हें कुछ समय दिया जाए क्योंकि बिहार विधानसभा का वर्तमान सत्र पांच अप्रैल तक चलेगा। तेजस्वी ने कहा कि उन्होंने अनुरोध किया था कि या तो उन्हें पटना स्थित सीबीआई कार्यालय में उपस्थित होने की अनुमति दी जाए या अगर उनसे कोई जानकारी या दस्तावेज चाहिए तो वह नयी दिल्ली में अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उसे मुहैया करा देंगे। वहीं, न्यायाधीश ने सुझाव दिया कि पांच अप्रैल तक सीबीआई वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए तेजस्वी यादव से पूछताछ के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर सकती है, इस पर सीबीआई की ओर से पेश वकील ने कहा कि यादव का व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहना जरूरी है क्योंकि उन्हें कुछ दस्तावेज दिखाने होंगे और एजेंसी का आरोपपत्र तैयार है, जिसे इसी महीने अदालत में दाखिल करना है।




## भारतीय-अमेरिकी बच्चे ने प्रतिष्ठित विज्ञान प्रतिभा खोज पुरस्कार जीता

**वाशिंगटन।** मिशिगन में भारतीय मूल के एक किशोर ने अमेरिका में हाईस्कूल छात्रों को दिया जाने वाला सबसे प्रतिष्ठित विज्ञान प्रतिभा खोज पुरस्कार जीत लिया है। नील मुद्गल (17) को 2023 की रीजेनरॉन साइंस टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में एक ऐसा कंप्यूटर मॉडल बनाने के लिए 2.50 लाख डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा, जो आसानी से उपलब्ध डेटा का इस्तेमाल करके राइबोन्यूक्लिक एसिड (आरएनए) के अणुओं की संरचना का त्वरित एवं सटीक अनुमान लगाने में सक्षम है। यह प्रतियोगिता अमेरिका में हाईस्कूल के छात्रों के लिए आयोजित की जाने वाली सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित विज्ञान एवं गणित प्रतियोगिता है। मुद्गल ने कहा कि कि उनका कंप्यूटर



मॉडल कुछ बीमारियों के निदान और उपचार की प्रक्रिया को आसान बनाएगा।मुद्गल के कंप्यूटर मॉडल में किसी आरएनए अणु की आणविक संरचना के आधार पर उसके संभावित आकार पर प्रकाश डालने वाली एक लाइब्रेरी मौजूद है।

### बाइडेन के करीबी एरिक गासेर्टी भारत में अमेरिका के राजदूत होंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के करीबी एरिक गासेर्टी भारत में अमेरिका के राजदूत होंगे। सीनेट ने उनके नामंकन की पुष्टि करते हुए करीब दो साल से खाली पड़े प्रमुख राजनयिक पद को भरने की राह साफ कर दी। सीनेट ने 42 के मुकाबले 52 मतों से उनके नामांकन की पुष्टि की। तीन डेमोक्रेटिक सदस्यों ने गासेर्टी का समर्थन नहीं किया।

हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी के सात सदस्यों ने उनका साथ दिया, जिससे उनके नामांकन की पुष्टि संभव हो पाई। सीनेट की विदेशी संबंधों से जुड़े मामलों की समिति ने पिछले सप्ताह गासेर्टी के नामांकन को आठ के मुकाबले 13 मतों से मंजूरी दी थी। सीनेट इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष सीनेटर मार्क वार्नर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत संबंध है, जिसके रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व हैं। वार्नर ने कहा कि सीनेट इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष के रूप में मुझे खुशी है कि अंततः भारत में सीनेट द्वारा अधिकृत राजदूत होगा। गासेर्टी लॉस एंजिलिस के पूर्व मेयर हैं।

## भोजपुरी अवार्ड में छा गये जैकलिन और गोविंदा

**दुबई ।** छठे इंटरनेशनल भोजपुरी फिल्म अवार्ड 2023 का आयोजन हुआ। जहां पहली बार भोजपुरी अवॉर्ड शो में शामिल हुई जैकलिन फर्नांडीस का धमाल परफॉर्मेंस और हीरो नंबर 1 गोविंदा का जलवा देखने को मिला, वहीं सांसद मनोज तिवारी, जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ, पावर स्टार पवन सिंह, भोजपुरी स्क्रीन की मोस्ट प्रामिसिंग एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे, निमार्ता निशांत उज्ज्वल, निर्देशक रजनीश मिश्रा और रंजन सिन्हा समेत अन्य विभिन्न कटेगरी में फिल्म जगत से जुड़े लोगों को सम्मानित भी किया गया। भोजपुरिया झूमादे बुर्ज खलीफा की थीम पर आयोजित आइबीएफए 2023 में मुख्य आकर्षण रही



बॉलीवुड की अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीस, जिन्होंने इस अवॉर्ड समारोह में शिरकत करते हुए हॉल में मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं गोविंदा ने भी इस दौरान लोगों का खूब मनोरंजन किया। उन्होंने अपने डांस और ह्यूमर, हर मामले मेंआइबीएफए के मंच हाई जैक कर लिया।

### रश्मि देसाई ने भी दिखाए लटके-झटके



बिग बॉस फेम रश्मि देसाई ने भी अपने लटके-झटकों से सबका मन मोह लिया। उन्होंने एक के बाद एक चार्ट बस्टर गानों पर लाजवाब डांस मूव्स से लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके भोजपुरी सितारों ने भी अपने गानों पर हसीन और यादगार बनाने में को कसर नहीं छोड़ी।

